3 राजधानी
गोमतीनगर में व्यवसायिक निर्माण सील

6 अभिमत
प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश जरूरी

10 विदेश
आत्मघाती हमले में चार लोगों की मौत

12 स्पोर्ट्स
भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराया



RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 44
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 1 दिसम्बर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





कांग्रेस ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट पैदा किया
राष्ट्रीय-9


# गुजरात में शायद आप का खाता भी न खुले, कांग्रेस संकट के दौर में: शाह

**गुजरात चुनाव**

**भाषा।** अहमदाबाद



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की चुनौती को तवज्जो न देते हुए दावा किया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी शायद अपना खाता भी न खोल सके। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई द्वारा अपने संकल्प पत्र में कट्टरपंथ विरोधी प्रकोष्ठ (एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल) स्थापित करने के वादे को एक अच्छी पहल करार दिया और कहा कि इस पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारें भी विचार कर सकती हैं।भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है।

एक साक्षात्कार में शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान गुजरात के सर्वांगीण विकास और तुष्टीकरण कतई बर्दाश्त ना करने की नीति को पिछले 27 वर्षों में लोगों द्वारा बार-बार भाजपा पर विश्वास जताने का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा, गुजरात में भाजपा अप्रत्याशित जीत दर्ज करेगी। लोगों को हमारी पार्टी और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है। गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से शाह लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं और तकरीबन हर दिन पांच जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।गुजरात विधानसभा चुनाव में आप की दस्तक के सवाल पर शाह ने कहा, हर पार्टी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे उस पार्टी को स्वीकार करते हैं या नहीं। उन्होंने कहा, गुजरात के लोगों के दिमाग में आप कहीं नहीं ठहरती है। चुनाव नतीजों का इंतजार कीजिए, शायद आप उम्मीदवारों का नाम सफल उम्मीदवारों की सूची में आए ही नहीं। गुजरात में आम तौर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला होता रहा है लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप ने मोदी के गृह राज्य में आक्रामक प्रचार अभियान के जरिए कई इलाकों में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से मिल रही चुनौती पर शाह ने कहा, कांग्रेस अब भी मुख्य विपक्षी पार्टी है, लेकिन वह राष्ट्रीय स्तर पर संकट के दौर से गुजर रही है और इसका असर गुजरात में भी दिख रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पुछे जाने पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा राजनीति में सतत प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि नेताओं को परिश्रमी होना चाहिए और जब कोई परिश्रम करता है तो अच्छा लगता है। लेकिन राजनीति में सतत प्रयास से ही परिणाम मिलते हैं। इसलिए इंतजार करिए और देखिए कि क्या परिणाम आता है। शाह अपनी चुनावी जनसभाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को भी जोरशोर से उठा रहे हैं।

## पहले चरण में आज 89 सीटों पर होगा मतदान

**विधानसभा** चुनाव के पहले चरण के लिए गुरुवार को सौराष्ट्र-कच्छ और राज्य के दक्षिणी हिस्सों के 19 जिलों में फैली 89 सीटों पर मतदान होगा, जहां 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुरुवार को 14,382 मतदान केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

पहले चरण के मतदान में जाने वाली 89 सीटों में से, 2017 के चुनाव में भाजपा ने 48 पर जीत हासिल की थी, कांग्रेस को 40 सीटें मिली थीं, जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा जमाया था। इस बार भी मुकाबला कांटे का है। गुजरात में पहले चरण में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के अलावा, 36 अन्य राजनीतिक संगठन मैदान में हैं। इनमें बहुजन समाज पार्टी (बसपा), समाजवादी पार्टी (सपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम और भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) शामिल हैं।

बीजेपी और कांग्रेस सभी 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि आप 88 सीटों पर मैदान में है। सूरत पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से आप के उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी, जिससे पार्टी को पहले चरण में चुनाव लड़ने के लिए एक सीट कम मिली थी। अन्य पार्टियों में बसपा ने 57, बीटीपी ने 14 और माकपा ने चार उम्मीदवार उतारे हैं। पहले चरण के मतदान में 339 निर्दलीय भी मैदान में हैं।

# आपदा प्रबंधन को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए: योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● सीएम ने किया राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के तृतीय क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए सतर्कता और जागरूकता को बढ़ाये जाने की जरूरत बताई है।

आपदा प्रबंधन को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा है कि अगर लोगों को यह पता होगा कि बाढ़, भूकम्प, आकाशीय बिजली, अग्निकांड आदि के समय उन्हें कैसी सावधानियां बरतनी चाहिए, तो निश्चित ही बड़ी जनहानि से बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री बुधवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित विभिन्न राज्यों के आपदा प्रबंधन प्रधिकरणों के इस दो दिवसीय तृतीय क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद। आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने मिर्जापुर और सोनभद्र जैसे जिलों में आकाशीय बिजली से होने वाली जनहानि की जानकारी देते हुए इसे रोकने के लिए अलर्ट सिस्टम को और बेहतर करने की आवश्यकता जताई। मुख्यमंत्री ने आपदाओं की रोकथाम में आपदा मित्रों की भूमिका की सराहना करते हुए इस कार्य में ग्राम पंचायतों को जोड़ने और आपदा मित्रों की संख्या बढ़ाने पर भी बल दिया।

# बहराइच में बस को ट्रक ने मारी टक्कर, छह की मौत

**भाषा।** बहराइच

**लखनऊ-बहराइच** राजमार्ग पर बुधवार सुबह रोडवेज बस को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र सिंह ने बताया कि हादसा सुबह साढ़े चार बजे के करीब हुआ जब बहराइच से लखनऊ जा रहे ट्रक ने लखनऊ से बहराइच आ रही रोडवेज बस को टक्कर मार दी। हादसा जरवल रोड थाना क्षेत्र के तप्पेसिंह पानी की टंकी के समीप हुआ। उन्होंने बताया कि इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि बस लखनऊ से रूपैडिहा जा रही थी जबकि ट्रक बहराइच से लखनऊजा रहा था। सिंह ने बताया कि ट्रक ड्राइवर वाहन समेत मौके से फरार हो गया है।

## सीएम ने जताया शोक

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। सीएम ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। इसके साथ ही डीएम और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य को युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए हैं।

**जियाउल हक हत्याकांड**


# मुल्जिम मंजीत यादव की जमानत याचिका मंजूर

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 2013 में प्रतापगढ़ के कुंडा में तैनात रहे सीओ जियाउल हक की हत्या के मामले में निरुद्ध मुल्जिम मंजीत यादव की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। पीठ ने नौ साल तक जेल में रहने के आधार पर इसकी जमानत मंजूर की है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मंजीत यादव की जमानत याचिका पर दिया है। दो मार्च 2013 को सीओ जियाउल हक की प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। मुल्जिम पर जियाउल को हाकी से मारने का इल्जाम है। याचिका में कहा गया था कि इस मामले में एक अन्य मुल्जिम की जमानत हो चुकी है। वह भी नौ साल से न्यायिक हिरासत में जेल में है। जबकि इस मामले का विचारण अभी चल रहा है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से जमानत याचिका का विरोध किया गया। कहा गया कि मुल्जिम पर सीओ जियाउल हक को निर्ममता से मारने का आरोप है। उसके पास से खून लगी हॉकी भी बरामद हुई थी।

# बिल्कीस बानो की याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**बिल्कीस** बानो ने 2002 के दुष्कर्म और हत्या मामले में दोषियों को सजा में छूट देने तथा उन्हें रिहा किए जाने को चुनौती देते हुए बुधवार को उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने वकील शोभा गुप्ता की उन दलीलों पर गौर किया कि पीड़िता ने खुद दोषियों को सजा में छूट देने तथा उनकी रिहाई को चुनौती दी है तथा मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। उन्होंने कहा कि सजा में छूट के खिलाफ ऐसी ही अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली पीठ का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी अब संविधान पीठ का हिस्सा हैं। सीजेआई ने कहा, सबसे पहले पुनर्विचार याचिका की सुनवाई होगी। इसे न्यायमूर्ति रस्तोगी के समक्ष पेश करने दीजिए। जब बानो की वकील ने कहा कि मामले की सुनवाई खुली अदालत में की जानी चाहिए तो पीठ ने कहा, केवल संबंधित अदालत उस पर फैसला कर सकती है। सीजेआई ने कहा कि वह इस मुद्दे पर शाम को फैसला लेंगे।

इससे पहले, न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा था कि वह मामले में दोषियों को सजा में छूट देने तथा उन्हें रिहा करने को चुनौती देने वाली, महिला संगठन नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की याचिका पर सुनवाई करेगी। सामूहिक दुष्कर्म के इस मामले में 2002 में हुए गुजरात दंगों के दौरान बानो के परिवार के सात सदस्यों की हत्या का मामला भी शामिल है।

# जीडीपी वृद्धि दर दूसरी तिमाही में घटकर 6.3 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में धीमी पड़कर 6.3 प्रतिशत रही। मुख्य रूप से विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर सुस्त पड़ी है। हालांकि भारत दुनिया में सबसे तीव्र वृद्धि दर हासिल करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। चीन की वृद्धि दर 2022 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3.9 प्रतिशत रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 8.4 प्रतिशत थी। वहीं पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2022) में यह 13.5 प्रतिशत रही थी। जीडीपी देश की भौगोलिक सीमा में एक निश्चित समय अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। दूसरी तिमाही की यह वृद्धि दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.1-6.3 प्रतिशत रहने के अनुमान के अनुरूप ही है।

# श्रृंगार गौरी की पूजा के मामले में अगली सुनवाई पांच दिसंबर को

**भाषा।** प्रयागराज



**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि पांच दिसंबर तय की है। अंजुमन इंतेजामिया ने वाराणसी की अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें पांच हिंदू महिलाओं द्वारा दायर वाद के गुण-दोष को लेकर उसकी आपत्ति खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख पांच दिसंबर तय की।

हिंदू महिलाओं ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में श्रृंगार गौरी औ2353ी अन्य देवी देवताओं की नियमित पूजा अर्चना करने की अनुमति मांगी है। वाराणसी के जिला न्यायाधीश ने 12 सितंबर को ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति- अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की याचिका खारिज कर दी थी जो पांच हिंदू महिलाओं द्वारा दायर वाद की पोषणीयता को चुनौती देते हुए दायर की गई थी। याचिका खारिज करते हुए वाराणसी के जिला न्यायाधीश ने कहा था कि संबंधित हिंदू महिलाओं का वाद, पूजा स्थल अधिनियम, वक्फ कानून और यूपी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम से बाधित नहीं होता।

ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने के मामले में अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 18 जनवरी, 2023 तय की है। वाराणसी के जिला न्यायाधीश ने कथित शिवलिंग का वैज्ञानिक ढंग से काल निर्धारण करने के लिए कार्बन डेटिंग की मांग खारिज कर दी थी जिसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 63,099 | ↑ 417 | |
| निफ्टी | 18,758 | ↑ 140 | |
| सोना | 53,300 | ↓ 71 | /10g |
| चांदी | 63,199 | ↓ 66 | /kg |

## क्विक न्यूज

### विशेष अदालत ने नवाब मलिक को जमानत देने से किया इनकार

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े एक भूमि सौदे से संबंधित कथित धनशोधन मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को बुधवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। धनशोधन रोकथाम कानून संबंधी मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश आर. एन. रोकड़े ने मलिक की जमानत याचिका खारिज कर दी। विस्तृत आदेश बाद में उपलब्ध होगा। अदालत ने आदेश सुनाते हुए कहा कि धनशोधन रोकथाम कानून की धारा 45 के तहत निर्धारित दो शर्तें पूरी नहीं हुईं। धारा 45 के अनुसार पीएमएलए मामलों में किसी आरोपी को अदालत जमानत दे सकती है, अगर यह मानने का उचित आधार है कि आरोपी प्रथम दृष्टया अपराध का दोषी नहीं है, और रिहा होने के बाद वह कोई अपराध नहीं करेगा।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पीएफआई पर प्रतिबंध बरकरार रखा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा हाल में लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। प्रतिबंध को बेंगलुरु निवासी और प्रतिबंधित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नासिर अली ने चुनौती दी थी। सरकार ने आतंकी गतिविधियों में कथित रूप से संलिप्तता और आतंकवादी संगठनों से संबंध होने के कारण पीएफआई एवं उससे संबद्ध कई अन्य संगठनों पर कड़े आतंकवाद-रोधी कानून के तहत 28 सितंबर को पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार के आदेश में कहा गया था कि पीएफआई के कुछ संस्थापक सदस्य स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के नेता हैं और पीएफआई के तार जमात-उल-मुजाहिदीन, बांग्लादेश (जेएमबी) से भी जुड़े हैं।

# भारत से रिश्तों में दखल देने से बचे अमेरिका

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/वाशिंगटन



**चीन की चेतावनी**

**लद्दाख** में सीमा पर अभी भी बरकरार तनाव के बीच चीन ने बुधवार को अमेरिका को भारत के साथ अपने संबंधों में दखल देने से बचने की चेतावनी दी है। चीनी सैन्य निर्माण पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में पेंटागन ने कहा है कि लद्दाख में भारत के साथ गतिरोध से उपजे संकट की गंभीरता को चीनी अधिकारियों ने बहुत कम करके दिखाने की कोशिश की है। इस रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कई इलाकों में भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच गतिरोध पैदा हुआ है।

पेंटागन ने मंगलवार को पेश रिपोर्ट में कहा है कि एलएसी पर भारत के साथ टकराव के बीच चीनी अधिकारियों ने संकट की गंभीरता को कमतर दिखाने की कोशिश की है और इस बात पर जोर दिया है कि चीन की मंशा सीमा पर स्थिरता कायम करना और भारत के साथ उसके द्विपक्षीय संबंधों के अन्य क्षेत्रों को गतिरोध से होने वाले नुकसान से बचाना है। चीन की सैन्य निर्माण क्षमता पर कांग्रेस को दी गई अपनी हालिया रिपोर्ट में पेंटागन ने कहा कि चीनी गणराज्य (पीआरसी) तनाव कम करने की कोशिशों में जुटा है, ताकि भारत अमेरिका के और करीब नहीं जाए। पीआरसी के अधिकारियों ने अमेरिकी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे भारत के साथ पीआरसी के संबंधों में हस्तक्षेप न करें।

पेंटागन ने कहा कि वर्ष 2021 के दौरान पीएलए ने भारत-चीन सीमा के एक खंड पर सैन्य बलों की तैनाती बरकरार रखी और एलएसी के पास बुनियादी ढांचे का निर्माण भी जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि गतिरोध के समाधान के लिए भारत और चीन के बीच वार्ता में न्यूनतम प्रगति हुई है, क्योंकि दोनों पक्ष सीमा पर अपने-अपने स्थान से हटने का विरोध करते हैं।

## चीन के पास 2035 तक 1,500 परमाणु आयुध भंडार होंगे: पेंटागन

**वाशिंगटन( भाषा )।** चीन के पास 2035 तक करीब 1,500 आयुध भंडार होने की संभावना है। अभी उसके पास अनुमानित रूप से 400 आयुध भंडार हैं। पेंटागन ने यह जानकारी दी। चीन के महत्वाकांक्षी सैन्य कार्यक्रम पर संसद में दी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में पेंटागन ने मंगलवार को कहा कि अगले दशक तक बीजिंग का उद्देश्य अपनी परमाणु ताकतों का आधुनिकीकरण करना, उसमें विविधता लाना और उसका विस्तार करना है। उसने कहा कि चीन की मौजूदा परमाणु आधुनिकीकरण की कवायद पहले की आधुनिकीकरण की कोशिशों के मुकाबले कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन जमीन, समुद्र और वायु आधारित परमाणु मंचों की संख्या बढ़ा रहा है और अपने परमाणु बलों का विस्तार करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। पेंटागन ने कहा कि उसका अनुमान है कि चीन का संचालनात्मक परमाणु आयुध भंडार 400 के पार चला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की 2035 तक अपने राष्ट्रीय रक्षा और सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण पूरा करने की योजना है। इसमें कहा गया है, अगर चीन इसी गति से परमाणु विस्तार करता है तो 2035 तक करीब 1,500 आयुध भंडार कर सकता है।

# ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े जबरन वसूली मामले में पिंकी ईरानी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े जबरन वसूली मामले में पिंकी ईरानी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। ईरानी ने ही कथित तौर पर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज का ठग सुकेश चंद्रशेखर से परिचय कराया था। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा कि मुंबई निवासी ईरानी, आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कार्यालय में जांच में शामिल हुई। नलवा ने कहा, (ईरानी के खिलाफ) पर्याप्त सबूत होने के बाद उसे इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है और अदालत में पेश किया गया है, जहां से उसे तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। आगे की जांच जारी है। दिल्ली की एक अदालत ने चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को मंगलवार को यह कहते हुए नियमित जमानत दे दी कि आरोपी को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था।

# अपराधी व उनके संरक्षणदाता निवेश के सबसे बड़े दुश्मन

## गीडा के स्थापना दिवस पर सीएम ने 504 करोड़ की निवेश परियोजनाओं का किया उद्घाटन

● प्लास्टिक पार्क, रेडीमेड गारमेंट पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री की मिली सौगात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपराधी और उनके संरक्षणदाता निवेश के सबसे बड़े दुश्मन होते हैं। प्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही अपराधियों और उनके संरक्षणदाताओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य है।

सीएम योगी बुधवार शाम गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री ने 504 करोड़ रुपये की 133 निवेश परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास, 260 करोड़ रुपये के 49 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ 1200 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं के 24 निवेशकों को भूमि आवंटन प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था। यहां गुंडागर्दी, अराजकता व सत्ता संरक्षित अपराध का बोलबाला था जबकि आज सर्वाधिक सुरक्षित माहौल प्रदेश में है। अपराध पर नकेल कसने के साथ ही सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था से निवेशकों को सुविधा दी। निवेश मित्र पोर्टल के सिंगल विंडो से ऑटो मोड पर 340 से अधिक सेवाएं निवेशकों के लिए उपलब्ध है। यह देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो सिस्टम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निवेशकों के लिए 25 सेक्टर चिन्हित किए हैं। इन सेक्टरों से जुड़े इंसेंटिव भी पोर्टल के माध्यम से ऑटो मोड पर निवेशकों को प्राप्त होते रहेंगे। किसी भी कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इन सारी व्यवस्थाओं की निगरानी व समीक्षा मुख्यमंत्री कार्यालय स्वयं करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश इज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में देश में नंबर दो के पायदान पर है और शीघ्र ही इसे नंबर एक पर लाने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। यूपी में पर्याप्त लैंड बैंक है तो एमएसएमई की इकाइयों को शुरुआती 1000 दिन तक एनओसी लेने की बाध्यता नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवाहन किया कि 10 से 12 फरवरी 2023 तक होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गोरखपुर के निवेशक भी भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि जो पूंजी रोजगार का सृजन करें वह निवेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मनसा अगले 5 सालों में देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की है। इसके लिए उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन की भूमिका में होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 5 वर्षों में गीडा की विकास यात्रा शानदार रही है। और अधिक प्रगति के लिए गीडा का लैंड बैंक बढ़ाया जाए। धुरियापार तक विस्तार करते हुए बेहतर कनेक्टिविटी दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों की दृष्टि से उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना भी होनी चाहिए। जब अपने ही क्षेत्र की फैक्ट्री में रोजगार मिलने लगेगा तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गीडा को स्वयं तथा उद्यमियों के साथ मिलकर प्रयास करना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि आज के दौर में किसी भी उत्पाद की डिजाइनिंग व पैकेजिंग का भी बड़ा महत्व है। अच्छी डिजाइनिंग व पैकेजिंग के बिना उत्पाद को अपेक्षित महत्ता नहीं मिल पाती है। उन्होंने गीडा को पैकेजिंग इंस्टिट्यूट खोलने की तैयारी करने का भी निर्देश दिया।

# कवाल का बवाल सपा और लोकदल की देन



● खतौली विधानसभा उपचुनाव में सीएम ने राजकुमारी सैनी के लिए मांगा वोट

पायनियर समाचार सेवा। खतौली, लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुजफ्फरनगर के खतौली विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के पक्ष में सभा को संबोधित कर जनसमर्थन मांगा। मुख्यमंत्री ने खतौली के मतदाताओं से अपील की कि 5 दिसंबर की सुबह लाइन में लग जाना जिससे 8 को जब परिणाम आए तो सिर्फ और सिर्फ कमल खिले। 17 और 22 को जोड़कर ब्याज के साथ भाजपा प्रत्याशी को राजकुमारी बना दीजिए। सीएम ने कहा कि कवाल का बवाल सपा का कलंक है। यह सपा और लोकदल के संयुक्त गठबंधन सरकार की देन थी जो क्रूर अत्याचार नौजवानों और स्थानीय लोगों पर किया गया। निर्दोष सचिन व गौरव की शहादत को कौन भूल सकता है। जिन्होंने इन पर कहर ढाया था, उनके साथ क्या हुआ। यह आप देख रहे हैं। विक्रम सिंह सैनी ने परिवार नहीं, यहां के सम्मान के लिए सदस्यता गंवाई है। बिना हिले, झुके व डिगे विक्रम सैनी कार्य करते रहे। सीएम ने कहा कि कवाल के बवाल के समय सपा के नेता नहीं आ सकते थे लेकिन लोकदल के नेता कहां थे। पहले कैराना व कांधला में गुंडा टैक्स वसूली होती थी। राहगीरों की हत्या करते थे। किसान खेत और बहन-बेटियां स्कूल व बाजार नहीं जा पाती थीं। हमने यूपी की कानून व्यवस्था को नजीर बनाया। भाजपा सरकार में व्यापारी फिर से कैराना और कांधला आए, जिससे फिर से यहां रौनक दिख रही है। गुंडा टैक्स बंद हो गया। सपा और लोकदल की जोड़ी फिर से गुंडा टैक्स प्रारंभ करने की साजिश रच रही है। तालिबान जैसा शासन चाहते हैं लेकिन गारंटी देता हूं कि डबल इंजन की सरकार गुंडागर्दी को पनपने नहीं देगी। हमने विकास में कोई भेदभाव नहीं किया। सारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल रहा है। सबका साथ, सबका विश्वास का नारा चरितार्थ हो रहा है।

सीएम ने कहा कि मुजफ्फरनगर की धरती को मां गंगा व यमुना का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गंगनहर से खतौली विधानसभा क्षेत्र मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करता है। यह धरती धर्म की है। यह शांति का संदेश देती है। जब-जब धर्म पर संकट आया तो तब-तब इस धरती ने क्रांति का संदेश भी दिया है। आज भी यहां का किसान मेहनत व पुरुषार्थ से गन्ने की मिठास से जन-जन को देता है। एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल इसी खतौली में है। सीएम ने कहा कि सपा अराजकता की सरकार थी। सत्ता प्रायोजित अपराध होते थे। सुरक्षा और आस्था से खिलवाड़ की छूट किसी को नहीं है। 2017 में मैंने कहा कि कांवड़ यात्रा होगी। सुरक्षा सरकार देगी। हमने गंगनहर की दोनों पटरियों को आवागमन के लिए निर्विघ्न रूप से बढ़ाने की योजना बनाई। भाजपा ही आस्था का सम्मान करती है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भाजपा ही करा रही है। मथुरा, वृंदावन सज संवर रहे हैं।

# ईज ऑफ डूइंग में यूपी की छवि को रखें निवेशकों के सम्मुख: शाही

● कृषि मंत्री ने मेक्सिको, सल्वाडोर तथा ब्राजील जा रहे प्रतिनिधि मंडल से की रणनीति विषयक चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग में उत्तर प्रदेश की उन्नत स्थिति का संदेश निवेशकों तक पहुंचाना होगा। साथ ही ईज ऑफ डूइंग में यूपी की सुधरी छवि को निवेशकों के सम्मुख रखना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि तथा कृषि संबंधित क्षेत्रों पशुपालन, डेयरी, गन्ना, मत्स्य पालन, पोल्ट्री, खाद्य प्रसंस्करण इत्यादि क्षेत्रों में विदेशी निवेश की अपार संभावनाएं हैं, आवश्यकता है निवेशकों को उसके संबंध में सही जानकारी उपलब्ध कराने की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह बात बुधवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए अमेरिका के विभिन्न देशों में भ्रमण पर जा रहे प्रतिनिधि मंडल के उच्चाधिकारियों से रणनीति विषयक चर्चा में कही। इस बैठक के तुरंत बाद उन्होंने उर्वरक तथा उसकी आपूर्ति से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। सूर्य प्रताप शाही ने 7 दिसंबर को मैक्सिको, सल्वाडोर तथा साओपालो जा रहे उच्च स्तरीय दल के कुछ अधिकारियों के साथ रणनीति विषयक बैठक में कहा कि हमें अपने प्रदेश में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, वैल्यू एडिशन, पैकेजिंग, टेट्रा पैकिंग इथेनॉल जैसी संभावनाओं के लिए विदेशी निवेशकों को आकर्षित करना होगा। इसके लिए उनके समक्ष स्पष्ट और पारदर्शी रणनीति को प्रस्तुत करना आवश्यक है। श्री शाही ने उक्त बैठक के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्रों में उर्वरक की उपलब्धता एवम आपूर्ति के सन्दर्भ में समीक्षा बैठक की।

# किसी भी जिले में छुट्टा न घूमें गोवंश: सीएस

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी कमिश्नर व डीएम के साथ मुख्य सचिव ने समीक्षा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव ने मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को धान खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की धान तौलाई में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए डिजिटल सिस्टम का प्रयोग किया जाए। मुख्य सचिव ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कृषि, नियोजन, पशुधन, स्वास्थ्य, खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी जनपद में कहीं भी गोवंश छुट्टा न घूमें। छुट्टा जानवरों से किसानों की फसल बचाने के लिये हर जनपद में तेजी से अभियान चलाकर छुट्टा गोवंश को पकड़कर गो-आश्रय स्थल में लाया जाए, जहां उनकी समुचित देखभाल की जाए। इसके अलावा जिन जनपदों में डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट की स्थापना नहीं हुई है वहां यूनिट की स्थापना शीघ्र करायी जाए। गोशालाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विजन-2047 कानपुर की तर्ज पर हर एक जनपद को कैसे विकसित करना है, इस पर सभी वर्गों के साथ मंथन की जरुरत है। आज का दौर टेक्नोलॉजी का है, इस कार्य में टेक्नोलॉजी का भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डेंगू के केसेज में कमी आई है लेकिन निरंतर सावधानी बरतने की जरूरत है। चिन्हित किए गए हाई रिस्क क्षेत्रों में नगर विकास और पंचायती राज विभागों के सहयोग से सघन फॉगिंग एवं लारवीसाईडल स्प्रे कराया जाए। प्रदेश में दिमागी बुखार में विगत वर्ष की तुलना में रोगियों की संख्या तथा मृत्यु दर में कमी आई है लेकिन बस्ती, सिद्धार्थनगर, बहराइच और गोंडा जनपदों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

### शासन के सभी विशेष सचिवों को सुपर एक्टिव होने की जरूरत

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने विशेष सचिवों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस विभाग में तैनात हैं, उस विभाग में कुछ नया करने का लक्ष्य निर्धारित करें। विभाग को और बेहतर बनाने का प्रयास करें। अन्य राज्यों के बारे में अध्ययन कर उत्तर प्रदेश में क्या नया कर सकते हैं, इस पर विचार-विमर्श करने की जरूरत है। मुख्य सचिव बुधवार को योजना भवन में उत्तर प्रदेश सचिवालय में तैनात समस्त विशेष सचिवों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को और बेहतर बनाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। इसमें सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण हैं। आप सभी लोगों को सुपर एक्टिव होने की जरूरत है।

### होटल, रिजॉर्ट परियोजनाओं को आतिथ्य उद्योग का दर्जा देकर मिलेगी सब्सिडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नई** पर्यटन नीति 2022 पर्यटन के क्षेत्र में उभरते नये रुझानों, पर्यटन संस्थाओं, व्यापारिक एवं वाणिज्यिक संगठनों सहित विभिन्न हितधारकों द्वारा दिए गए अध्यावेदनों और अन्य विभागों से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए बनायी गयी है। मुख्य रूप से प्रदेश के जिला पर्यटन व संस्कृति परिषदों और नीति कार्यान्वयन समितियों एवं अन्तरविभागीय समन्वय के माध्यम से तेजी से कार्यान्वयन और प्रदेश में पर्यटन उद्योग को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई है। पर्यटन विभाग के अनुसार इस नीति से उत्तर प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा हासिल होगा तथा पर्यटन क्षेत्र के विविध आयामों का विकास संभव हो सकेगा। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा। इसके साथ ही प्रदेश की समेकित संस्कृति एवं परम्परा को बढ़ावा मिलेगा। नई पर्यटन नीति से पर्यटन क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास से घरेलू एवं विदेशी पर्यटन में बढ़ोत्तरी होगी। विविध पर्यटन आकर्षणों की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। भारत में घरेलू पर्यटकों एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन के दृष्टिकोण से यूपी का क्रमश: एवं तीसरा स्थान है। अपने गौरवशाली व ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक व वनसंपदा के कारण प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।

# सपा की गालियों का जवाब मैनपुरी की जनता कमल खिलाकर देगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव को सामंतवादी सोच का पोषक बताया। उन्होंने कहा कि इसी सामंतवादी सोच के चलते सपा की सरकार और संगठन दोनों में ही चाचा भतीजा का ही राज चला। ये कुनबा पिछड़े, दलित, शोषित, वंचित और गरीब को आगे बढ़ते देखना पसंद नहीं करता। उन्होंने कहा कि आज शिवपाल सिंह यादव ने जिस अमर्यादित भाषा का प्रयोग रघुराज सिंह शाक्य के लिए किया है वह उनकी सामंतवादी सोच का परिचायक है।

श्री मौर्य ने कहा कि शिवपाल सिंह आप और आपके भतीजे सपा प्रमुख अखिलेश यादव की गालियों का जवाब मैनपुरी की जनता सपा की साईकिल पंचर कर और कमल खिलाकर रघुराज सिंह शाक्य को मैनपुरी का सांसद बनाकर देगी। केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव को पिछड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि वे और उनका परिवार समाजवादी नहीं बल्कि पिछड़ों के विरोधी हैं। ये लोग अपने अलावा किसी अन्य पिछड़े, दलित और गरीब को आगे बढ़ते देखना नहीं चाहते। उन्होंने विधानसभा सत्र की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक पिछड़ा केशव प्रसाद मौर्य दूसरी बार प्रदेश का उपमुख्यमंत्री कैसे बन गया, इसकी पीड़ा सपा प्रमुख के अहंकार भरे शब्दों में सबके सामने आ गई थी। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री का बेटा जो स्वयं भी मुख्यमंत्री रहा हो उसने जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया उसका जवाब मैं भी दे सकता था लेकिन मेरे संस्कार ऐसे नहीं है। श्री मौर्य ने कहा कि रघुराज सिंह शाक्य के बारे में जिस तरह के बोल शिवपाल सिंह यादव ने बोले हैं उसका जवाब जनता अपने मत के माध्यम से देगी। उन्होंने ने कहा कि सिर्फ अखिलेश यादव ही नहीं बल्कि उनके चाचा शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव और पूरे परिवार की केवल एक ही सोच रही है कैसे सत्ता सरकार में बने रहकर भ्रष्टाचार, गुण्डागर्दी और अराजकता के बल पर आमजन में अपना खौफ और आतंक कायम रखा जाए। कौन नहीं जानता कि जमीनों पर कब्जे और अपराधियों गुण्डों को संरक्षण कौन देता था। कौन नहीं जानता कि इस परिवार के आतंक के साय में बूथों पर कब्जे हो जाते थे। गुंडे और अपराधी आमजनमानस में भय का माहौल बनाकर मतदान को प्रभावित करते थे। लेकिन अब ऐसे लोगों को समझ लेना चाहिए कि उनकी गुंडागर्दी अब नहीं चलने वाली है। उन्होंने कहा कि अब चुनावों में वोटों की लूट और बूथ कैप्चरिंग के बल पर चुनाव जीतने वाले लोगों का जमाना चला गया। जिस तरह से अखिलेश यादव और उनके परिवार के लोगों के द्वारा मैनपुरी में लोगों डरा धमकाकर वोट लेने की कोशिश की जा रही है इसमें वे कभी सफल नहीं होंगे।

# आमजन के प्रति सौम्य व्यवहार करे पुलिस

● सीएम ने रिकार्ड समय में डेढ़ लाख पुलिस जवानों का प्रशिक्षण पूरा करने पर खुशी जताई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में पुलिस कर्मियों को बेहतर एवं अद्यावधिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराये जाने की दिशा में शासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में डेढ़ लाख से अधिक चयनित पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण कार्य रिकार्ड समय में सफलतापूर्वक पूर्ण कराए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कहा है कि पुलिस जहां एक ओर नवीनतम व गुणवत्तापरक जानकारी से प्रशिक्षित रहे वहीं आमजन के प्रति पुलिस का व्यवहार और अधिक सौम्य एवं सहयोगी के रूप में रहे। इसके लिए पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि उसे समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए तथा प्रशिक्षण प्राप्त आरक्षी जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करते हुए मित्र छवि का आदर्श प्रस्तुत करें। पुलिस की बेहतर छवि के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक जानकारियों सहित अधिक व्यावहारिक बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों की प्रशिक्षण क्षमता को दोगुना किया गया है तथा इसमें और वृद्धि किए जाने का शासन द्वारा प्रस्ताव मांगा गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण से शासन की प्राथमिकताओं के क्रम में तथा पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों की प्रशिक्षण क्षमता में वृद्धि किए जाने के संबंध में प्रस्ताव शीघ्र मांगा गया है। संजय प्रसाद ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्राप्त 32 हजार से अधिक प्रशिक्षु भी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इसके अलावा मुख्य आरक्षी से प्रोन्नति प्राप्त नौ हजार से अधिक प्रशिक्षु उपनिरीक्षक का प्रशिक्षण प्रक्रियाधीन है। प्रमुख सचिव गृह ने यह भी बताया कि शासन द्वारा प्रदेश में पहले से स्थापित नौ पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों की प्रशिक्षण क्षमता को दोगुना किया गया है। पूर्व में इन प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित होने वाले प्रशिक्षुओं की कुल संख्या 5650 थी। इसे बढ़ाकर 11500 कर दिया गया है। शासन द्वारा दो नए प्रशिक्षण केन्द्र क्रमश: सुलतानपुर एवं जालौन (कालपी) में स्थापित किए गए हैं। जिसके फ लस्वरूप अब पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों की कुल संख्या 11 हो गई है। शासन द्वारा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मेरठ का नया नाम परिवर्तित कर 'धनसिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय' किया गया है तथा इसे अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है ताकि नवीनतम टेक्नोलॉजी की जानकारी प्रशिक्षुओं को उपलब्ध हो सके।

# पूरी तैयारी के साथ नगर निकाय चुनाव लड़ेंगे व जीतेंगे: कांग्रेस

● चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा है कि हम हर स्तर पर नगर निकाय चुनाव पूरी तैयारी के साथ लड़ेंगे और जीतेंगे। दुबे बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगर निकाय चुनाव तथा भारत जोड़ो यात्रा की गंभीरता को देखते हुए विशेष तौर पर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में नकुल दुबे ने कहा कि उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है तथा उत्तर प्रदेश में नगर निकाय में बीजेपी का प्रचंड बहुमत हासिल होने बावजूद भी राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में डेंगू के भयानक प्रकोप होने की स्थिति में न तो बीजेपी के पार्षदों ने क्षेत्रों में न तो एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग करवाया और न ही क्षेत्र की जनता का दुख दर्द साझा किया।

### विभिन्न संगठन के लोग कांग्रेस में शामिल हुए



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी की नीतियों, विचारधारा और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर बुधवार को काफी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से युवा समाज सेवी चन्द्र पाल सजन, नत्थू राम, अमन, पवन पाल शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, योगेश दीक्षित, अजय राय, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, अनिल यादव तथा मीडिया संयोजक अशोक सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## ओडीओएस के जरिए आबादी के अनुरूप खेलों में भी नंबर वन बनेगा यूपी

# ओडीओपी की तर्ज पर अब हर जिले का होगा अपना खेल

● संबंधित खेलों को केंद्र में रखकर ही खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण

● खेलों के गौरवशाली अतीत के साथ ही वर्तमान को भी समृद्ध बनाएगी योगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खेलों** में यूपी का अतीत गौरवशाली रहा है पर सरकारी उपेक्षाओं के कारण बीच में इस पर अल्पविराम लग गया था। यूपी का युवा स्वस्थ, निरोग हो और उसकी प्रतिभा, ऊर्जा एक जनपद से निखरकर अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमके। योगी सरकार ने ऐसी तैयारी कर ली है। 24 जनवरी 2018 को उत्तर प्रदेश के प्रथम स्थापना दिवस पर योगी सरकार ने ओडीओपी योजना लांच की थी। इसका मकसद उत्तर प्रदेश की बेहद संपन्न पारंपरिक कला, कौशल एवं सांस्कृतिक विरासत को नयी पहचान दिलाने के साथ इससे जुड़े लोगों के लिए, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना था। योजना की सफल बनाने के लिए, सरकार ने इनसे जुड़े लोगों के प्रशिक्षण, वित्तपोषण, तकनीकी सहयोग, मांग के अनुरूप उत्पाद की डिजाइनिंग व पैकेजिंग आदि पर ध्यान दिया। नतीजतन ओडीओपी आज योगी सरकार की सफलतम योजनाओं में से है। वोकल फॉर लोकल के लिए की गई यह पहल अब लोकल से ग्लोबल हो चुकी है। हाल में ही इंडोनेशिया की राजदूत इना एच कृष्णमूर्ति ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर ओडीओपी को अपने यहां भी लागू करने के बारे में बताया था। ठीक इसी तरह प्रदेश की खेल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार ने वन डिस्ट्रिक, वन स्पोर्ट्स ओडीओएस योजना भी शुरू की है। इसके तहत संबंधित जिले में कौन सा खेल लोकप्रिय है। उस खेल में जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वहां के खिलाड़ियों का प्रदर्शन कैसा रहा है इसे मानक बनाया गया है। केंद्र सरकार की सहमति से ओडीओएस योजना में शामिल करने के लिए 10 जिलों के खेल बदले भी गए हैं। इन सभी जिलों के खेलो इंडिया सेंटर में खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का काम कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में जारी है। रही सही कसर शीघ्र आने वाली प्रदेश की नई खेल नीति से हो पूरी जाएगी। जिन 10 जिलों के खेल बदले गए हैं उनमें मथुरा में जूडो की जगह कुश्ती, बलिया, आंबेडकर नगर, कानपुर देहात एवं फतेहपुर में बैडमिंटन की जगह एथलेटिक्स, बहराइच में बैडमिंटन की जगह फुटबाल, श्रावस्ती में बैडमिंटन की जगह कबड्डी, झांसी, गोंडा एवं लखीमपुर खीरी में बैडमिंटन की जगह हॉकी को एक जिला एक खेल घोषित कर खेल प्रतिभाओं का चयन व प्रशिक्षण का काम जारी है। एसीएस खेल नवनीत सहगल ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने के एक यूनिवर्सल नियम है कैच देम यंग, विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि अलग-अलग क्षेत्र में लोकप्रिय खेल से जुड़ी प्रतिभाओं की सही उम्र में पहचान कर उनका प्रशिक्षण बढ़ाने के लिए, क्रमश: उन्हें जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाय। ओडीओएस योजना का मकसद भी यही है। हमारा प्रयास होगा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आने वाले कुछ वर्षों में आबादी के अनुरूप उत्तर प्रदेश खेलों में भी सिरमौर बने।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा नाम सय्यद शहजाद हुसैन, मेरे पिता का नाम नौशाद हुसैन और माता का नाम श्रीमती नुसरत जहाँ है। सैय्यद शहजाद हुसैन मकान नंबर 444/17K बरफखाना मल्लाही टोला ठाकुरगंज लखनऊ 226003

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# नैनीताल-पुष्कर सरोवर की तर्ज पर संवारी जाएगी जमुना झील

● माइक्रो बबल्स एयरेशन तकनीकी से झील के पानी को किया जाएगा साफ

● ईको सिस्टम को पुनर्स्थापित करने में मिलेगी मदद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऐशबाग** की जमुना झील को पुर्नस्थापित करने के लिए एलडीए द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। जमुना झील को अवैध कब्जे से खाली कराने के बाद झील को माइक्रो बबल्स एयरेशन तकनीकि से पानी साफ किया जाएगा। नैनीताल और पुष्कर सरोवर की तर्ज पर जमुना झील को संवारा जाएगा। इसके लिए झील में हाईटेक मशीनें उतार दी गयी हैं। झील की सफाई कर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। अवैध कब्जों, कूड़ा पटान और जलकुंभी के बीच लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी ऐतिहासिक जमुना झील को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पुन: उसके मूल स्वरूप में लाने का काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी की पहल पर झील में हाईटेक मशीनें उतारी गयी हैं, जोकि माइक्रो बबल्स एयरेशन तकनीकी से पानी को साफ करके झील के ईको सिस्टम को पुनर्स्थापित करने का काम करेंगी।सहायक अभियंता केपी गुप्ता ने बताया कि वीसी एलडीए ने अपने दौरे के दौरान झील में उगी जलकुंभी व झाड़ियों को मशीनें लगाकर हटवाने के आदेश दिये थे। साथ ही माइक्रो बबल्स एयरेशन तकनीकी से झील के पानी को साफ कराके ईको सिस्टम को पुनर्स्थापित कराये जाने के सम्बंध में निर्देश दिये थे। झील की सफाई व सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू करा दिया गया है। इसके लिए सर्वप्रथम सेंट्रल मशीन व इससे सम्बद्ध दूसरे उपकरणों के संचालन के लिए पार्क में नया विद्युत कनेक्शन करवाया गया है। इसके अलावा ट्यूबवेल की री.बोरिंग व मरम्मत और लाइटों को ठीक कराने का कार्य प्रगति पर है। उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि माइक्रो बबल्स एयरेशन सिस्टम से झील के पानी में डिसॉल्वड ऑक्सीजन लेवल बढ़ाया जाता है। इससे झील के ईको सिस्टम को री-स्टोर करने में मदद मिलती है। देश की सुप्रसिद्ध नैनीताल और पुष्कर झील में भी माइक्रो बबल्स एयरेशन सिस्टम से सफाई का कार्य कराया गया है जिसके नतीजे काफी बेहतर मिले हैं। इसे ध्यान में रखते हुए लखनऊ की इस ऐतिहासिक झील का कायाकल्प भी इसी पद्धति के इस्तेमाल से कराया जा रहा है। नजूल अधिकारी अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि उपाध्यक्ष द्वारा झील से सटे पार्क में पाथ-वे बनाकर टिकटिंग सिस्टम लागू करने तथा पार्क के खाली हिस्से में सामुदायिक केन्द्र बनाने के सम्बंध में निर्देश दिये गये थे। इसके अनुपालन में पार्क की पैमाइश का कार्य करा दिया गया है तथा इसे विकसित करने का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जमुना झील से बड़ी तादाद में अवैध कब्जे हटा दिये गये हैं।

# बिजली कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी

● हजारों बिजली कर्मियों ने कार्य छोड़कर दिनभर विरोध प्रदर्शन किया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के अवाहन पर ऊर्जा निगमों में 29 नवम्बर से प्रारम्भ अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्कार बुधवार दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदेश भर में हजारों बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियन्ताओं ने काम बन्द कर दिन भर विरोध प्रदर्शन किये और ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के रवैये की तीव्र भर्त्सना की। आम जनता को तकलीफ न हो इस दृष्टि से कार्य बहिष्कार के चालू चरण में बिजली उत्पादन घरों, पारेषण विद्युत उपकेन्द्रों, सिस्टम ऑपरेशन और वितरण विद्युत उपकेन्द्रों की पाली में तैनात बिजली कर्मियों को कार्य बहिष्कार आन्दोलन से फ़िलहाल अलग रखा गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, जीवी पटेल, सुहेल आबिद, शशिकान्त श्रीवास्तव, मो वसीम, एके श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव ने जारी बयान में ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन पर हठवादी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि चेयरमैन बिजली कर्मियों की समस्याओं के बारे में सही तथ्य न बताकर सरकार को गुमराह कर रहे हैं जिससे ऊर्जा निगमों में कार्य का वातावरण पूरी तरह समाप्त हो गया है और टकराव बढ़ रहा है। उन्होंने पुन: प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा से प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की है जिससे ऊर्जा निगमो में कार्य का वातावरण बने और बिजली कर्मियों की न्यायोचित समस्याओं का समाधान हो सके। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शान्तिपूर्ण कार्य बहिष्कार आन्दोलन के कारण किसी भी बिजली कर्मी का कोई उत्पीड़न किया गया तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे और सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मी उसी समय हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन और चेयरमैन की होगी। बिजली कर्मियों की मुख्य मांग है कि ऊर्जा निगमों में चेयरमैन व प्रबन्ध निदेशक के पदों पर समुचित चयन के बाद ही नियुक्ति की जाए, बिजली कर्मियों को पूर्व की तरह 9 वर्ष, 14 वर्ष एवं 19 वर्ष की सेवा के उपरान्त पदोन्नति पद का समयबद्ध वेतनमान दिया जाए, बिजली कर्मियों को कैशलेस इजाल की सुविधा दी जाए, ट्रांसफॉर्मर वर्कशॉप का निजीकरण एवं पारेषण विद्युत उपकेन्द्रों के परिचालन एवं अनुरक्षण के आउटसोर्सिंग के आदशे निरस्त किये जाए।

## ड्रोन से उर्वरक का फसलों पर छिड़काव करने का किया परीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ई-पार्क** महानगर विस्तार लखनऊ में नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड ने प्रधानमंत्री किसान सम्रद्धि योजना के अंतर्गत अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए ड्रोन द्वारा कीटनाशक एवं उर्वरक का फसलों पर छिड़काव करने का परीक्षण किया। जितेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारती न्यास अवधप्रांत को मुख्य अतिथि के रूप आमंत्रित किया। राजीव शर्मा क्षेत्रीय प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारियों, कर्मचारियों ने सहभागिता कर इस अवसर को कृषकों को ड्रोन समर्पित किया। प्रधानमंत्री योजना को गांव-गांव जाकर कृषकों को कम लागत से अधिक लाभ अर्जित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यूरिया खाद की कीमत व वितरण का सरलीकरण करते हुए तरल रूप में खेतों में बिना कोई क्षति के ड्रोन द्वारा कीटनाशक एवं उर्वरक का छिड़काव कर कम लागत से अधिक पैदावार होगी। श्री शर्मा ने बताया कि यह अभी प्रारंभिक कदम है। शीघ्र इस कार्य योजना का विस्तार करते हुए क्षेत्र के प्रत्येक किसान सम्रद्धि केन्द्रों के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को इस तकनीक से लाभान्वित किया जा सकेगा।

## सूचना विभाग के तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त 3 कार्मिकों का बुधवार को विदाई समारोह सूचना निदेशालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त 3 कार्मिकों क्रमश: सुनील कुमार वोहरा फिल्म वितरण अधिकारी, शिवशंकर जेष्ठ लेखा परीक्षक तथा मो. अकरम कैमरा अटेण्डेण्ट को संयुक्त निदेशक सर्वेश दुबे, भूपेन्द्र सिंह यादव, उपनिदेशक हरिशंकर त्रिपाठी, कुमकुम शर्मा द्वारा शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त निदेशक सर्वेश दुबे ने कहा कि नौकरी में ईमानदारी से कार्य करने में अच्छा महसूस होता है। ईमानदारी आपको सफलता की ऊँचाइयों तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कार्मिकों को विभाग में देयकों के संबंध में कोई भी आवश्यकता पड़ती है, तो उनकी हर सम्भव मदद की जायेगी। कार्यक्रम में सहायक निदेशक गोकुल दुबे, सतीश चन्द्र भारती सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे।

## बाबा नीम करौरी महाराज के जन्मोत्सव पर सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बाबा** नीम करौरी जी के जन्मोत्सव पर उनकी तपोस्थली व आश्रम का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण महपौर द्वारा किया गया। रिटेनिंग वाल, कोटा स्टोन, शौचालय, स्नानघर, परिषर में इंटरलॉकिंग कार्य का कराया गया है।

हनुमान सेतु मंदिर में महापौर की ओर से मंदिर परिसर में रिटेनिंग वॉल, कोटा स्टोन, शौचालय. स्नानघर, परिषर में इंटरलॉकिंग कार्य आदि करा प्रांगण का जीणोद्धार एवं सौंदर्यकरण कार्य कराया गया है। महापौर ने बताया कि लखनऊ का यह ऐतिहासिक मंदिर है, इसमें आगे और भी सौंदर्यकरण करा लखनऊ के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। परम् पूज्य बाबा नीम करौरी जी हिंदू आध्यात्मिक गुरु के रूप में पूजे जाने वाले बाबा हनुमान जी के बहुत बड़े भक्त थे। उनको मानने वाले उन्हें हनुमान जी का ही अवतार मानते थे। वह हनुमान जी को अपना आराध्य मानते थे।

बाबा जी ने अपने जीवन में लगभग 108 हनुमान मंदिर बनवाए। प्राचीन हनुमान सेतु मंदिर के पुजारी पण्डित आशीष कुमार पाण्डेय जी ने बताया कि कहा जाता है कि बाबा नीम करौली ने 70 के दशक में राजधानी को बाढ़ की त्रासदी से बचाया था। यहाँ कि गोमती नदी के उफान को मंदिर निर्माण ने बचा लिया था और बाबा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाढ़ के सैलाब को शांत किया था। इस अवसर पर विनीता प्रमोद राजन, पंडित मनोज, कमल नयन महाराज, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र राय, मण्डल मंत्री विजय सोनकर, वार्ड अध्यक्ष संतोष सिंह सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

## गोमती नगर में व्यवसायिक निर्माण सील

**लखनऊ।** गोमतीनगर में एलडीए द्वारा आवासीय भूखंड पर कामर्शियल निर्माण कराने पर सीलिंग कार्रवाई की गयी। पास नव से के विपरीत भूखंड पर बेसमेंट, भूतल, प्रथम और द्वितीय तल का निर्माण करने पर एलडीए कोर्ट में वाद दर्ज किया गया। कोर्ट के आदेश पर सीलिंग कार्रवाई की गयी। जोनल अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि कृष्ण नन्द उपाध्याय द्वारा गोमती नगर के विनय खण्ड में भूखण्ड संख्या.5/27 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय भू.उपयोग में बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल का व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था, जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद योजित किया गया था। इस प्रकरण में विपक्षी द्वारा निर्माण से सम्बंधित कोई स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया। दोबारा निरीक्षण किये जाने पर ज्ञात हुआ कि विपक्षी द्वारा प्रश्नगत स्थल पर फिनिशिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिस पर सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे।

## शिविर के पहले ही दिन 12 आवंटियों ने करायी रजिस्ट्री

**लखनऊ।** शारदानगर विस्तार में निर्मित प्रधानमंत्री आवास के आवंटियों के लिए एलडीए द्वारा विशेष रजिस्ट्री कैंप की व्यवस्था की गयी है। 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक कैम्प लगाया गया है। आवंटी एक ही पटल पर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराकर रजिस्ट्री व भवन पर कब्जा प्राप्त कर सकेंगे। पहले दिन 12 आवंटियों ने रजिस्ट्री करवाई। बुधवार से एलडीए द्वारा शारदा नगर विस्तार योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवासों की रजिस्ट्री के लिए शुरू किये गये विशेष शिविर में आवंटियों का उत्साह देखने को मिला।योजना की प्रभारी श्रद्धा चौधरी ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शारदा नगर विस्तार में कुल 2200 आवास बनाये गये हैं। इसमें आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री निष्पादित करते हुए उन्हें भवनों का कब्जा दिये जाने के उद्देश्य से 7 दिसंबर तक प्राधिकरण भवन के भूतल स्थित कमेटी हॉल में विशेष रजिस्ट्री कैम्प शुरू किया गया है। कैम्प के पहले दिन 18 आवंटियों द्वारा रजिस्ट्री के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की गयी जबकि 12 आवंटियों ने एक ही पटल पर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए अपने भवनों की रजिस्ट्री करायी। उन्होंने बताया कि कैम्प में समस्त सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधान सचिव व एडीओ पंचायत समेत पांच पर एफआईआर दर्ज

**मोहनलालगंज।** हैण्डपम्प खराबी की शिकायत करने पर भाकियू कार्यकर्ताओं की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित कार्यकर्ताओं ने ग्राम प्रधान व उनके बेटों और पंचायत सचिव पर पिटाई का आरोप लगाया है। एसीपी के आदेश पर मोहनलालगंज पुलिस ने प्रधान व पंचायत सचिव तथा एडीओ पंचायत समेत पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। मोहनलालगंज के ठाकुर खेड़ा गांव में कई दिन से हैण्डपम्प खराब था। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई। आरोप है कि पंचायत सचिव ने हैण्डपम्प दुरुस्त कराए बिना ही शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया। भाकियू के तहसील अध्यक्ष आरडी रावत ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पूरे मामले की शिकायत सीडीओ रिया केजरीवाल से की। भाकियू कार्यकर्ताओं के मुताबिक सीडीओ ने पंचायत सचिव को निलंबित करने और एडीओ पंचायत का वेतन रोंकने के आदेश दिए थे। भाकियू कार्यकर्ता महेश रावत का आरोप है 26 नवम्बर को पंचायत सचिव संदीप यादव एडीओ पंचायत कौशल कुमार के साथ ठाकुर खेड़ा पहुंचे और अभद्र टिप्पणी करने लगे। आरोप है इसी बीच प्रधान रामखिलावन अपने बेटों उमेश व अखिलेश के साथ भाकियू कार्यकर्ता सियाराम को पीटने लगे। महेश के मुताबिक वह घटना का मोबाइल से वीडियो बना रहे थे तभी पंचायत सचिव संदीप यादव ने गमछे से उसका गला कस दिया और थप्पडों से पीट दिया। जबकि एडीओ पंचायत कौशल कुमार ने मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया सचिव संदीप यादव को निलंबित कर ब्लाक से सम्बद्ध किया गया है। हैण्डपम्प खराबी की शिकायत दूर कराई जा चुकी है। एसीपी धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया बुजुर्ग भाकियू कार्यकर्ता की पिटाई की शिकायत मिली थी। जिस पर एफआईआर दर्ज कराकर जांच की जा रही है।

## 1090 चौराहे पर ट्रैफिक माह का हुआ समापन

**लखनऊ।** राजधानी में स्थित 1090 चौराहे पर यातायात माह के समापन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी के मद्देनजर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में एडीसीपी ट्रैफिक रईस अख़्तर एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार व आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज शामिल हुए। शिविर में एचएसआरपी मानक की नंबर प्लेट को गाड़ियों में लगाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए डीसीपी ट्रैफिक रईस अख़्तर ने कहा कि आम जनता से ये अपील है कि सभी लोग अपनी गाड़ियों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट ज़रूर लगवाएं। इसकी ज़रूरत इसलिए है क्योंकि हमारे स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम में अक्सर ये शिकायत आती है कि ये गाड़ी हमारी बैंगलोर में है, मैं लखनऊ कभी आया नहीं और यूपी में मेरा चालान हो गया। चालान मेरे मोबाइल पर पहुंच गया। इसका मतलब है कि उस नंबर प्लेट का कोई और इस्तेमाल कर रहा है। यानी उसका अपराध में प्रयोग हो रहा है। इसलिए सबसे पहले हमें एचएसआरपी वाली नंबर प्लेट लगवाकर इसे रोकना है। कमर्शियल गाड़ियों के लिए ये नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। क्योंकि ये देखा गया है कि अक्सर ट्रक वाले जिस राज्य में जाते हैंए वहां का नंबर प्लेट लगा लेते हैं। कार्यक्रम में आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने कहा कि हमारा उद्देश्य सड़क सुरक्षा को लेकर रहता है। साल 2019 से पहले की जितनी गाड़ियां हैं। उनके लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाना ज़रूरी है। जो वेंडर फर्जी एचएसआरपी नंबर प्लेट बेच रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ठण्ड से बचाव के इंतजाम नदारद, आश्रय केंद्रों में ठिठुर रहे गोवंश

संवाददाता। मोहनलालगंज



**निराश्रित** गोवंश आश्रय केन्द्रों में ठण्ड से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं होने से बेजुबान गोवंश ठिठुरकर बीमार पड़ रहे हैं। बुधवार को गुनगुनी धूप का सहारा छिना तो सारा दिन निराश्रित गोवंश ठिठुरकर कांपते रहे। लेकिन ब्लाक और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को फील्ड में निकलकर आश्रय केन्द्रों की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की फुरसत नही है। मोहनलालगंज ब्लाक की 20 ग्राम पंचायतों में निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों का संचालन कर पांच हजार से अधिक निराश्रित गोवंश उनमें रखे गए हैं। सर्दी बढ़ चुकी है लेकिन आश्रय केन्द्रों में बेजुबान गोवंश को ठण्ड से बचाव के इंतजाम नहीं किए गए हैं। बुधवार को पायनियर संवाददता ने मोहनलालगंज के शिवढ़रा परेहटा खुझौली व सिसेण्डी समेत आधा दर्जन निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्रों का जायजा लिया तो वहां बेजुबान गोवंश को ठण्ड से बचाव के लिए काऊ कोट और तिरपाल समेत अन्य कोई भी इंतजाम नहीं मिले। बादलों के बीच सूरज की लुकाछिपी से निराश्रित गोवंश ठिठुरकर कांपते नजर आए। जबकि कुछ बीमार पड़े मिले। जिन्हें आवारा कुत्तों और कौओं से बचाने के लिए गोपालकों ने लोहे के जाल में बन्द कर रखा था। गौरतलब है कि कई दिन पूर्व ही जिला प्रशासन ने निराश्रित गोवंश को ठण्ड से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। लेकिन ब्लाक और पशुपालन विभाग के अधिकारियों की कार्रवाई महज कागजी घोड़े दौड़ाने तक ही सीमित है।बीडीओ पूजा सिंह ने बताया डीएसओ से बोरों की मांग की गई है। बोरे मिलते ही गोवंश को काऊ कोट पहनाए जाएंगे। जल्द ही फूस के छप्पर और तिरपाल लगाकर गोवंश को ठण्ड से राहत दिलाई जाएगी। सभी सचिवों को जरुरी इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण कर आश्रय केन्द्रों का जायजा लिया जाएगा।

## दो चोर गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिनहट** पुलिस ने बंद मकान को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह के एक शातिर को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह को दबोचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर चोर चोरी की बाइक के साथ इलाके में मौजूद है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंच गयी। पुलिस को आता देखकर शातिर भागा जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम इंदिरानगर निवासी अभिषेक सिंह बताया जो बंद मकानो की रैकी करता था और फिर चोरी की घटना कारित कर कबाड़ी को बेच देता था। वहीं पुलिस ने सतरिख रोड चिनहट निवासी पंकज शुक्ला को गिरफ्तार किया जिसके पास से चोरी की एक स्पलेण्डर मोटरसाइकिल बरामद की गयी। पुलिस को बताया कि वह बाइक चोरी कर उनके पार्टस बेच देता था।

## सीएमएस गोमती नगर स्कूल एक्सीलेन्स अवार्ड से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) को शैक्षिक क्षेत्र में नवीनता व उत्कृष्टता के अभिनव प्रयोग के लिए 'स्कूल एक्सीलेन्स अवार्ड-2022' से सम्मानित किया गया है। प्रतिष्ठित शैक्षिक पत्रिका ब्रेनफीड के तत्वावधान में अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में सीएमएस गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रधानाचार्या आभा अनन्त की ओर विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस सोमा चन्द्रा ने 'स्कूल एक्सीलेन्स अवार्ड' ग्रहण किया। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि सीएमएस गोमती नगर कैम्पस को यह सम्मान शिक्षा पद्धति के दो प्रमुख उद्देश्यों 'इनरिचिंग द स्टेन्डर्ड इन इम्पार्टिंग एक्सीलेन्स इन एजूकेशन टू द जेननेक्स्ट लर्नस' एवं 'इनोवेटिव एप्रोच टु ग्रुम द यंग लर्नस विद स्किल्स फॉर लाइफ ' पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया गया है।

# हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर के विरुद्ध अवमानना की नोटिस जारी की

विधि संवाददाता। लखनऊ

**अदालत** के आदेश का अनुपालन नहीं करने के एक मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर के विरुद्ध अवमानना का नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। पूछा है कि इसके लिए क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की प्रक्रिया शुरू की जाए। मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। जस्टिस मनीष कुमार की एकल पीठ ने यह आदेश प्रवीण टंडन की अवमानना याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि तीन नवंबर 2021 को पैसे के लेनदेन में उसका मानस मल्होत्रा नाम के व्यक्ति से झगड़ा हुआ था। उस समय मौके पर थाना इंदिरा नगर के दरोगा अमरपाल अग्निहोत्री मौजूद थे। वो दोनों पक्षों को थाने लाए लेकिन मानस मल्होत्रा को पैसे लेकर छोड़ दिया गया। जबकि उसे व उसके साथी को थाने में मारा-पीटा गया व शांति भंग में चालान कर दिया गया। उसने इसकी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। 24 दिसंबर 2021 को हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया था कि वह याचिकार्ता की अर्जी पर कानून सम्मत निर्णय लें। अवमानना याचिका में कहा गया है कि अब तक उसकी अर्जी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### दुराचारी को 10 साल की सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** पॉक्सो के विशेष जज अरविन्द मिश्र ने एक नाबालिग युवती को भगाने व उसके साथ दुराचार करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम संजय साहू को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 25 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय व सुखेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 10 अगस्त 2013 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना बंथरा में दर्ज कराई थी।

### 20 साल का कठिन कारावास

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** पॉक्सो के विशेष जज मयंक त्रिपाठी ने पांच साल की बच्ची के साथ गलत काम की कोशिश करने के आरोप में दोषी करार दिए गए मुल्जिम सनी कश्यप को 20 साल के कठिन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 25 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील अशोक श्रीवास्तव के मुताबिक 19 अगस्त 2019 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना कैसरबाग में दर्ज कराई थी।

### शाहजहांपुर के एसपी तलब, कारण बताओ नोटिस जारी

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** पॉक्सो के विशेष जज अरविन्द मिश्र एक मामले में गवाही के लिए इंसपेक्टर को हाजिर नहीं कराने पर शाहजहांपुर के एसपी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। उनसे पूछा है कि जानकारी के बावजूद इंसपेक्टर रितेंद्र प्रताप सिंह को गवाही के लिए अदालत में हाजिर होने का निर्देश क्यों नहीं दिया गया। इसके लिए क्यों न आपके विरुद्ध अदालत की अवमानना की कार्यवाही की जाए और आपके इस आचरण के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणी करते हुए उसकी प्रविष्टि आपकी सर्विस बुक में की जाए। चार दिसंबर को व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर स्पष्ट करें। विशेष अदालत का कहना है कि हाईकोर्ट ने इस मामले को शीघ्र निस्तारित करने का आदेश दे रखा है। लेकिन आपका आचरण यह प्रदर्शित करता है कि आप हाईकोर्ट के निर्देश व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मिशन शक्ति के तहत ऐसे मामलों के त्वरित निस्तारण अभियान को निष्फल करना चाहते हैं। उन्होंने इसके साथ ही इंसपेक्टर रितेंद्र प्रताप सिंह को गवाही के लिए उपस्थित कराने का निर्देश फिर से एसपी को दिया है। वर्ष 2020 में पॉक्सो के इस मामले की एफआईआर थाना गुड़म्बा में दर्ज हुई थी। इस मामले में अब शाहजहांपुर में तैनात इंसपेक्टर रितेंद्र प्रताप सिंह की गवाही होनी है लेकिन वह हाजिर नहीं हो रहे। अदालत ने इस पर शाहजहांपुर के एसपी को पत्र जारी कर अनिवार्य रुप से उनकी गवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके वह हाजिर नहीं हुए।

## पूर्व भाजपा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह दोषमुक्त

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज हरबंश नारायन लविवि के छात्रनेताओं के साथ पुलिसबल पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी धीरेंद्र बहादुर सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। वर्ष 2017 में धीरेंद्र बहादुर सिंह रायबरेली की सरेनी विधान सभा से बीजेपी के विधायक हुआ करते थे। 31 साल पुराना यह मामला लविवि के साथ ही दुकानों को बंद कराने से जुड़ा है। 21 दिसंबर 2020 को इस मामले में मुल्जिम धीरेंद्र पर आरोप तय हुआ था। इनकी ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल, वीर बहादुर श्रीवास्तव व योगेंद्र प्रताप सिंह ने बहस की थी। 22 अगस्त 1991 को इस मामले की एफआईआर लविवि के प्रभारी चौकी इंचार्ज विजय प्रताप सिंह ने थाना हसनगंज में दर्ज कराई थी। उस रोज छात्रनेताओं ने लविवि बंद करने का आह्वान किया था। छात्रों द्वारा गोकरननाथ तिकोनिया पार्क चौराहे पर दुकानों को भी जबरिया बंद कराया जा रहा था। दुकानदारों को गोली मारने की धमकी दी गई। इससे भय व्याप्त हो गया। दुकानदार दुकान बंद कर भागने लगे। यातायात अवरुद्ध हो गया। इस पर छात्रों को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर छात्रों ने पुलिसबल पर तंमचे से फायर किया।

## धोखाधड़ी के मामले में चित्रकूट की एक महिला की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एमपीएमलए** कोर्ट के विशेष जज हरबंश नारायन ने धोखाधड़ी आदि के मामले में निरुद्ध चित्रकूट की एक महिला की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। इस मामले में पूर्व काबीना मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति भी मुल्जिम है। 17 सितम्बर 2020 को इस मामले की एफआईआर गायत्री की कम्पनी के पूर्व निदेशक बृज भुवन चौबे ने थाना गोमनी नगर विस्तार में दर्ज कराई थी। इसमें गायत्री प्रजापति, अनिल प्रजापति व इस महिला को नामजद किया था। सरकारी वकील ज्वाला प्रसाद शर्मा के मुताबिक खरगापुर स्थित बृज भुवन की पत्नी के नाम की जमीन धमकी देकर एफआईआर में नामजद महिला के नाम करा दी गई। चित्रकूट निवासी इस महिला ने गायत्री प्रजापति पर दुराचार की एफआईआर दर्ज कराई थी। दुराचार के इस मुकदमे में पक्ष में बयान देने के लिए यह जमीन उसके नाम करा दी गई।

### पति, सास व जेठानी को सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** जिला जज संजय शंकर पांडेय ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने वाली नवविवाहिता के मामले में मुल्जिम पति देवेंद्र कुमार तिवारी, सास सत्यवती व जेठानी सुनीता को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इन पर 20-20 हजार का जुर्माना भी ठोका है। 20 अक्टूबर 1999 को इस मामले की एफआईआर मृतका शीलू के पिता राजेंद्र कुमार मिश्रा ने थाना बाजारखाला में दर्ज कराई थी। शीलू ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर मायके में कीटनाशक पदार्थ खा लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। करीब डेढ़ साल पहले उसकी शादी देवेंद्र से हुई थी।

मोहिनी बी0 मनवाणी गर्ल्स डिग्री कालेज (अल्पसंख्यक संस्थान)
सम्बद्ध-सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय, कानपुर
आवास विकास नं0-3, पनकी कल्यानपुर रोड, कल्यानपुर, कानपुर-208017

सूचना

अल्पसंख्यक संस्थान में अल्पसंख्यक प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत बी0एड0 सत्र 2022-24 में प्रवेश हेतु दिनांक 29/08/2022 को होने वाली प्रवेश परीक्षा जो आगामी तिथि तक स्थगित थी, नोट- प्रवेश परीक्षा दिनांक 07.12.2022 को कालेज परिसर में होगी। अर्हता, नियम, शर्तें व मेरिट वरीयता पूर्ववत् ही लागू होगी, अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.mbmgdc.in जायें।

प्रबन्धक

King George Medical University U.P.
Lucknow

Ref. No. GEM/2022/B/2799525 Date: 30.11.2022

Custom Bid Inviting Notice

Custom Bid is invited on Gem portal under 02 bid Systems (Technical & Financial) for the Comprehensive Annual Maintenance Contract work of Oscar Make 02 Nos Passenger Lift for the period of 3 Years at Type-1 Residence, RALC Campus at King George Medical University U.P. Lucknow, their Original Manufacturer or authorized Indian Agency / Service Provider / Any Capable Elevator service provider can apply on the terms and condition as per custom Bid documents. Short details can be viewed at kgmu.org & detail will be available on GeM portal.

(Executive Engineer)
(Electrical/Mechanical Department)

# कार्यकर्ता निकाय चुनाव के लिए जनसमर्थन मांगें: सांसद

● भाजपा के प्रयास ने नगर पंचायतें स्मार्ट बनेगी: रवि सोनकर

● नगर निकायों में कमल खिलाने में किसान समितियां की अहम भागीदारी रहेगी: अमृत वर्मा

संवाददाता। बस्ती



**स्थानीय सांसद** हरीष द्विवेदी ने कार्यकर्त्ताओं से कहा कि वह जन कल्ज्याण की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए और कार्यकर्त्ता निकाय चुनाव के लिए जनसमर्थन मांगे। यह बाते उन्होंने भाजपा किसान मोर्चा की ओर से आयोजित नगर पंचायत गायघाट और मुण्डेरवा में किसान प्रतिनिधि सम्मेलन के आयोजन में कही। इसके पूर्व अन्य नगरीय क्षेत्रों में कार्यक्रम सम्पन्न हो चुके है। किसान प्रतिनिधि सम्मेलन में शहर में रहने वाले तथा शहर के सीमा में आने वाले गांव के किसानों तथा फल सब्जी अनाज व कृषि आधारित व्यापार करने वाले व्यापारियों का आमंत्रित किया गया। गायघाट में अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आनन्द मोदनवाल व मुंडेरवा में मण्डल अध्यक्ष अरुण चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री अमृत कुमार वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि रवि सोनकर, प्रेम सागर तिवारी, अश्वनी सिंह सोनू, दिलीप पाण्डेय, बाल कृष्ण त्रिपाठी पिन्टू रहे।

मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया की भाजपा की जन कल्याण की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए और उनसे निकाय चुनाव के लिए समर्थन मांगे। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा केंद्र व प्रदेश में सत्ताधारी हुई। योजनाओं का लाभ पात्रों को सीधे बिना किसी बिचौलिए के मिल रही है। जिसका परिणाम है कि केंद्र व प्रदेश में दोबारा भाजपा की सरकार बनी। अब निकाय चुनाव में एकजुट होकर पार्टी के संभावित घोषित प्रत्याशी को समर्थन करें। कहा की किसान सम्मान निधि व बीज सब्सिडी, फसल बीमा योजना आदि के सहारे किसान समृद्ध हो रहे हैं। अब केंद्रो पर धान का सरकारी मूल्य पर होने से बिचौलियों के अरमानों पर पानी फिर गया है। पूर्व विधायक रवि सोनकर ने कहाँ कि डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रयास से नगर पंचायतें स्मार्ट बनेंगी। अश्वनी सिंह सोनू ने कहाँ सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवसृजित नगर पंचायतों में कम आय वर्ग के लोगो को पक्का आवास उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने कहाँ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायतों के प्रत्येक घर में इज्जत घर बनाकर उसको स्वच्छ करेगी। अमृत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायतों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए भाजपा सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नवसृजित नगर पंचायतों में किसान मोर्चा घर-घर जाकर किसानों को केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएं।

कार्यकम संयोजक अमृत कुमार वर्मा ने कहाँ ने कहा कि किसान मोर्चा द्वारा निकाय चुनाव में ग्राम किसान समितियों के भागीदारी से निकायों में कमल खिलाने में हम सभी सफल होंगे। सम्मेलन को वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम सागर त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख कुदरहा अनिल दूबे, बालकृष्ण त्रिपाठी उर्फपिंटू बाबा, चन्द्रशेखर मुन्ना आदि ने भी सम्बोधित किया। गायघाट में इस अवसर पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश त्रिपाठी, विष्णु दत्त शुक्ला, मनोज पासवान, प्रेम नारायण आजाद, मनीष त्रिपाठी, प्रेम नारायण आजाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुंडेरवा में उदय शंकर पाण्डेय, अजय पाण्डेय, अरुण चौधरी, वशिष्ठ मुनि, सतीश, पवन चौधरी, सतनारायण जायसवाल, सत्य प्रकाश, अविनाश श्रीवास्तव ने स्वागत किया।

## क्विक न्यूज

### खेलकूद भी पठन-पाठन का एक महत्वपूर्ण अंग है: सांसद



**संतकबीरनगर।** सांसद ई. प्रवीण निषाद ने कहा कि खेल भी पठन पाठन का एक आवश्यक अंग है। छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरन्तर खेल को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होती है। आज देश में तमाम ऐसी प्रतिभाएं हैं जो प्रोत्साहन के अभाव में निखर नहीं पाती हैं। ऐसी प्रतिभाओं को बाहर लाने के लिए ही इस तरह की प्रतियोगिताएं आवश्यक होती हैं। हमारी सरकार भी खेल को निरन्तर प्रोत्साहन दे रही है। इसलिए खेल पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। यह बातें उन्होने जीआर सीनियर सेकेण्डरी एकेडमी तथा जीआर मांटेसरी स्कूल के दो दिवसीय 7 वें स्पोर्टस मीट के उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होने आगे कहा कि जब भी शिक्षा व खेल के प्रोत्साहन की आवश्यकता होगी उस समय हम हर कदम पर खड़े दिखाई देंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित एचआरपीजी कालेज के बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 पूर्णेश नारायण सिंह ने कहा कि आज खेल में अपार संभावनाएं बच्चों को शैक्षिक गतिविधियों के साथ ही साथ खेल व अन्य गतिविधियों पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है। अभिभावकों से भी हमारा अनुरोध है कि अगर उनका बच्चा किसी खेल की तरफमुखर हो रहा है तो उसको अवश्य ही प्रोत्साहन देने का काम करें। एकेडमी के प्रबन्धक प्रिंस त्रिपाठी, संरक्षक आशुतोष त्रिपाठी तथा घनश्याम त्रिपाठी ने सभी बच्चों को खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान एकेडमी के प्रबन्ध निदेशक प्रवीण त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### गौवंशों की दुर्दशा देख एसडीएम भड़के सचिव व प्रधान को लगायी फटकार



**घाटमपुर।** जिला अधिकारी बिशाख जी अय्यर के निर्देश पर आज बुद्यवार सुबह एसडीएम अमित कुमार ओमर पतारा ब्लाक की ग्राम पंचायत बरनॉव गौशाला पंहुचे, गौशाला में मरे जानवरों के शव तो नही मिले लेकिन दो दर्जन से अधिक गौबंश बीमारी की हालत में पड़े मिले, गोषाला में गौबंशों के लिये हरे चारा व भूसा की भी ब्यवस्था पर्याप्त नही मिली जिसके लेकर एसडीएम भड़क गये और ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव को जमकर फटकार लगायी। मंगलवार को गौशाला में कई मरे पड़े गौबंशों के अलावा बड़ी संख्या में बीमार पड़े होने का वीडिओ बना कर ग्रामीणों ने जिला अधिकारी बिशाख जी अय्यर से शिकायत की है, शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने सारे मामले की जॉच उप जिलाधिकारी अमित कुमार ओमर को सौंपी थी। उप जिलाधिकारी अमित ओमर ने बताया कि जॉच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जायेगी।

### राहा में युवक ने फांसी लगाकर जान दी



**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के राहा गांव में एक युवक ने घरके अंन्दर फॉसी लगा कर जान दे दी, आत्म हत्या का कारण स्पष्ट नही है। बताया जाता है कि गांव निवासी स्व0 कंधई का पुत्र कालीदीन उर्फ पहलवान ( 41 ) मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन करता था, बुद्यवार सुबह उसका शव घर के अन्दर रस्सी के सहारे फॉसी पर लटका मिला तो हड़कम्प मच गया परिजनों की सूचना पर पंहुचे जाजपुर चौकी इन्चार्ज सुरेंन्द्र कुमार ने घटना की जानकारी के बाद शव को पोस्ट मार्टम को भेजा है, चौकी इन्चार्ज ने बताया कि मृतक का किसी बात को लेकर मंगलवार शांम पत्नी से बिवाद हुआ था और इसी के बाद आवेश में आकर उसने फॉसी लगा ली।

### ठगी के शिकार पीड़ितों ने डीएम को दिया ज्ञापन

**फतेहपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (रजि.) के संयोजक की अगुवाई में दर्जनों पीड़ितों ने बुधवार को ठग कंपनी और मल्टीस्टेट क्रेडिट कॉर्पोरेटिव सोसाइटीज समेत विभिन्न कंपनियों के द्वारा लाखों लोगों का रुपया जमा कराने के बाद फरार हो जाने के मामले में कंपनियों के खिलाफधोखाधड़ी व ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराकर रुपये वापस दिलाये जाने की सत्याग्रह के माध्यम से डीएम को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्ट्रेट पहुंचे ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (रजि.) के संयोजक मदनलाल आजाद के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुष पहुंचे। डीएम को डीएम को ज्ञापन देते हुए मांग किया कि जिले में टोगो रिटेल मार्केटिंग, रोज वैली, सहारा, पल्स, साईं प्रकाश, ट्रिनिटी आदि कंपनियों ने लाखों नागरिकों का पैसा जमा कराने के बाद भाग गई। उन्होंने ठग कंपनियों के खिलाफमुकदमा दर्ज करते हुए उनका रुपया वापस दिलाकर ऐसे लोगों के खिलाफधोखाधड़ी व ठगी का मुकदमा दर्ज कर पीड़ितों के रुपये दिलाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अभिकर्ताओं के खिलाफदर्ज झूठे मुकदमे को वापस लें और थक कंपनी एवं सोसाइटी के खिलाफ2019 के तहत ठगी एवं धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज कराए जाएं, कलेक्ट्रेट तहसील थाने एवं अन्य सार्वजनिक सरकारी कार्यालयों में बड्स एक्ट 2019 के बैनर लगवाए हैं जिससे पीड़ितों को ठगों के खिलाफशासन प्रशासन को सूचना देकर राष्ट्र को ठग मुक्त बनाया जा सके। इस दौरान सूरज दीन विश्वकर्मा, अशोक कैथल आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में सेवानिवृत्तों को दी गई विदाई

**फतेहपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर ध्ऐच्छिक सेवानिवृत्त हुए पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक गण व मुख्य आरक्षी को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक अनिरुद्ध कुमार द्वारा माला पहनाकर शॉलध्घड़ी व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

### जन प्रतिनिधियों के संग पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित गेस्ट हाउस में जन प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें आशीष मिश्र जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, जय कुमार जैकी (विधायक बिंदकी), श्रीमती कृष्णा पासवान (विधायक खागा), राजेन्द्र पटेल (विधायक जहानाबाद) के साथ विचार विमर्श कर अपने-अपने क्षेत्र व जनपद की समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई व समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिरुद्ध कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मिशन परिपक्व ऐप संचालन के सम्बन्ध में डीएम ने की बैठक

● श्रावस्ती को बाल विवाह मुक्त बनाना है: डीएम

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में बाल विवाह की निगरानी एवं रोकथाम हेतु मिशन परिपक्व ऐप के संचालन के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होने कहा कि ष्सबने मिलकर ठाना हैए बाल विवाह मुक्त श्रावस्ती बनाना हैष्। जिले में बाल विवाह का प्रचलन पूर्व से ही चला आ रहा हैए नाबालिगों का बाल विवाह हो जाने पर वे नाबालिग अवस्था में ही गर्भधारण कर जागरूकता के अभाव में बालिकाएं माँ बन जाती हैए यही कारण है कि देखभाल के अभाव में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर अधिक हैए जो चिन्ता का विषय है। बाल विवाह रोके बिना मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी नही लायी जा सकती है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बाल विवाह उन्मूलन हेतु ष्मिशन परिपक्वष् के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विकसित किये गए परिपक्व मोबाईल ऐप एवं वेबपोर्टल का शुभारंभ 15 अगस्तए 2022 को किया गया था। इससे निश्चित ही बाल विवाह रोकने में मदद मिलेगी।

उन्होने कहा कि परिपक्व मोबाइल ऐप के माध्यम से जनपद के समस्त नागरिकए अधिकारीए कर्मचारियों द्वारा बाल विवाह के सम्बन्ध में त्वरित रूप से जिला प्रशासन को सूचना भेजे जाने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होने सभी जिला स्तरीय अधिकारियोंध्कार्यालयाध्यक्षों निर्देशित किया कि अपने.अपने विभाग के संबन्धित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को ष्मिशन परिपक्वष् मोबाईल ऐप गूगल प्ले स्टोर अथवा जनपदीय वेबसाइट से डाउनलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी बताया कि बाल विवाह को रोकने के उददेश्य से जनपद में जिला टास्क फोर्सए ब्लाक टास्क फोर्स व ग्राम स्तरीय टास्क फोर्स समितियों का गठन किया गया हैए जो बाल विवाह के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना पर समिति द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

## एचआईवी संक्रमित से भेदभाव न किया जाए: डीएम

संवाददाता। बस्ती



**एच.आई.वी.** संक्रमित लोगों से भेदभाव न करने एवं उन्हें समान अवसर प्रदान करने के लिए डीएम प्रियंका निरंजन ने सभी नागरिको से अपील किया है। विश्व एड्स दिवस 01 दिसम्बर के अवसर पर अपने संदेश में उन्होने कहा कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थींम 'समानता' है। उन्होने कहा कि एच.आई.वी. संक्रमित लोगों से किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाय तथा उन्हें समान अवसर के साथ बराबरी प्रदान की जाय।

विश्व एड्स दिवस 2022 की पूर्व संध्या पर कलेक्टेऊट सभागार में जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि एच.आई.वी. संक्रमित लोगों की सेवा चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होने इस कार्य में लगे पैरामेडिकल एवं नानपैरामेडिकल, स्वयं सेवी संस्थाओं को शुभकामना दिया। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा एच.आई.वी. की रोकथाम के लिए 35 नियंत्रण समुदायों के माध्यम से कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि एच.आई.वी. के प्रभावी रोकथाम के लिए प्रत्येक ब्लाक मुख्यालय पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाय ताकि लोगों में इसके प्रति जागरूकता आ सकें। उन्होने कहा कि जनपद में स्थापित परामर्श और प्रशिक्षण केन्द्र को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाय। अस्पतालों में इलाज के दौरान सभी मानको का ध्यान रखा जाय।

सीएमओ डा. आर.पी. मिश्र ने कहा कि जनपद में एड्स पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है। इसके नोडल अधिकारी डा. रामप्रकाश वर्मा ने कहा कि सीएचसी/पीएचसी एवं जिला अस्पताल के साथ-साथ जनपद में स्वयं सेवी संस्थाए भी इस पर प्रभावी नियंत्रण का कार्य कर रही है। डाक्टर त्रिगुन ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीबी, एचआईवी प्रभारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय, बहादुरपुर, हर्रैया, परसरामपुर, गौर, कप्तानगंज, बनकटी, रूधौली में एच.आई.वी. के लिए एकीकृत परामर्श और परीक्षण केन्द्र (आई.सी.टी.सी.) संचालित है। माता-पिता से बच्चें में संचरण की रोकथाम के लिए जिला महिला अस्पताल में एक केन्द्र संचालित है। उन्होने बताया कि जनपद मं कुल 39 एच.आई.वी. पाजिटिव है, जिन्हें एआरटी सेण्टर से जोड़कर उपचार मुहैया कराया जा रहा है। माता-पिता से बच्चें में संक्रमित कुल 31 पाजिटिव है, जिन्हें एआरटी से जोड़कर इलाज कराया जा रहा है। गोष्ठी में बीएसए इन्द्रजीत प्रजापति, रेडक्रास सोसायटी के सचिव कुलविन्दर सिंह मजहबी, प्रधानाचार्या नीलम सिंह तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने किया जेल का मासिक निरीक्षण



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ,ने जिला जेल का मासिक निरीक्षण किया गया । महिला बंदियों द्वारा बनाए गए कपड़ा बैग को भी देखा जिसे बड़े पैमाने पर करवाने के लिए कहा गया। जेल की सफाई व्यवस्था, चिकित्सा, भोजन व्यवस्था की सराहना की गई । इस दौरान जिला जेल प्रशासन पूरी तरह एलर्ट नजर आया।

### गारमेंट्स की दुकानों पर स्पार्की कंपनी की टीम ने मारा छापा, लाखो का नकली माल बरामद

**फर्रुखाबाद।** स्पार्की कंपनी केमालिको को पता चला की फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद में नकली माल स्पार्की कंपनी को लोगो लगाकर कुछ दुकानदार बेंच रहे है जिस पर स्पार्की कंपनी द्वारा एक चीम गठित कर फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद भेजी गयी। कंपनी ची टीम एक सप्ताह से फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद में डेरा डाले थी। आखिर में नकली माल सहित दो दुकानदारों को दवोच लिया गया। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी सब्जी मंडी में चंदन गारमेंट्स व वेस्टर्न प्लाजा पर गारमेंट्स की दुकानों पर स्पार्की कंपनी की टीम ने छापा मारा। दुकानो में बड़ी संख्या में स्पार्की कंपनी का नकली कपड़ा व माल बरामद हुआ। एक हफ्ते से कंपनी के लड़के बाजार में नकली ग्राहक बनकर घूम रहे थे।दोनों दुकानों पर लाखों रुपए का नकली माल बरामद किया गया। स्पार्की कंपनी के क्वालिटी इंस्पेक्टर सुभाष ठाकुर व फतेहगढ़ कोतवाल सचिन कुमार की मौजूदगी में छापा मार की कार्यवाही। चंदन गारमेंट्स व वेस्टर्न प्लाजा पर कानूनी कार्यवाही की गयी।

### दुष्कर्म आरोपी डीएम उर्फ रविन्द्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को मेंहदावल पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी डीएम उर्फ रविन्द्र कुमार पर अवयस्क बालिका को बहला फुसला कर अपहरण करके इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। गिरफ्तार आरोपी डीएम को पुलिस ने न्यायालय रवाना किया। न्यायालय ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस ने अपहृता को बरामद कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता की मां अभियोग पंजीकृत कराया था। वादिनी का आरोप है कि उसकी अवयस्क बालिका को आरोपी बहला फुसला कर अपहरण कर लिया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना कारित किया। इस संबंध में गत 27 नवम्बर को अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पुत्र भरत जनपद गोरखपुर के सहजनवां थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरा का रहने वाला है।

## जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी व बास्केटबॉल प्रतियोगिता हुई आयोजित

संवाददाता। श्रावस्ती



**खेल निदेशालय** उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिला क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव की अगुवाई में स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में 28 से 30 नवंबर 2022 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत एवं भूमि संरक्षण अधिकारी रचित सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

जिला क्रीडाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में कबड्डी बालक वर्ग में 10 टीमों ने तथा बास्केटबॉल बालक वर्ग में 9 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम ए एवं बीए केंद्रीय विद्यालय भिनगाए अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज टीम ए एवं बीए जूनियर हाईस्कूल श्रावस्तीए एटीएस कटकुइंया कलाए जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयए जनता इंटर कॉलेज खरगौराए नवोदय विद्यालयए बलदेव प्रसाद नागरिक इंटर कालेज अमवा आदि टीमों ने प्रतिभाग किया। कबड्डी खेल में प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में केन्द्रीय विद्यालय श्रावस्ती एवं एटीएस कटकुईया कला बी के मध्य खेला गयाए जिसमे एटीएस बी की टीम ने केंद्रीय विद्यालय की टीम को 26.13 से पराजित किया। वही दूसरे सेमीफाइनल में अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज एवं एटीएस कटकुइंया कला बी टीम के मध्य हुआ। जिसमें एटीएस बी की टीम ने अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज की टीम को 18.15 से पराजित किया। और फाइनल मैच एटीएस ए एवं एटीएस टीम बी के मध्य हुआ जिसमें एटीएस एक की टीम ने ए टी एस बी की टीम को 13.11 से पराजित किया। वही बास्केटबॉल बालक वर्ग में प्रथम सेमीफाइनल मैच में स्टेडियम ए की टीम ने एटीएस की टीम को 28.17 से पराजित किया एवं द्वितीय सेमीफाइनल मैच में अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज की टीम ने स्टेडियम टीम बी की टीम को 17.15 से पराजित किया एवं फाइनल मुकाबले में स्टेडियम की टीम ने अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज की टीम को 27.23 से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम किया।

**कार्यालय नगर पंचायत महोना**
**जनपद लखनऊ**

पत्रांक – 459/न0पं०म0/ई0नि0सू0/2022–23 दिनांक–30/11/2022

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत महोना, लखनऊ में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु निविदा दिनांक 01.12.2022 को प्रातः 12.00 बजे से दिनांक 07.12.2022 को समय अपरान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी, जो कि उसी दिन 1.00 बजे खोली जायेगी। उक्त समस्त निविदाएं ऑनलाइन बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं, तथा ओपेन की गयी निविदा को सम्बन्धित वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं दो प्रतिशत धरोहर धनराशि टेण्डर डॉक्यूमेन्ट के आधार पर भुगतान किया जायेगा। बिना निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के निविदा निरस्त कर दी जायेगी। कार्य का भुगतान उपयोगिता अवधि बढ़ने/बजट की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महोना**
**लखनऊ**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत महोना**
**लखनऊ**

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति की समीक्षा बैठक



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जनपद में आयुष्मान कार्ड की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। सभी चिकित्साधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष आयुष्मान कार्ड ना बनाने वाली आशाओं को चिन्हित कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाने में रुचि ना ले रही । एएनएमो का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाए। सुधारना होने पर एएनएम की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। आयुष्मान कार्ड की प्रगति ना सुधरने तक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन सभी चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा करेंगे और इसी प्रकार सभी चिकित्सा अधिकारी अपने अधीनस्थों के साथ समीक्षा कर अभियान के रूप मे आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करे। बैठक मे बताया गया कि बुलाने के बाद भी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सक उपस्थित नहीं हुए है। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। सीएचसी बरोन मे एआरपी रिपोर्ट ठीक नहीं पायी गयी। सीएचसी मोहम्मदाबाद संस्थागत प्रसव की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। एएनएमो मोहम्मदाबाद में संस्थागत प्रसव ना कराने वाली । छः को चिन्हित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## व्यक्ति को आत्म नहीं अपितु समाज केंद्रित बनना चाहिए: प्रमुख सचिव

● 'शिक्षा की गुणवत्ता में नियमित सुधार कर अभ्युदय योजना की सार्थकता को करें सिद्ध'

संवाददाता। कानपुर देहात



**प्रमुख सचिव,** परिवहन विभाग एवं महानिदेशक, उपामए उ0प्र0 शासन एल0 वेंक्टेश्वर लू द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में अभ्युदय योजना पर आधारित पर समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। जैसा कि विदित है कि अभ्युदय योजना का उद्देश्य सिविल सेवा व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इच्छुक लोगों के लिए एक मुफ्त मंच प्रदान करना हैए इस महत्वपूर्ण योजना में अनेक आईपीएसए आईएएसए आईएफएस रैंक के अधिकारी इच्छुक उम्मीदवारों को साक्षात कक्षाओं व वर्चुअल माध्यम से शिक्षा दे रहे हैए इसी की समीक्षा करते हुए एल0 वेंक्टेश्वर लू ने कहा कि जो भी प्रतिभाशाली बच्चें दूर दराज क्षेत्रों में आवासित है उन्हें इस योजना के तहत अवसर प्रदान किया जायेए उन्होंने कहा कि पढ़ने वाले और पढ़ाने वाले की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिएए एक कालेज में एक कक्षाऐं चले ताकि सभी बच्चों पर समान रूप से ध्यान दिया जा सके। मा0 मुख्यमंत्री जी का उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राऐं जो पढ़ने के लिए बाहर जाते है उनको यही पर एक बेहतर महौल प्रदान किया जायेए जिससे उनकी प्रतिभा को एक मुकाम मिल सकेए वास्तव में यह ष्अमृत महोत्सवष् का समय चल रहा है जिसका उद्देश्य ही है कि समाज के सभी लोगों को सामान अवसर व प्रतिनिधित्व प्रदान करनाए वास्तव में यह योजना हमें समाज के प्रति कुछ योगदान करने हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित करती है। हमारे संविधान में निहित प्रस्तावना में समान अवसर व प्रतिष्ठा की बात की गयी हैए यह प्रतिष्ठा और अवसर की समान्यता तभी आयेगी जब हमारे देश का नवनिर्माण हो सके और युवाओं को दिग्भ्रमित होने से बचाया जा सके और यह लक्ष्य केवल बातों का सीमित नही रहना चाहिए बल्कि हमें इसमें काम भी करना हैए जिले के सभी जिम्मेदार अधिकारी अपनी महती भूमिका इसमें अदा करें। उन्होंने आगे कहा कि हम कुछ रचनात्मक कार्य करेंए वास्तव में यह व्यवसाय नहीं अपितु विजन है जिसको हमें मानवता के आधार पर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति आत्म केन्द्रित नही अपितु समाज केन्द्रित बनना चाहिएए जिससे आपकी प्रतिभा और सहयोग का लाभ अन्य प्रतिभाऐ भी उठा सके। उन्होंने अभ्युदय योजना के अन्तर्गत अपना सहयोग दे रहे शिक्षकों को सराहा एवं छात्र.छात्राओं को मोमेन्टों व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक सुनीति, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशवनाथ गुप्त, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एके सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 प्रज्ञा शंकर, एआरटीओ प्रशासन मनोज वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन सोमलता यादव आदि उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 1 दिसंबर, 2022



# शहर के चारों तरफ मजबूत रोड ढांचा बनाएं

## कमिश्नर ने जहाँ जरूरी हो वहाँ वन वे करने, ई-रिक्शा को मेन मार्ग से हटाने व वरुणा कॉरिडोर को दो पहिया हेतु खोलने का निर्देश भी दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**कमिश्नर** कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मंडलीय सभागार में सेतु निगम, प्रांतीय खण्ड व ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें शहर को जाम से निजात दिलाने हेतु क्या-क्या प्रयास किये जायें, इस पर सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

प्रांतीय खण्ड के एक्सइन द्वारा जाम से निजात हेतु सुंदरपुर से अस्सी तक एलिवेटेड कॉरिडोर, नक्खी घाट पर रेलवे अंडरपास, वरुणा नदी के दोनों तरफ सड़क बनाने, रथयात्रा से भेलूपुर पानी टंकी होते हुए शंकुलधारा से सड़क चौड़ीकरण, तेलियाबाग से लोहा मंडी तक सड़क चौड़ीकरण आदि प्रस्तावों पर चर्चा हुई। कमिश्नर ने सभी सुझावों पर चर्चा के दौरान टीम बनाकर एक सप्ताह में मौका-मुआयना करने व रिपोर्ट देने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने टीएफसी बड़ा लालपुर तक जाने वाले मार्ग पर फ्लाईओवर का सुझाव दिया, ताकि लोगों को वहां तक पहुँचने में किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने मैदागिन-गोदौलिया मार्ग व रामकटोरा से मैदागिन मार्ग को वन वे करने को कहा गया। कमिश्नर ने मोहनसराय से डॉफी टोल प्लाजा तक लगने वाले जाम को कम करने हेतु एनएचएआई के साथ संयुक्त बैठक करने को कहा व उन ट्रकों व ट्रांसपोर्टरों को चिन्हित कर करवाई करने को कहा जो अनावश्यक रूप से जाम लगाते हैं। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा भीड़ वाले स्थलों को चिन्हित करने व वहां बनने वाले पुल, कॉरिडोर आदि हेतु उचित मौका मुआयना करने को कहा गया ताकि जो भी निर्माण हो उसका उचित लाभ जनता को मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी एस राजलिंगम, वीडीए सचिव सुनील वर्मा, एस पी ट्रैफिक, प्रांतीय खण्ड व सेतु निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# मच्छररोधी दवा के छिड़काव की उठाई गई मांग

**बीजपुर/सोनभद्र।** विकास खण्ड म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहाँ के विभिन्न ग्राम सभाओं में जैसे जैसे ठंड बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे आदिवासी निर्धन तबके के ग्रामीण एक तरफ जहां ठंडी से परेशान नजर आ रहे है वही दूसरी तरफ क्षेत्र में मच्छरों की बहुतायत के कारण वे तरह तरह की बीमारियों के शिकार होकर वे झोलाछाप चिकित्सकों के शरण मे जाकर उनके दोहन का शिकार हो रहे हैं। मच्छरों की बहुतायत से ग्रमीणों के रातों की नींद हराम होती जा रही है। ग्राम सभा बीजपुर सिरसोती डोडहर नेमना जरहाँ महुली पिंडारी रजमिलान झीलों खम्हरिया महरीकला लीलाडेवा अंजानी एवं सिंदूर के ग्रामीणों की माने तो उनके ग्राम सभाओं में उचित समय पर मच्छररोधी दवा का छिड़काव न किए जाने से वे आए दिन बीमारियों के शिकार हो रहे है।

# बाढ़ राहत चयन प्रतियोगिता में पीएसी रामनगर की टीम ने किया प्रतिभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**बुधवार** को रामनगर किला घाट पर पीएसी पूर्वी जोन की चयनित श्रेष्ठ बाढ़ राहत चयन प्रतियोगिता वर्ष 2022 का आयोजन किया गया जिसमें पीएसी पूर्वी जोन में प्रथम स्थान पर चयनित 36 वीं वाहिनी पीएसी रामनगर, वाराणसी की बाढ़ राहत दल ने प्रतिभाग किया। ..

इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार पाण्डेय (आईपीएस) सेनानायक, 36 बीएन व संजय सिंह (आईपीएस) सेनानायक, 02 बीएन समेत विभिन्न अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में तैराकी, चापू चलाना, पतवार संभालना, गोताखोरी, डूबते लोगों को बचाना विभिन्न उपकरणों के बारे में जानकारी समेत 14 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर किलाघाट पर भारी संख्या में दर्शक क्षेत्रीय जनता भी उपस्थित रहे तथा करतल ध्वनियों के साथ जवानों का हौसला अफ्जाई करते रहे। इस अवसर पर 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर के कमाडेंट डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय(आईपीएस)ने कहा कि पीएसी के जवान दंगा,बवाल आदि क्षेत्रों में घटना को नियंत्रण करने के अलावा गंगा, नदी में बाढ़ के समय डूबते लोगों को भी बचाते हैं तथा सामाजिक सेवा सहित आदि कार्य में निपुण रहते है।

# वनिता समाज ने सर्दी से राहत के लिए बांटे कंबल




**सोनभद्र।** वनिता समाज, एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा समाज कल्याण हेतु बैगा बस्ती-परसवार राजा, अंबेडकर नगर, शक्तिनगर बस स्टैंड, पीडबल्यूडी मोड, ज्वाला मुखी मंदिर एवं कोटा बस्ती के जरूरतमंद एवं गरीब व्यक्तियों को सर्दी से राहत हेतु जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज, व अन्य गणमान्य अधिकारीगण एवं वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा रात्रि में कंबल का वितरण किया गया। रात्रि में कंबल वितरण का उद्देश्य फुटपाथ, सड़क के किनारे एवं कच्चे मकानों में सोने वाले ठंड से ठिठुर रहे गरीब लोगों की मदद करना था। इस अवसर पर जयिता गोस्वामी ने कहा कि वनिता समाज सभी जरूरतमंद जनों की सहायता हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वनिता समाज द्वारा कड़कड़ाती ठंड से परेशान सभी जरूरतमंद लोगों की मदद हेतु रात्रि में कंबल वितरण किया गया, ताकि इन गरीब जनों को सर्दी के मौसम से राहत मिल सकें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वनिता समाज, समाज कल्याण हेतु भविष्य में भी सामाजिक कल्याणकारी गतिविधियां जारी रखेगी।

# सिख गुरुओं का आध्यात्मिक चिन्तन भारतीय परम्परा का सामान्यीरण था: कुलपति प्रो.त्रिपाठी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**श्री** सद्गुरु रामसिंह जी महाराज पीठ तुलनात्मक धर्म दर्शन विभाग सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के तत्त्वावधान में गुरु नानक जयंती एवं सद्गुरु जगजीत सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता प्रो राम सुधार सिंह ने गुरु नानक देव जी की आध्यात्मिक चेतना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिक्ख परम्परा का जन्म भारत की महान आध्यात्मिक परम्परा का ही उन्नत स्वरुप है। गुरु नानक देव जी ने भारत की आध्यात्मिक चेतना को पूर्ण समग्रता के साथ आत्मसात किया और जो मालिन्य एवं दौर्बल्य आ गया था उसका परिष्कार करते हुए धर्म का समकालीन रुप सामने रखा। उनकी वाणियों में एक ओर भक्ति की निर्झरणी प्रवाहित होती है तो दुसरी ओर वेदान्त का ज्ञान। उनके दार्शनिक विचारो पर वेदान्त का पूर्ण प्रभाव दिखाई देता है। यहां तक की शब्दावली भी वेदान्त से मिलती है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि सिक्ख गुरुओं का आध्यात्मिक चिन्तन भारतीय परम्परा का सामान्यीरण था। उन्होंने अध्यात्म को जिया और उसे ही सरल रूप मे प्रस्तुत कर दिया। ओम् शब्द ब्रम्हा के कन्ठ का भेदन कर के निकला जिसे गुरु नानक ने आत्मसात कर लिया।

# आकांक्षा वर्मा का रामनगर में हुआ जोरदार स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की रहने वाली खेल जगत में जूडो कराटे चौंपियनशिप में अपना लोहा मनवा चुकी आकांक्षा वर्मा श्रीलंका से बुधवार को वापसी हुई ऐतिहासिक रामनगर चौराहे पर नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा भव्य जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर के लोगों ने जूडो-कराटे चैम्पियनशिप आकांक्षा वर्मा को वरिष्ठ कांग्रेसी विपिन सिंह, डॉक्टर मलिक साबिर रजा, मौलाना शरीफ हाफिज, गुड्डू अंसारी, अजहरुद्दीन, फैयाज अहमद एडवोकेट, लियाकत भाई, इमरान मिर्जा बाबू से इमरान खान, जितेंद्र रावत, आयान साहब, नगर अध्यक्ष शमशाद खान आदि ने अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी को माल्यार्पण कर उसका हौसला बुलंद किया तथा उसे ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इसके अलावा रामनगर के अन्य वरिष्ठ साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विपिन सिंह ने कहा कि आकांक्षा सिंह देश के साथ काशी के रामनगर व प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र का मान अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। हम सब कांग्रेसी खिलाड़ी आकांक्षा वर्मा के भविष्य की कामना करते हैं इसी तरह देश का नाम व रामनगर का रोशन करें।

# नियमों का पालन करने के निर्देश के साथ हुआ यातायात माह का समापन

**संवाददाता।** डाला/सोनभद्र



**यातायात** माह का समापन रामलीला मैदान में बुधवार की सुबह ग्यारह बजे गुड सेमिरिटन नेक आदमी 108 एम्बुलेंस कर्मी 112 पुलिस बल कर्मीयों को सम्मानित करके मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनभद्र पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह रहे। माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मंत्रोंचार के साथ दीप प्रज्वलन व स्वागत गीत के बाद कार्यक्रम की शुरुवात हुई। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा नियमों का पालन अनिवार्य है लेकिन लोग करते नही है, पुलिस का दायित्व है हम दुर्घटना मे मददगारों का सहयोग करें, पुराने वाहनो का सत्यापन करने के बाद ही खरीदारी करें, मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करें एक दुसरे की मदद करें। यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लग पाएगा। विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, एआरटीओ धनवीर यादव, राजेश्वर यादव,अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक खोसला, मानव संसाधन उपाध्यक्ष पंकज पोद्दार, एडमिन व सीएसआर हेड ऋषि राज सिंह शेखावत, प्रधानाचार्य अतुल पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि दुर्घटना का बचाव जानकारी है, दुर्घटनाओं की रोकथाम आपके जागरूकता के बिना संभव नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यातायात क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने बताया की हर वर्ष नवबंर माह को यातायात माह के रुप में मनाया जाता है जनपद के स्कूल, कालेज, समेत जिले के विभिन्न जगहों पर निंबध, चित्रकला, समान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय, तृतीय को शील्ड व प्रशस्ति पत्र 20 गुड सेमिरिटन नेक आदमी जिसमें पत्रकार 108 एम्बुलेंस कर्मी व 112 पुलिस बल को अच्छे कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया गया।

# देश बनाओ, देश बचाओं पदयात्रा का आगमन 5 दिसम्बर को

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के आदेशानुसार समाजवादी पार्टी के प्रकोष्ठों की बैठक जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर वरिष्ठ नेता दामोदर मौर्या की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनपद में देश बनाओ देश बचाओं यात्रा पांचो विधानसभा के सैकड़ों गॉवों से गुजरेगी और रात्रि विश्राम भी उसी क्षेत्र में करेगी। आपको बताने की प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर गाजीपुर के रहने वाले अभिषेक यादव को देश बचाओं देश बनाओं समाजवादी पदयात्रा का नायक बनाया गया है। वह 5 दिसम्बर को जिले में पहुॅच रहे है। साथ ही सदस्यता अभियान पर जोर देने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे दामोदर मौर्या ने कहा कि 5 दिसम्बर को सोनभद्र से चलकर पदयात्रा मीरजापुर जनपद में आ रही है जो पांचो विधानसभा में जायेगी और रात्रि विश्राम विधानसभा क्षेत्र में होगा। उन्होने प्रकोष्ठो के जिलाध्यक्ष से कहा कि स्वागत करने की तैयारी युद्व स्तर पर शुरू कर दे।

# तीन गरीब बेटियों की शादी का सीओ अनिरूद्ध ने उठाया बीड़ा



**सकलडीहा,चन्दौली।** खाकी वर्दी को देखकर लोग तमाम कयास लगाते है। लेकिन जब खाकी वर्दी किसी गरीब बेटीयों के लिये बरदान बने तो परिवार वालों के लिये पुलिस वाला मसीहा बन जाता है। कुछ ऐसा ही पीडीडीयू नगर सीओ अनिरूद्ध सिंह ने एक बार फिर सकलडीहा के दो गरीब बेटी के साथ नौगढ़ की एक बनवासी बेटी का शादी कराने का बीड़ा उठाया है। सीओ का पहल लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। सकलडीहा सीओ रहते अनिरूद्ध सिंह ने पहली बार समाजसेवी दुर्गेश सिंह के पहल पर आवाजापुर की एक गरीब बेटी का शादी कराकर पूरे प्रदेश में पुलिस के लिये मिशाल बने। एक बार फिर समाजसेवी दुर्गेश सिंह के पहल पर नौगढ़ की एक आदिवासी बेटी सुशीला सकलडीहा कस्बा के मजदूर की बेटी चंचला वर्मा और रैपुरा में बिन मां की बेटी सुमन यादव का हाथ पीला कराने का बीड़ा उठाया है। जिसको लेकर तैयारी शुरू कर दिया गया है। आगामी 12 फरवरी को सकलडीहा में धूम धाम से शादी गाजा बाजा व विधि विधान के साथ संपन्न कराया जायेगा।

# कुष्ठ रोग के खात्मे के लिए स्वास्थ्य कर्मी हुए प्रशिक्षित

**मिर्जापुर।** कुष्ठ रोग के खात्मे को लेकर बुधवार को सीएमओ कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में कुष्ठ विभाग के कर्मचारी व राष्ट्रीय बाल किशोर कार्यक्रम के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का कार्य किया गया। इस आशय की जानकारी जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉक्टर एके राय ने दी। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि अब कुष्ठ रोग के खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल किशोर कार्यक्रम के कर्मचारी भी सहयोग करेगे। इसके तहत राष्ट्रीय बाल किशोर कार्यक्रम के कर्मचारी अब 0.18 वर्ष के बच्चों का स्क्रीनिंग करने का काम करेगे और उसका आंकड़ा विभाग को सौंपने का काम करेगे। इससे उन बालको का नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बिना विलम्ब शुरू कर दिया जायेगा। जिससे निश्चित रूप से हम कुष्ठ रोग को खात्मे की ओर बढ़ सकेगे। इस समय जिले के 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 326 केन्द्रों पर निशुल्क उपलब्ध है और उनके उपचार के लिए हर केन्द्रों पर 05 बेड का एक वार्ड भी बना हुआ है। इस समय आंकड़ा के अनुसार 115 कुष्ठ रोगियों का उपचार चल रहा है। जिले में मेडिकल कालेज में कुष्ठ रोग की जांच उपलब्ध होने के कारण अब जांच के लिए बाहर नही जाना होगा और शाम तक ही रिपोर्ट को उपलब्ध हो जायेगा।

राष्ट्रीय बाल किशोर कार्यक्रम के नोडल व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी बीएल यादव ने बताया कि विभाग के कर्मचारी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों व बच्चों का स्क्रीनिंग का कार्य स्कूलों व कालेजो में किया जायेगा और लक्षण मिलने पर उन्हे कुष्ठ विभाग को सौंप दिया जायेगा। जिससे उनका उपचार तुरन्त मुहैया विभाग की ओर से करा दिया जायेगा।

विश्व एड्स दिवस पर विशेष

# एचआईवी संक्रमितों को नई जिंदगी दे रहा एआरटी सेंटर

- निःशुल्क उपचार के साथ ही उनका बढ़ा रहा हौसला
- एड्स के खतरे से भी लोगों को कर रहा जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**प्रतियोगी** परीक्षा की तैयारी करने दिल्ली गये रामनगर निवासी शशांक, 23 वर्ष (परिवर्तित नाम ) की वहां एक युवती से शारीरिक रिश्ते बन गए। घर वापसी के कुछ महीनो बाद शशांक अक्सर बीमार रहने लगा। उसका शरीर कमजोर होता जा रहा था। बुखार पीछा छोड़ने का नाम ही नहीं ले रहा था। जांच में जब पता चला कि वह एचआईवी संक्रमित है तो शशांक के होश उड़ गये। लगा कि उसके सारे सपने टूट चुके हैं। उस वक्त एंटी रेट्रोवायरल ट्रीटमेंट (एआरटी) सेंटर ने उसको एक नई जिंदगी दी। नतीजन एचआइवी पॉजीटिव होते हुए भी शशांक खुशहाल जिंदगी जी रहा है।

यह कहानी सिर्फशशांक की नहीं बल्कि पंडित दीनदयाल राजकीय चिकित्सालय स्थित एआरटी सेंटर शशांक जैसे उन हजारों युवाओं को वर्षों से नई जिंदगी दे रहा है जो एचआईवी संक्रमित होने के कारण जीवन से निराश हो चुके थे। एआरटी सेंटर की वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. प्रीति अग्रवाल बताती है कि इस सेंटर की स्थापना वर्ष 2011 में हुई। मकसद एचआईवी संक्रमितों को उचित उपचार देने के साथ उनके हौसले को बढ़ाना है । इसके अलावा एचआईवी व एड्स के खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी काम एआरटी सेंटर करता है। वह बताती है कि 10 वर्ष के भीतर इस केन्द्र में एचआईवी संक्रमित लगभग 4500 लोगों का पंजीकरण हुआ जिनका निःशुल्क उपचार किया जा रहा है।

**क्या है एचआईवी वायरस** - डॉ प्रीति अग्रवाल ने बताया कि एचआईवी का वायरस मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है, जिसका समय से उपचार न करने पर उसे अनेक बीमारियां घेर लेती हैं। इस स्थिति को एड्स कहते हैं। उपचार से वायरस को पूरी तरह खत्म तो नहीं किया जा सकता, लेकिन रोककर रखा जा सकता है। अच्छे खानपान और उपचार से मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है। इसलिए मरीज रोग को छिपाएं न, समय पर और नियमित उपचार करें तो वह अपनी सामान्य आयु पूरी कर सकता है। डा. प्रीति बताती है कि एआरटी सेंटर में एचआईवी की निःशुल्क जांच होती है। एचआईवी पॉजीटिव होने पर मरीज का फौरन निःशुल्क उपचार शुरू किया जाता है। एआरटी सेंटर के अलावा जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों यहां तक कि सभी सीएचसी-पीएचसी में भी एचआईवी जांच की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है।

**प्रमुख लक्षण** - वजन का घटना, लगातार दस्त होना, लम्बे समय तक बुखार का होना, शरीर पर खाज, खुजली, त्वचा में संक्रमण होना, मुंह में छाले, जीभ पर फफूंदी का आना, गले या बगल में सूजन भरी गिल्टियों का होना एचआईवी पॉजीटिव होने के लक्षण हो सकते है।

**इन्हें हो सकता है संक्रमण** - एचआईवी संक्रमित के साथ यौन सम्पर्क, इंजेक्शन से नशीली दवा लेने वाला व्यक्ति को,माता-पिता के एचआईवी संक्रमण के बाद पैदा होने वाले बच्चे को, बिना जांच किया हुआ रक्त चढ़वाने वाले व्यक्ति को एचआईवी संक्रमण का खतरा रहता है।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**सकलडीह, चन्दौली ।** सकलडीहा रेलवे स्टेशन पर सुबह सवा छरू बजे ट्रैन पर चढ़ते समय अमावल गांव की 40 वर्षीय महिला का पैर फिसल जाने से ट्रैन के नीचे चली गयी। परिजन आनन फानन में निजी हास्पीटल ले गये। जहां डाक्टर में मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को बगैर सूचना दिये परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया। अमावल गांव के बीरेन्द्र राम के दो पुत्र विशाल और संतोष है। बीरेन्द्र चतुर्भुजपुर कस्बा में एक दुकान पर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। सुबह पत्नी सुमन बच्चों के साथ कही जाने के लिये रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ रही थी। अचानक पैर फिसल जाने पर ट्रेन की चपेट में आने से बुरी तरह से घायल होगयी। आनन फानन में परिजन निजी हास्पीटल ले गये। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में पति सहित बच्चों का रोते रोते बुरा हाल था। पुलिस को बगैर सुचना दिये परिजनों ने बलुआ घाट पर दाह संस्कार कर दिया। इस बाबत प्रभारी कोतवाली आरपी यादव ने बताया कि घटना को लेकर परिजनों द्वारा कोई सूचना नही दिया गया है।

### निकाली महिला सशक्तीकरण की जागरूकता रैली

**मीरजापुर।** राजाराम मोहन राय की 250वी जयन्ती वर्ष पर नगर के कई महिला विद्यालयों द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता रैली निकाली।इस रैली में महर्षि दयानंद बालिका इण्टर कॉलेजएसुन्दर मुन्दर जायसवाल बालिका इण्टर कॉलेजएहिन्दू बालिका विद्यालयएआर्यकन्या पाठशाला इण्टरमीडिएट कॉलेजएस्व0काशीराम राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की बालिकाओं ने भाग लिया।रैली जीआईसी कॉलेज से प्रारंभ होकर नगर के कई मार्गो से गुज़रते हुये त्रिमोहानी स्थित शहीद उद्यान में रैली का समापन हुआ।इस समापन कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।जहा उन्होंने राजा राममोहन राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि राजा राममोहन राय की 250वी जयन्ती वर्ष पर नगर के महिला विद्यालयों ने महिला सशक्तिकरण की जागरूकता रैली निकाल कर समाज को एक संदेश देने का काम किया।देश की महिलाओं को अब बराबर का हक मिला है।समाज के हर वर्गएक्षेत्र में अब महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर चलती है।राजा राममोहन राय ने ही महिला सशक्तिकरण की पहल कर समाज मे फैली कुरीतियों का जमकर विरोध किया था।उन्होंने सती प्रथाएबाल विवाह जैसे कई कुप्रथाओं के खिलाफकानून बनाकर महिलाओं को सशक्त करने का काम किया था।आज पूरा भारत उनकी 250वी जयन्ती वर्ष मनाकर उनको श्रद्धांजलि दे रहा है। इस मौके पर जीआईसी प्रधानाचार्य राजकुमार दिक्षित, सुंदर मुन्दर प्रधानचार्य सुनीता पाण्डेय, स्व. काशीराम प्रधानाचार्य अनिता यादव, आर्यकन्या पाठशाला प्रधानचार्य रीता वर्मा, महर्षि दयानन्द प्रधानाचार्या विजयबाला श्रीवास्तव, हिन्दु बालिका प्रधानाचार्या रानी श्रीवास्तव, अनूप कुमार, जय सिंह, संजय कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंहएनीरज कान्त, बृजेश कुमार पाण्डेय, कमलेश कुमार आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### सीढ़ी के सहारे घर में घुसे चोरों ने नगदी सहित जेवरात उड़ाए

**धानापुर, चन्दौली।** थानाक्षेत्र के धरांव गांव में बीती रात चोरों ने मकसूद खान उर्फगोला के घर में सीढ़ी के सहारे घुस कर आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे चार हजार नगदी सहित लगभग 5 लाख के जेवरात पर हाथ साफकर दिया। बताया जाता है कि भुक्तभोगी और उसका परिवार अपने अपने कमरे में सो रहे थे। छोटी बहू अपने सास के साथ दूसरे कमरे में सो रही थी। एक साल पूर्व ही छोटे बेटे की शादी हुई थी जिसमें बहु को जेवरात मिले थे। चोर मध्य रात्रि के लगभग घर में बांस के सीढ़ी के सहारे प्रवेश किये और घर में सभी कमरों को बाहर से बंद कर दिया और छोटी बहु के कमरे में घुस कर उसमें रखे आलमारी का लाकर तोड़ दिया। भुक्तभोगी के अनुसार उसमें रखी सोने की हारए सोने की चेनए मंगलसूत्रए हीरे की अंगूठी सहित कुल 16 गहने जो लगभग पांच लाख के आभूषण और चार हजार नगदी गायब था। घटना की जानकारी भोर में तब हुई जब भुक्तभोगी कमरे से बाहर निकलने के लिए दरवाजा खोलने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना तत्काल 112 नंबर पर दी गयी। मौके पर थानाध्यक्ष विपिन सिंह पहुंचकर चोरी के बाबत पूछताछ कर जांच किया। उन्होंने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है फॉरेंसिक टीम भी जांच कर रही है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

### निशुल्क चिकित्सालय का हुआ उद्घघाटन



मुग़लसराय, चन्दौली ।चंदासी कोल् ट्रेडर्स असोसिएशन के सौजन्य से कोयला मंडी चंदासी में एक निःशुल्क चिकित्सालय की स्थापना कपूर कटरा जी टी रोड पे हुई जिसका उद्घघाटन अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर बी शरण ने फीता काटकर किया । मुख्य अतिथि नीमा प्रदेश प्रवक्ता एएवम भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह सयोंजक डॉ ओ पी सिंह एडॉ मनोज सिंह एवम सुभाष तुलस्यान जी थे ।इस अवसर पर बोलते हुए डॉ आर बी शरण ने इस नेक कार्य के लिए अध्यक्ष श्री सतीश जिन्दल एवम पूरी टीम को बधाई दी एवम पूरा सहयोग देने की बात कही । डॉ ओ पी सिंह ने कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक है कि इतने वर्षों बाद चिकित्सालय की स्थापना हुई जिसका भरपूर फायदा ड्राइवर मजदूर राहगीर इत्यादि लोगो को मिलेगा । इस अवसर पे ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल के सौजन्य से 57 लोगो की पीएफटी एवम शुगर की जांच की गई डॉ यस के पाठक की टीम प्रतिमाह एक बार जांच करेगी चिकित्सालय में डॉ यस पी सिंह प्रतिदिन बैठेंगे डॉ अंकित सिंह डॉ मनोज सिंह भी समय देंगे इस अवसर पे राम अवतार तिवारी जी मनोज अग्रवाल हाफिज भाई नियाज अहमद देश दीप मित्तल मोहित बागोड़िया अभय तिवारी दिलीप जी मुरारी गुप्ता आशाराम यादव आदेश श्रीवास्तव हामिद भाई टिकमानी जी इत्यादि लोग थे सभी के प्रति आभार एवम धन्यवाद अध्यक्ष सतीश जिन्दल ने किया ।

### नगर के विकास व हित में किये गये कार्य: विरेन्द्र कुमार जायसवाल



**सोनभद्र।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार जायसवाल की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी निर्वाचित व मनोनीत सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करतें हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार जायसवाल नें सदन को सम्बोधित करते हुये विगत पांच वर्षो के कार्यकाल में सदस्यगण तथा कर्मचारियों द्वारा नगर के विकास हित में किये गये तत्परतापूर्वक कार्यो के प्रति संतोष व्यक्त करते हुये उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने कहा कि मेरे कार्यकाल में कोविड-19 जैसी महामारी का प्रकोप होने के कारण जहां नगर का विकास प्रभावित हुआ वही शासन से मिलने वाली आय में कमी होने पर अपेक्षित विकास कार्य सम्पन्न नही हो सके फिर भी उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष वित्तीय नियमों का अनुसरण करते हुये मेरे द्वारा नगर के विकास में सदैव तत्परतापूर्वक कार्य किये गये। इन्होने नगर वासियों को भी नगर के विकास में सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया। बैठक में नगर के विस्तारित क्षेत्रों मे प्रस्तावित कार्यो पर विचार हुआ तथा बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। बोर्ड बैठक में सभी सदस्यों तथा कर्मचारियों को अंगवस्त्रम भेंट कर उन्हे सम्मानित किया गया।

# कश्मीर फाइल्स प्रकरण

## राजदूत का हस्तक्षेप

**कश्मीर** फाइल्स प्रकरण पर इस्राइल के राजदूत की टिप्पणी दोनों देशों के बीच संबंधों को देखते हुए उचित है, हालांकि इसके बावजूद फिल्म की गुणवत्ता पर सवाल बने रहेंगे। भारत में इस्राइल के राजदूत नोर गिलॉन की 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म पर की गई टिप्पणी फिल्मनिर्माता, सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी नेताओं के लिए आनन्ददायक है। कुछ लोगों का विचार है कि यह फिल्म एक सांस्कृतिक युद्ध का हिस्सा है जिसे हिंदुत्ववादी अवस्थापना ने शुरू किया है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित व निर्देशित इस फिल्म का उद्देश्य प्रत्यक्ष रूप से कश्मीरी पंडितों के प्रति किए जघन्य अपराधों को उजागर करना है जिसने 'नस्ली सफाए' का रूप ले लिया था। लेकिन भाजपा-विरोधियों का मानना है कि इसका परोक्ष उद्देश्य भाजपा का एजेंडा आगे बढ़ाना है। उनका कहना है कि अग्निहोत्री इसके प्रचार में इतने व्यस्त थे कि संभवत: उन्होंने असली कहानी की ज्यादा चिन्ता नहीं की। कश्मीर में जनसंख्या के दशकों लंबे इस्लामीकरण के परिणामस्वरूप जारी प्रक्रिया ने अलगाववाद, जिहाद व पंडितों पर उन अत्याचारों की जमीन तैयार की जिनके चलते उनको यहां से पलायन करना पड़ा। फिल्म देखने वाले किसी व्यक्ति के मन में यह छवि बन सकती है कि 1980 व 1990 के दशक में मुसलमानों ने निंदनीय भूमिका अदा की जिनको धोखेबाज, कायर और क्रूर की तरह प्रस्तुत किया गया है। इसी कारण कुछ लोगों ने इस फिल्म को परंपरागत, भड़काऊ व भ्रामक बता कर इसकी निन्दा की। भारत में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 2022 में संभवत: इसी कारण जूरी प्रमुख नदव लापिद ने कहा कि कश्मीर फाइल्स एक 'प्रचार' की तरह है तथा यह 'भद्दी फिल्म' एक सम्मानित फिल्म फेस्टिवल में 'कलात्मक प्रतियोगी खंड के लिए अनुपयुक्त' है। जूरी सदस्य सुदीप्तो सेन ने स्पष्ट किया कि लापिद की कश्मीर फाइल्स के बारे में टिप्पणी 'पूरी तरह उनकी व्यक्तिगत राय है।' उन्होंने यह दावा भी किया कि जूरी सदस्यों ने उनकी पसंद या नापसंद के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि वे 'किसी प्रकार की राजनीतिक टिप्पणियों में शामिल नहीं हुए।'



ये शब्द भले ही अग्निहोत्री व उनके प्रशंसकों को संतोष देने योग्य हों, पर इसके बावजूद नुकसान हो गया है। इस्राइली राजदूत नोर गिलॉन का हस्तक्षेप निश्चित रूप से इस खराब कही जाने वाली फिल्म से पैदा विवाद से भारत-इस्राइल के बीच द्विपक्षीय संबंधों को अलग रखने का प्रयास है। अंग्रेजी में एक ट्वीट कर उन्होंने कहा, 'मैं चाहता था कि हमारे भारतीय भाई व बहनें इसे समझने में सक्षम होंगे।' उन्होंने लापिद की आलोचना करते हुए कहा कि 'उनको शर्म आनी चाहिए।' राजदूत ने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथि के साथ देवता जैसा व्यवहार होता है। आपने जजों की समिति का अध्यक्ष बनाने के भारतीय आमंत्रण का लापिद ने सबसे बुरे तरीके से निरादर किया है। इसके अलावा उन्होंने अपने प्रति दिखाए विश्वास, सम्मान व आतिथ्य का भी अनादर किया है। भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इस प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यहूदियों के नरसंहार के संबंध में 'बहुत लंबे समय से लोगों ने शिंडलर्स लिस्ट को प्रचार बता कर नरसंहार से इनकार किया था। वे कश्मीर फाइल्स के साथ ऐसा ही व्यवहार कर रहे हैं।' हालांकि, पश्चिम में कुछ लोग यहूदियों के नरसंहार से इनकार करते हैं, पर उनकी संख्या बहुत ही कम है। कुछ लोग शायद शास्त्रीय फिल्म शिंडलर्स लिस्ट की तुलना हाल ही में बनी द कश्मीर फाइल्स से करना उचित न समझें। उनके विचार से प्रमुख मुद्दा संघ परिवार की यह इच्छा है कि उसके विचारों व आदर्शों को प्रस्तुत करने वाली एक सिनेमा धारा होनी चाहिए। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि सिनेमा या कलात्मक अभिव्यक्ति की कोई भी शाखा केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होने पर ही फल-फूल सकती है। भाजपा-विरोधियों का आरोप है कि हिंदुत्ववादी अपनी विचारधारा के अलावा अन्य पर लगाम लगाना चाहते हैं और कश्मीर फाइल्स इसी का नतीजा है।

# भारत की जी-20 अध्यक्षता की नई पारी

**आइए हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।**



**नरेंद्र मोदी**
(लेखक, भारत के प्रधानमंत्री हैं)




**जी-20** की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे।

अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं?

मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गए।

दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।

कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए?

भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य - हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है।

ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है - हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनाई गई है।

आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिए पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाल 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं।

जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी-20 प्राथमिकताओं को; न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथ-चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा। हमारी प्राथमिकताएं; हमारी %एक पृथ्वी% को संरक्षित करने, हमारे %एक परिवार% में सद्भाव पैदा करने और हमारे %एक भविष्य% को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी। अपने प्लेनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे।

मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए; हम, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा।

आइए हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

# प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश जरूरी

> प्लास्टिक कचरा हानिकारक रसायनों से दूषित करने के अलावा जमीन, पानी और समुद्र में हजारों जानवरों की मौत के लिए भी जिम्मेदार है।

**साक्षी सेठी**
(लेखिका पेशे से अध्यापिका हैं)



**प्लास्टिक** सबसे अच्छे आविष्कारों में से एक है। हालांकि, मानव लालच अपने अत्यधिक उत्पादन में समाप्त हो गया, जिससे ढेर के ढेर बन गए, जिन्हें अब ठीक करने की आवश्यकता है। 1970 और 1980 के दशक में कचरे के बारे में चिंता बढ़ने से प्लास्टिक की प्रतिष्ठा गिर गई। प्लास्टिक कचरा जमीन, पानी और मिट्टी को हानिकारक रसायनों से दूषित करने के अलावा जमीन, पानी और समुद्र में हजारों जानवरों की मौत के लिए भी जिम्मेदार है। जिस तरह हाथीदांत को शैतानी बताया जा रहा है, उसी तरह प्लास्टिक प्रदूषण अब वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रहा है।

प्लास्टिक के आविष्कार की शुरुआत में कई लाभ पैदा करने की क्षमता के लिए प्रशंसा की गई थी, लेकिन समय के साथ सस्ता जैसे शब्द प्रतिस्थापन योग्य या फेंकने का पर्याय बन गए, जिसके परिणामस्वरूप प्लास्टिक की प्रतिष्ठा में गिरावट आई। प्लास्टिक पृथ्वी के हर कोने को प्रदूषित करता है, जिससे वन्यजीवों पर सीधा और घातक प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक की थैलियां और तिनके जितने बड़े होते हैं, समुद्री जीवन को चोक कर सकते हैं और भूखे रह सकते हैं, जबकि छोटे टुकड़े जानवरों में जिगर और जठरांत्र संबंधी क्षति का कारण बन सकते हैं जो अंतत: मानव जीवन को प्रभावित कर सकते हैं।

आज, हमें सुपरमार्केट और किराने की दुकानों को प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से जिन्हें पैकेट खोलते ही निपटाना होता है। यह एकल उपयोग डिस्पोजेबल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने वाले कार्यकर्ताओं के लिए एक लक्ष्य बन गया है।

दूसरी ओर कागज हल्का होने के साथ-साथ आकार देने में आसान होता है, लेकिन न तो मजबूत होता है और न ही यह लंबे समय तक टिकता है। इसमें बड़ी मात्रा में लकड़ी की खपत होती है जो पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए, वैज्ञानिकों ने विभिन्न विकल्पों की तलाश शुरू कर दी, जो हल्का, मजबूत, टिकाऊ, सस्ता और पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर न हो।



प्लास्टिक शब्द का मूल अर्थ लचीला और आसानी से आकार देने वाला होता है। 1862 में, लंदन अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में दुनिया के पहले मानव निर्मित प्लास्टिक, पारकेसिन के निर्माता अलेक्जेंडर पार्क्स ने इसे वॉटरप्रूफिंग के लिए शेलैक के सिंथेटिक विकल्प के रूप में विकसित किया। सफलता के तुरंत बाद, सिंथेटिक पॉलिमर, जिन्हें बाद में प्लास्टिक के रूप में जाना गया, की खोज और विकास किया गया। प्लास्टिक मूल रूप से पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए एक समाधान के रूप में बनाया गया था। प्लास्टिक एक बहुमुखी सामग्री है जिसने हमें स्वच्छ, स्वस्थ और कुशल जीवन शैली जीने में मदद करने के संबंध में कई लाभ प्रदान किए हैं। बेहतर सौंदर्य अपील और उत्कृष्ट थर्मल और इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन गुणों के अलावा, यह हल्का होने के लिए कई तरह से उपयोगी साबित हुआ है।

इसमें एडहेसिव, पेपर, एल्युमीनियम फॉयल जैसी अन्य सामग्रियों के साथ संयोजन करने की अनूठी क्षमता है, जबकि इसका उपयोग खाद्य पैकेजिंग के लिए भी किया जा रहा है, इसके अलावा इसकी उत्पादन लागत भी कम है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और चिकित्सा जैसे कई क्षेत्रों में प्लास्टिक की आवश्यकता मौजूद है। गंभीर तंत्रिका संबंधी स्थितियों वाले रोगियों, या अपने मोटर कौशल को प्रशिक्षित करने के लिए सीखने वाले बच्चों, या आंदोलन की समस्याओं वाले बुजुर्गों को अपने दैनिक जीवन में एक लचीली, हल्की और टिकाऊ सामग्री की आवश्यकता होती है, जिसे केवल प्लास्टिक से ही पूरा किया जा सकता है। प्लास्टिक के पुनर्चक्रण का अर्थ है प्लास्टिक कचरे की मात्रा को कम करना। यह बदले में प्रदूषण को कम करता है और खाद्य श्रृंखला के लिए महत्वपूर्ण कई पशु प्रजातियों को बचाता है। अगर उद्योग जगत ने समस्या खड़ी की है तो उसका समाधान भी देना चाहिए। प्लास्टिक उद्योग ने समाधान के रूप में प्लास्टिक के पुनर्चक्रण की पेशकश की। 1980 में, प्लास्टिक उद्योग की शुरुआत एक अभियान के साथ हुई, जिसमें उन्होंने नगर पालिकाओं को अपने अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के हिस्से के रूप में पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों को एकत्र करने और संसाधित करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए अपशिष्ट प्रबंधन में तकनीकी प्रगति के साथ, परिदृश्य में धीरे-धीरे सुधार होने लगा।

बुद्धिमान डिजाइन और विचारशील विकास के साथ, लेने और बनाने की लालची मानसिकता को संबोधित करने का एक मौका है जो प्लास्टिक प्रदूषण को बढ़ावा देता है और एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को लागू करता है। इतने बढ़ते अविश्वास के बावजूद, प्लास्टिक आधुनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।

## आप की बात

### बढ़ता प्रदूषण

**बढ़ता** धूल, धुंआ और ध्वनि प्रदूषण नई-नई बीमारियां उत्पन्न कर रहा है. पीएम मोदी के आह्वान पर पूरे देश में काफी समय से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस हेतु हर वर्ष बहुत से शहरों को पुरस्कृत करके प्रोत्साहित भी किया जा रहा है, फिर भी प्रदूषण पर सफलता पूरी तरह नहीं मिल पा रही है। केंद्र तो साफ़-सफाई हेतु सभी प्रदेशों और शहरों को जागरूक करने हेतु हर तरह के सहयोग देने हेतु प्रयत्नशील है। तब राज्य सरकारें और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी होती है कि वह केंद्र के निर्देशों का पालन करे और कराये एवं नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करे, तभी जल्द सफलता हांसिल की जा सकती है. धूल से मुक्ति के लिए सड़कों की सफाई, धुएं से राहत के लिए उद्योग धंधों से निकलते बेतहाशा धुएं पर नियंत्रण हेतु विशेष उपाय और ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए यातायात व पुलिस विभाग को सक्रिय होना पडेगा। क्योंकि सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों पर बेहिसाबी हार्न, शादी-ब्याह, रैली, उत्सव आदि में कानफोड़ू डीजे के उपयोग को पुलिस और यातायात विभाग ही नियंत्रित कर सकता है अगर राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन प्रदूषण रोकने हेतु सक्रिय रहें तो हर तरह के प्रदूषण से शहर और राज्य को मुक्ति मिल सकती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### चिकित्सा में सावधानियां

**इंडियन** काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने नई गाइडलाइंस जारी कर डॉक्टरों को सलाह दी है कि साधारण बुखार, खांसी में ऐंटीबायॉटिक दवाएं ना प्रिस्क्राइब करें। वैश्विक स्तर पर एंटीबायोटिक दवाएं अपने लिए रेजिडेंस पैदा करती जा रही है जिसके चलते लोग इसका डोज बढ़ाते जा रहे हैं वहीं भारत में सुदूर गांव तक झोलाछाप डॉक्टरों का जाल बिछा हुआ है यह डॉक्टर बिना किसी प्रकार के खून की जांच कराएं हर बीमारी के लिए सभी प्रकार के एंटीबायोटिक्स यहां तक की स्टेरॉयड तक देने से नहीं चूकते जो कि तत्काल रिलीफ तो दे देते हैं मगर भविष्य के लिए यह मनुष्य के शरीर में प्रतिरोधी क्षमता को कम कर देते हैं। मगर शहरी डॉक्टरों की तगड़ी फीस के कारण गरीब और ग्रामीण जन इन्हीं से इलाज करवा कर स्वस्थ होकर घर पर लौट जाते हैं मगर बाद में कभी फिर से बीमारी का अटैक होता है तो उन पर यह दवाएं असर नहीं करती तब मजबूर होकर उन्हें शहर के बड़े अस्पतालों में भर्ती होना पड़ता है जो कि बहुत ही महंगा पड़ता है और भारत में तो हालत यह है कि नए-नए इलाज और नई-नई तकनीकों की खोज की जानकारी तहसील स्तरीय तक पहुंचने में ही दो-तीन वर्ष लग जाते हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### चीन में उथल-पुथल

**यह** पत्र चीन का घटनाक्रम से सम्बंधित है। चीन में जिस तरह के प्रदर्शन कोविड पालिसी के खिलाफ हो रहे हैं वह साधारण नहीं हैं , जबकि पूरा विश्व कोरोना से कैसे लड़ना है और इसको हवुआ नहीं बनाना है सीखा गया है ऐसे में चीन के इस तरह की कड़े नियमों से चीन वासियों को मुश्किल होना लाजमी ही है। चीन ने कभी भी वहां पर कोरोना से मरने वालों की असल संख्या विश्व को नहीं बताई और आज भी वह सच सामने नहीं ला रहे हैं , दुसरे सख्त लॉकडाउन का वहां की अर्थव्यस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है और अर्थव्यस्था की जो गति चीन के अव्वल देशों में शुमार करती थी वह अब अतीत की चीज नजर आ रही है। आज जब कम्युनिस्ट पार्टी के सबसे कद्दावर नेता शी जिनपिंग के खिलाफ सड़कों पर लोग उतर आये हैं तो निसंदेह यह चीन के लिए अच्छे संकेत नहीं है और बेहतर होगा यदि वह अपने कोविड सम्बंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करके कुछ रियायत चीनी लोगों को दें।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** आप सबके सामने एक लिखित पूर्वानुमान देना चाहता हूं कि आप गुजरात में सरकार बनाने जा रही है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हमने** अभी इस बारे में कोई बातचीत नहीं की है कि मैं पुन: चुनाव में खड़ा हूंगा।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**भारत** में रहने वाले सभी लोग परिभाषा से हिंदू थे। देश की सांस्कृतिक सोच के कारण यहां विविधता फली-फूली है।

– **मोहन भागवत**
आरएसएस प्रमुख

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 1 दिसम्बर 2022



# कुपोषित बच्चों के परिवार के राशन व जॉब कार्ड बनवाएं

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में बिन्दुवार विवरण मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने प्रस्तुत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी सीडीपीओ अपने सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों से सम्पर्क कर शत प्रतिशत कुपोषित बच्चों के परिवारों का राशन कार्ड एवं जॉब कार्ड बनवायें। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पोषण समिति की नियमित बैठक करायी जाय तथा एएनएम सेन्टर पर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियमित बैठक भी करायी जाय।

उन्होंने निर्देश दिये कि लाभार्थीवार मासिक अनुपूरक पुष्टाहार वितरण मानक का प्रदर्शन हर आंगनबाड़ी केन्द्रों के दीवालों पर किया जाय तथा नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भूमि का चिन्हांकन पहले से कर लें तथा जो भी आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माणाधीन है, सम्बंधित सीडीपीओ स्वयं मौके पर जाकर इसकी गुणवत्ता चेक करें। सैम.मैम बच्चों के परिवारों में शौचालय बनवायें जाय और जिन परिवारों में अभी शौचालय नही बना है उनका एसबीएम पोर्टल पर शत प्रतिशत आवेदन करायें। सैम.मैम के बच्चों के परिवारों को सहभागिता योजना के अन्तर्गत गौशालाओं से दुधारू पशु दिया जाना है, जिस हेतु सभी सीडीपीओ कुपोषित बच्चों के परिवारों को प्रेरित कर उन्हें पशु उपलब्ध करायें।

पोषण मिशन की समीक्षा के दौरान कायाकल्पए सम्भव अभियान, एनआरसी समीक्षा, समुदाय आधारित गतिविधियों तथा पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के फीडिंग की समीक्षा एवं अनुपूरक पुष्टाहार वितरण आदि की समीक्षा की गयी। इसके पश्चात जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गयी। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत ब्लाकवार गोल्डेन कार्ड की समीक्षा करते हुये कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान हैए परन्तु इसके क्रियान्वयन और नये गोल्डेन कार्ड बनाने में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राजकीय चिकित्सालयों में आयुष्मान योजना के तहत उपचारित मरीजों की स्थिति असंतोषजनक है, आयुष्मान योजना के प्रोग्राम कोआर्डिनेटर को इस सम्बंध में कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये और स्थिति में और अधिक सुधार लाने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान के स्थिति की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि यह भुगतान प्रसव के उपरांत तत्काल लाभार्थियों के खाते में किया जाय, जिससे जननी के पोषण में सहायता हो सकें। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, प्रथम सन्दर्भन इकाईयों पर सिजेरियम प्रसव की स्थिति, टीकाकरण की स्थिति, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आरसीएच पोर्टल पर महत्वपूर्ण संकेतकों की स्थिति आदि की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य एवं सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



## स्कूलों को आपपरेशन कायाकल्प के तहत पूरी तरह संतृप्त किया जाए: जिलाधिकारी

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, पीएम पोषण (एमडीएम) एवं निपुण भारत टास्कफोर्स तथा ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटरो से शीघ्र संतृप्त करना सुनिश्चित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों में भी कायाकल्प के कार्य को शीघ्रातिशीघ्र प्रारंभ कर कायाकल्प के सभी पैरामीटरों से आच्छादित करने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया। ग्रामीण क्षेत्रों के सभी विद्यालयों में बाउंड्रीवाल कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु डी.सी. मनरेगा को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को शिक्षा की गुणवत्ता, समेकित शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में बच्चों के वास्तविक शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन कर उन्हें शैक्षिक स्तर पर शिक्षा प्रदान करने तथा प्रत्येक माह बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार कार्य मूल्यांकन कर रजिस्टर में अंकित करने के निर्देश दिए साथ संबंधित अधिकारियों को इसको नियमित चेक करने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में कम्पोजिट ग्रांट का बेहतर उपयोग करने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करनेए मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर नगर आयुक्त सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ कार्यालय परिसर में प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन

**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से राज्य सरकार समूह की महिलाओं को रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध करा रही हैं। इसी क्रम में सरकारी कार्यालयों में समूह की महिलाओं द्वारा प्रेरणा कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। ऐसे ही एक कैंटीन का उद्घाटन सीएमओ कान्त शर्मा एवं डिप्टी कमिश्नर आर.बी. यादव द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में संयुक्त रूप से 30.11.2022 को किया गया। इस कैंटीन हेतु मालती देवी पत्नी स्वर्गीय छोटेलाल गुप्ता कली स्वयं सहायता समूह ग्राम माधवपुर विकासखंड कटेहरी का चयन किया गया है। मालती देवी के पति की मृत्यु के पश्चात् परिवार के भरण पोषण का दायित्व मालती देवी पर आ गया। वह अपने पुत्र के साथ जलपान की दूकान चलाती थी। विधवा मालती देवी एवं कली स्वयं सहायता समूह के सभी सदस्यों के अनुरोध एवं डिप्टी कमिश्नर के प्रयास से मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में स्थान उपलब्ध कराया गया। प्रेरणा कैंटीन के उद्घाटन के अवसर पर सीएमओ और डिप्टी कमिश्नर के अलावा डॉ. आशुतोष सिंह डिप्टी सीएमओ, डॉ. वीरेंद्र झा अपर सीएमओ, डॉ. पी.के. बादल अपर सीएमओ, ब्लॉक मिशन प्रबंधक रोली एवं प्रमोद वर्मा के साथ समूह की अनेक महिलाएं उपस्थित थीं। डिप्टी कमिश्नर एनआरएलएम द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी एवं सीडीओ महोदय के मार्गदर्शन में सभी सरकारी कार्यालयों में प्रेरणा कैंटीन का संचालन किया जाना है। डिप्टी कमिश्नर द्वारा कैंटीन की संचालक को निर्देश दिया गया कि वह कैंटीन के आसपास बढ़िया साफ सफाई रखेगी गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री तैयार करेगी तथा निषिद्ध वस्तुओं जैसे गुटका तंबाकू आदि की बिक्री अपने दुकान से कदापि नहीं करेगी अन्यथा स्थान आवंटन रद्द भी किया जा सकता है। प्रमुख कार्यालय में जगह उपलब्ध होने पर मालती एवं उनका परिवार बहुत खुश था।

# वैज्ञानिक विधि अपनाकर अधिक उपज लें: वेद प्रकाश

**संवाददाता।** पूरा बाजार



**अयोध्या** जानकारी के अभाव में किसानों को उपज का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है इसलिए किसान वैज्ञानिक विधि अपनाकर अधिक उपज उक्त उद्गार पूरा बाजार ब्लाक के सभागार में किसानों को सरसों के बीज वितरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने का जो संकल्प लिया था वह फलीभूत भी हो रहा है किसानों को उपज का अधिक मूल्य मिले इसलिए धान क्रय केंद्रों पर किसानों का धान समय से तौला जा रहा है और एक सप्ताह के अंदर उसका भुगतान किसान के खातों में चला जा रहा है गन्ना मिलों को चालू करा दिया गया है जिससे किसान पेढ़ी गन्ना समय से बेचकर गेहूं की फसल ले सके द्य

वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि किसानों की उपज अच्छी हो इसके लिए किसानों को समय से बिजली और पानी की व्यवस्था की गई है उन्होंने किसानों से जैविक खेती एवं फल फूल व सब्जियों की खेती करने पर जोर दिया।

सरसों का बीज पाये किसानों में राम सुभावन बैसिग परान देवी बैसिग सुदामा कर्माकोडरी राजेश कुमार पांडे नारायणपुर राम अवध बैसिंग राम दीन कर्मा कोडरी योगेंद्र सिंह कर्मा कोडरी ने कहा कि उन्नतशील सरसों का बीज मिल जाने से पैदावार अच्छी होगी जिससे हम लोगों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह भाजपा के ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार सिंह भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिभजन गौड जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल भाजपा नेता गब्बर सिंह ने भी बीज वितरण में मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता का सहयोग किया कार्यक्रम में क्षेत्रीय गणमान्य लोग वह काफी संख्या में कृषक मौजूद थे।

# डीएम ने मंडी के क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

● **किसानों की सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए**



**अंबेडकर नगर।** डीएम सैमुअल पॉल एन द्वारा तहसील अकबरपुर के अंतर्गत नवीन मंडी सिझौली में विभिन्न विभागों पीसीएफ, मंडी परिषद, विपणन तथा एफसीआई द्वारा संचालित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा धान क्रय केंद्रों पर बोरा रजिस्ट्रेशन, क्रय पंजिका, स्टॉक रजिस्टर, नमी मापक मशीनए तौल मशीन तथा डस्टर मशीन का अवलोकन किया गया। पर्याप्त मात्रा में बोरा उपलब्ध पाया गया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। निरीक्षण के दौरान पीसीएफ द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र प्रभारी संजय कुमार उपस्थित पाए गए। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज कुल 67 कुंटल धान खरीद की जा चुकी है तथा 40 किसानों का भुगतान किया जा चुका है। मंडी परिषद द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र प्रभारी उत्तम प्रकाश उपस्थित पाए गए उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज कुल 70 कुंटल धान की खरीद की जा चुकी है। मार्केटिंग द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र प्रभारी रोशन अग्रवाल द्वारा अवगत कराया गया कि आज कुल 64.80 कुंटल धान की खरीद की जा चुकी हैं। मार्केटिंग द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र प्रभारी प्रेम नारायण दुबे द्वारा अवगत कराया गया कि आज कुल 130 कुंटल धान की खरीदारी हो चुकी है तथा 69 किसानों में से 63 किसानों का भुगतान कर दिया गया है। एफसीआई द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र प्रभारी मनोज द्वारा अवगत कराया गया कि आज 3 किसानों द्वारा कुल 200 कुंटल धान क्रय किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान कांटे तथा नमी मापक यंत्र ठीक अवस्था में पाया गया। उपस्थित किसानों से जिलाधिकारी द्वारा वार्ता की गई। किसानों द्वारा धान क्रय से संतुष्टि जताई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कृषकों का धान क्रय करने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिनका धान क्रय कर लिया जाए, उनका भुगतान 48 घंटे में अवश्य किया जाना सुनिश्चित करें। किसान मित्र ऐप के माध्यम से कृषकों के बैंक अकाउंट के आधार सीडिंग की जांच अवश्य किया जाय।

# डीएम-एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन एवं पुलिस अधीक्षक, अजीत कुमार सिन्हा द्वारा कारागार का औचक निरीक्षण भारी पुलिस दल.बल के साथ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इस जनपद, बलिया जिला जेल से स्थानांतरित होकर आए व पीएसए के अंतर्गत निरूद्ध कश्मीरी बंदियों से उनके खानपान, बिस्तर, चिकित्सा व्यवस्था, मुलाक़ात, साफ–सफाई आदि के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिलने पर संतोष जताया। अहातों में जाकर बैरकों की सघन तलाशी कराई गई। कोई भी निषिद्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई। तत्पश्चात् अस्पताल का भ्रमण किया, वहां भर्ती बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में पूछताछ की। किसी भी बंदी द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई। संपूर्ण परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा शांतिपूर्ण माहौल एवं फूल पौधों की सजावट देखकर उन्होंने कारागार प्रशासन की प्रशंसा की। रचनात्मक कार्यों के कार्यान्वयन में आने वाली अड़चनों को दूर करने हेतु भी अपना सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया। इसके अतिरिक्त कुम्हारी कला में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बंदियों से मिट्टी उपलब्ध कराने के उपरान्त कुल्हड़ बनवाने के निर्देश दिए तथा बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय हेतु विकास भवन में व्यवस्था कराने के लिए पूर्ण रूप से आश्वासन दिया। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक, हर्षिता मिश्रा, चिकित्साधिकारीॉ डॉ. पुष्पेद्र प्रताप उपस्थिति थे।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आज आएंगे अयोध्या

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के जनपद अयोध्या भ्रमण कार्यक्रम के तहत 1 दिसम्बर 2022 को कोदैला इंटर कालेज तहसील बीकापुर स्थित हेलीपैडए आगमन होगा। उसके उपरांत ग्राम चरांवा पोस्ट कोदैला में उपमुख्यमंत्री जी श्रद्वेय आचार्य शशिभूषण दास जी द्वारा किये जा रहे श्रीमद्भागवत कथा पाठ में सम्मिलित होंगे तथा सीएचसी बीकापुर का माननीय उपमुख्यमंत्री स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

## नशीले पदार्थ सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** थाना अलीगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नशीले पदार्थ सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है। थानाध्यक्ष अलीगंज राम नरेश वर्मा ने बताया थाने पर तैनात उपनिरीक्षक राम विशाल सिंह अपने हमराही कांस्टेबल मनोज शर्मा, शिपु, सुनील व सूरज कुमार के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सटीक सूचना मिली की एक युवक नशीला पदार्थ लिए हुए क्षेत्र में खड़ा हुआ है मुखबिर द्वारा सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आसोपुर ग्राम के चकिया मोड़ पर स्थित रेलवे लाइन के पास व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पकड़े गए अभियुक्त की शिनाख्त संदीप वर्मा पुत्र हौसला प्रसाद निवासी दहियावर के रूप में हुई जिसके पास से 53 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। अलीगंज पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8/21के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान भेज दिया है। जहाँ से न्यायालय ने युवक को जेल भेज दिया है।

# माता-पिता पर बेटे ने चलाई गोली, हालत गंभीर

● **पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से सात फायर**

● **पत्नी से अलगाव के बाद से डिप्रेशन में था रितेश**

**नैनी, प्रयागराज।** क्षेत्र के नैनी कोतवाली अंतर्गत मामा भांजा तालाब चौराहे के पास बुधवार अपरान्ह पारिवारिक विवाद में एक युवक ने मां बाप को लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मार दी। गोली लगने के बाद दोनों को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चलने की सूचना पर पहुंचे पुलिस वालों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो उसने चौकी इंचार्ज मामा भांजा पर ही रिवाल्वर तान दी। घंटों मान मनोबल के बाद उसे पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले गई। पत्नी से अलग होने के बाद से डिप्रेशन में चल रहा हा आरोपी युवक नैनी कोतवाली अंतर्गत मामा भांजा तालाब में बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप रहने वाले लालचंद्र जायसवाल 50 किराने और जूते चप्पल की दुकान चलाते हैं। उनके दो बेटियां और दो बेटे हैं। दोनों बेटियां मामा भांजा के पीछे स्थित प्री प्रवास कॉलोनी में रहती है। जबकि दोनों बेटे रिंकू और रितेश कुमार उनके साथ घर पर आकर कारोबार में हाथ बटाते हैं। दोनों बेटों की शादी हो चुकी है लेकिन आपसे कहना में दोनों की बीवियां छोड़कर जा चुकी है। छोटे बेटे रितेश कुमार की पत्नी को साल भर पहले ही उसे छोड़कर चली गई। डिप्रेशन का शिकार हो गया है। उसका इलाज चल रहा है। बता दें कि 30 नवंबर को दोपहर में तीन बजे रिंकू और रितेश में पारिवारिक मुद्दों को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। मां कुसुम देवी दोनों बेटों को शांत करा रही थी उसी दौरान प्रेस में आए रितेश कुमार ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर निकाली और मां के सीने पर गोली दाग दी। फायरिंग की आवाज सुनकर पिता दुकान से अंदर दौड़ कर गए और रितेश कुमार से रिवाल्वर छीनने की कोशिश की तो वह अंधाधुंध फायरिंग करने लगा। फायरिंग के दौरान पिता लालचंद के हाथ में गोली लग गई।

चंद दूरी पर मौजूद मामा भांजा पुलिस चौकी इंचार्ज संतोष कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने रितेश कुमार को पकड़ने की कोशिश की तो उसने चौकी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह पर रिवाल्वर तान दी। जिससे वह पीछे हट गए। उसके बाद इंस्पेक्टर नैनी सीओ करछना और एसपी यमुनापार के अलावा एसएसपी प्रयागराज मौके पर पहुंचे। तब तक रितेश कुमार ने खुद को एक कमरे में खुद को बंद कर लिया। घंटों मशक्कत के बाद करीब पांच बजे रितेश कुमार को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले गई। घायलों को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय का कहना है कि आरोपी मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हमले में प्रयुक्त रिवाल्वर जख्मी व्यापारी लालचंद्र के नाम लाइसेंस है। जिसे कब्जे में ले लिया गया है। मौके से सात खोखे और आठ जिंदा कारतूस बरामद की गई है।

# सारथी वाहन देगा पुरुष नसबंदी का संदेश, सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी




हरी झंडी दिखाते सीएमओ डॉ नानक सरन।

**प्रयागराज।** जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए जनपद का स्वास्थ्य महकमा लगातार प्रयासरत है। पुरुष नसबंदी पखवाड़े के अंतर्गत सीएमओ कार्यालय से पाँच सारथी वाहन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नानक सरन व एसीएमओ आरसीएच नोडल परिवार कल्याण डॉ सत्येन राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सारथी वाहन शविवार तक चलने वाले पुरुष नसबंदी पखवाड़े में जनसमुदाय को पुरुष नसबंदी के प्रति जागरूक करेगी। इसमें दो सारथी वाहन नगर क्षेत्र में व चिन्हित सभी 20 ब्लाकों में 3 सारथी वाहन अगले 4 दिनों तक ग्रामीण स्तर पर सुदूर क्षेत्रों में कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से चलाए गए हैं। पखवाड़ा 4 नवंबर तक चलेगा। सीएमओ ने बताया कि परिवार नियोजन की जिम्मेदारी सिर्फमहिलाओं के कंधों पर नहीं रहनी चाहिए। इसलिए परिवार पूरा कर चुके दंपति को नसबंदी सेवा प्रदान की जा रही है। बीते छह वर्ष से प्रदेश में प्रयागराज पुरुष नसबंदी में प्रथम पायदान पर रहा है। जन्म दर को रोकने का एक स्थायी प्रभावी और सुविधाजनक उपाय है। पुरुष नसबंदी को लेकर जनपद के लोगों में जागरूकता आए व जो मिथक हैं उन्हें दूर करने के लिए सारथी वाहन व अन्य माध्यम से क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चल रहे पुरुष नसबंदी पखवाड़े को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। नसबंदी से पुरुष की यौन क्षमता पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ता बल्कि पुरुष नसबंदी से वैवाहिक जीवन और सुखमय हो जाता है। परिवार नियोजन विशेषज्ञों की भी राय ली जा रही है व उन्हें लोगों को जागरूक करने की भी ज़िम्मेदारी दी गई है। एसीएमओ व परिवार नियोजन कार्यक्रम नोडल डॉ सत्येन राय ने बताया कि परिवार नियोजन के स्थायी साधनों को अपनाने के लिए पुरुषों का सहयोग मिल रहा है। पखवाड़ा 4 नवंबर तक चलेगा। जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक में 10 पुरुषों की नसबंदी होना तय हुआ है। इस बीच परिवार पूरा कर चुके पुरुष लाभार्थी की चिन्हित स्वास्थ्य इकाइयों पर नसबंदी की जा रही है। 28 नवंबर को कुल सात पुरुषों की व 29 नवंबर को 10 पुरुषों की नसबंदी की गई है। परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों आइयूसीडी कंडोम अंतरा इंजेक्शन माला एन की गोलियां छाया को अपनाने में पहले की अपेक्षा समुदाय का रुझान बढ़ा है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दारागंज प्रथम के सर्जन एनएसवी डॉ अनिल ने बताया कि पुरुष नसबंदी जन्म दर को रोकने का एक स्थायी प्रभावी और सुविधाजनक उपाय है। महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी बहुत आसान है। अस्पताल में भर्ती होने की भी जरूरत नहीं पड़ती। पाँच मिनट के इस ऑपरेशन में बस चींटी के काटने जितना ही एहसास होता है। इसके आधे घंटे बाद पुरुष चलकर स्वयं घर जा सकता है।

## छह वर्ष के यह हैं आकड़ें

**प्रयागराज।** जिला परिवार नियोजन एवं सामग्री प्रबंधक सचिन चौरसिया ने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़े के दौरान वर्ष 2016 में 52 2017 में 85 व 2018 में 84 पुरुषों ने नसबंदी कराई थी। वर्ष 2019 में 85 लोगों ने ही नसंबदी कराई। 2020 में 113 लोगों ने नसबंदी कराई थी। 2021 में 62 लोगों ने नसबंदी कराई थी। जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रचुर मात्र में परिवार नियोजन की सामाग्री उपलब्ध है। परिवार नियोजन की अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

# द टाइम लिमिट में दिखेंगे प्रयाग के मनु पुरवार



**प्रयागराज।** सदी के महानायक और सिने स्टार अमिताभ बच्चन के बाद संगम नगरी के प्रसिद्ध एक्टर फैशन डिजाइनर और वर्ल्ड वाइड फोटोग्राफर मनु पुरवार फिल्म दुनिया में प्रयागराज का नाम अब रोशन कर रहे है। मनु पुरवार की नई फिल्म द टाइम लिमिट अगले महीने रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में मनु पुरवार मुख्य भूमिका में हैं। इसके पूर्व में मनु पुरवार की करीब एक दर्जन फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। मनु पुरवार का कहना है कि इस फिल्म में उनका किरदार अपनी अलग शैली और अदायगी में है। इतना ही नहीं इस फिल्म में जो भी गाने हैं वह सब एक से एक बढ़कर है। 70 के दशक के गानों की शूटिंग पूरी हो गई है जो बहुत ही धमाकेदार है। वह शीघ्र जारी होने वाला है। प्रयागराज के कटरा के माधवकुंज निवासी एक्टर प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर और वर्ल्ड वाइड फोटोग्राफ मनु पुरवार हैं। उनकी शिक्षा दीक्षा प्रयागराज के सेंट जोसेफ कॉलेज और इलाहाबाद विवि से हुई है। उन्होंने सीसीएनए से माइक्रोसॉफ्ट में इंजीनियरिंग भी किया है लेकिन अभिनय में रूचि होने की वजह से मुम्बई पहुंच गये और अभिनय के क्षेत्र में किस्मत अजमाने लगे। मनु पुरवार ने प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सरोज खान के साथ लंबे समय तक काम किया है। एक्टर मनु पुरवार का कहना है कि सरोज खान बहुत अच्छी कोरियोग्राफर थी। नये कलाकारों को सदैव प्रोत्साहित करती रहती थी इससे आगे बढने के लिये आत्मबल मिलता था। सरोज खान के फैशन डिजाइनिंग का कई वार फोटोशूट भी किया था। एक्टर मनु पुरवार ने बताया कि द टाइम लिमिट फिल्म में 70 के दशक के गाने की रीमिक्स शूटिंग पूरी हो गई है। इस गाने की मुंबई के अंधेरी में एक स्टूडियो में शूट किया गया है। यह गाना दर्शकों को खूब पसंद आएगा। क्योंकि इसमें 70 के दशक के साथ आज के युग की बेहतरीन कलाकारी का मिश्रण किया गया है। जिसे अभिनेता मनु पुरवार और अभिनेत्री आसिफा हक ने शानदार अभिनय से उतारा है। इस गाने का डायरेक्शन मंटो पशुपतिनाथ ने किया है। गाने को जय श्री भार्गव ने प्रोड्यूस किया है। मनु पुरवार का कहना है कि नए कलाकारों को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए बल्कि उनको धीरे.धीरे आगे बढ़ना चाहिए और अंत में सफलता की मंजिल मिलती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि आज फिल्म इंडस्ट्रीज में जो भी लोग सफल हुए हैं सभी लोगों ने एक लंबे समय तक संघर्ष किया था तब जाकर उनको सफलता मिली है। इसके पूर्व मनु पुरवार ने फिल्म राब्ता लाईफइज अ कैमरा वेब सिरीज मिस्टर डान के साथ भोजपुरी गाने तथा अन्य फिल्मों और गानों में अभिनय किया है। मनु पुरवार का कहना है कि एक अच्छा कलाकार बनने के लिए और सफलता के लिए सभी को धैर्य के साथ इंतजार करना पड़ता है।

# स्काउट गाइड की 24वीं जनपदस्तरीय तीन दिवसीय रैली का भव्य शुभारम्भ

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जनता इंटर कालेज फतेहपुर बड़ागांव में बुधवार को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की 24वीं जनपद स्तरीय तीन दिवसीय रैली का भव्य शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि जिले के उपसंभागीय परिवहन अधिकारी बीड़ी मिश्र व विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार गिरि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पणए दीप प्रज्वलन व स्काउट ध्वज फहरा कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट गाइड को अनुशासन के लिए जाना जाता है यह हमें किसी भी परिस्थिति में जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक व रैली संयोजक मनोज कुमार गिरी ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग चारित्रिक विकास के साथ उत्तरदायित्व बोध एनिर्भरता के साथ एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित होने का अवसर देता है।पूर्व में विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया और बैंड बाजे के साथ अतिथियों को सलामी दी रैली में 15 टीम के कुल 200 प्रतिभागी तीन दिनों तक अपनी प्रतिभा के जौहर दिखायेंगे। इस बीच एसओसी राकेश कुमार गुप्ता, रैली सहसंयोजक जनता इन्टर कलेज फतेहपुर के प्रधानाचार्य अवनींद्र वर्मा, जिला मुख्यायुक्त डा. तारा वर्मा व राजेन्द्र चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्काउट गाइड के महत्व पर प्रकाश डाला। उक्त अवसर पर स्काउट से जुड़े रमेश यादव, रवींद्र कुमार, श्वेता सिंह, प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी समेत ने मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. तारा वर्मा ने किया। अंत मे रैली सहसंयोजक अवनींद्र वर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एनटीपीसी टांडा में सीएसआर-सीडी के तहत तीन दिवसीय बालिका हाकी प्रशिक्षण शिविर का समापन



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व–सामुदायिक विकास के तहत परियोजना की बालिकाओं के लिए तीन दिवसीय बालिका हाकी प्रशिक्षण शिविर का समापन प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया। जिला ओलंपिक एसोसिएशन, अम्बेडकरनगर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को उमंग स्टेडियम में किया गया। मुख्य अतिथि श्री बी.सी.पलेई, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी टांडा द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि पलेई ने खिलाड़ियो से वार्ता करते हुए कहा की एनटीपीसी क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित है, आप लोग राज्य स्तरीय हाकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें और मेहनत करके राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर सकतें है। प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए हाकी खिलाड़ी एवं खेल अधिकारी पूनमलता राज तथा एनआईएस हाकी कोच सुषमा कुमारी और हर्षिता को भी घन्यवाद दिया। जिला हाकी एसो. के सचिव डा. हनुमान सिंह को भी धन्यवाद दिया। पाणिग्राही, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया और कहा कि बालिकाओं की प्रतिभा काबिले तारीफ है, आप लोग खूब मेहनत करिए और गॉव, घर एवं क्षेत्र का नाम रोशन करिए। हमारे आसपास के गॉव के बच्चे खेल के क्षेत्र मे अपना नाम करे इसके लिए आपको हर प्रकार की मदद मिलेगी। प्रमाणपत्र पाने के बाद खिलाड़ियों ने कहा कि वे इस प्रशिक्षण से बहुत खुश है। सचिव डा. हनुमान प्रताप सिंह ने बताया की चयनित टीम को शीघ्र होने वाले राज्य स्तरीय बालिका हाकी प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा। हाकी खिलाड़ी एवं खेल अधिकारी पूनमलता राज के निर्देशन में एनआईएस हाकी कोच सुषमा कुमारी और हर्षिता ने सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया। एनटीपीसी टांडा के उप महाप्रबंधक (आरएंडआर) परवेज़ खान, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मृणालिनी एवं वरि. प्रबंधक (आरएंडआर) एस.एन. पाण्डेय, सचिव स्पोर्टस काउंसिल हेमेन्द्र राजपूत एवं आशुतोष कुमार प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# यातायात माह समापन पर जागरूकता रैली

संवाददाता। सीतापुर

**● स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति**

**●छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडट, स्काउट गाइड को यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ, डीएम-एसपी ने छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत**

**●पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवानिवृत्ति कर्मियों को दी गई विदाई**

**वीओ- हमें** नियमों के पालन की शुरुआत अपने घर से करनी चाहिए। हमारे सभी बच्चे यातायात पुलिस का हिस्सा है। सभी बच्चों ने इसके लिए अपना हाथ भी ऊपर उठाया है। यातायात माह समापन अवसर पर डीएम अनुज सिंह के साथ यह संदेश एसपी सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान ने पुलिस लाइन में दिया। इससे पूर्व विविध परिधानों से सुसज्जित स्कूली छात्र-छात्राओं ने यातायात संबंधी जागरूकता की अलख जगाई। स्कूली बच्चों और पुलिस बल के साथ यातायात माह के समापन अवसर पर यातायात पुलिस ने जागरूकता रैली निकाली। यह रैली सरोजनी वाटिका से चलकर तरणताल तिराहा, आंख तिराहा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तिराहा, लालबाग चौराहा और लालकपड़ा कोठी होते हुए पुलिस लाइन पहुंची यहां अलग-अलग स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रैली में स्टडी वेल पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल, आरएमपी इंटर कालेज, हिन्दू कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेटस व यातायात पुलिस के जवान शामिल हुए। मिलेट्री वेंट के साथ निकाली गई जागरूकता रैली के जरिए यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया। बच्चों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

यातायात माह के दौरान एक माह तक लगातार पुलिस द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान के दौरान समूचे जनपद में करीब 56 हजार चालान किए गए। समापन अवसर पर पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर सुशील सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात शोभित अत्री, यातायात प्रभारी फरीद अहमद, व्यापारी नेता भगवती गुप्ता, शोभित टंडन सहित विद्यालयों के शिक्षक व पुलिस बल मौजूद रहा। इसके बाद पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को पुलिस कार्यालय में फूल माला पहनाकर विदाई और विभाग में उनके द्वारा दी गई, सेवाओं को सराहा। अनुभवों को साक्षा करते हुए महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। इस मौके पर उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस प्रीतम सिंह, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस महेश तिवारी, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस हरिशंकर पाठक, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सोमवीर सिंह, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सहजराम, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस रामकिशोर, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सतीश चन्द्र द्विवेदी, मुख्य आरक्षी चालक लाल बहादुर, मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस रामदत्त को विदाई दी गई।

# बिल्डिंग खाली कराने गए ईओ पूर्व सभासद के बीच हुई तीखी बहस !

संवाददाता। सीतापुर

**● गजानंद काम्प्लेक्स के पास बिल्डिंग से कब्जा हटवाने पहुंचे थे ईओ**

**●शहर कोतवाल टीपी सिंह के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्ष मौके से हटे**

**सीतापुर नगर** के गजानंद काम्प्लेक्स के पास स्थित एक बिल्डिंग को खाली कराने गए सीतापुर नगर पलिका परिषद के ईओ वैभव त्रिपाठी और भाजपा के पूर्व सभासद अवनेन्द्र विक्रम सिंह के बीच पुलिस की मौजूदगी में जमकर झड़प हुई। ईओ का कहना था कि वह हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध कब्जेदारों को हटाने गए थे, जबकि पूर्व सभासद का कहना था कि दो मामले जिला न्यायालय में चल रहे है, जिसमें नगर पालिका खुद पार्टी है, कोई आदेश न होने के बावजूद खाली कराने वह कैसे पहुंचे। मौके पर दोनों के बीच गरमागर्म बहस हुई। शहर कोतवाल टीपी सिंह को हस्ताक्षेप करना पड़ा और कहना पड़ा कि डीएम, एडीएम के पास दोनों लोग जाएं वहां जो तय हो, उसके बाद आएं। झड़प के बाद बुलडोजर समेत दलबल को मौके से वापस लौटना पड़ा।

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर अधिकारी दे रहे हैं गलत सूचना

**बरेली** ।नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक से पूर्व पार्षद दीपक सक्सेना ने महापौर उमेश गौतम को अवगत कराया कि वार्ड सैदपुर हॉकिंस में दो मुख्य सड़क लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व टेंडर होकर स्वीकृत हो गई थी परंतु ठेकेदार एवं अधिकारियों की लापरवाही के कारण कार्य अभी तक नहीं हुआ है जिससे क्षेत्रीय जनता को असुविधा होती है एवं उनमें बहुत रोष व्याप्त है और नगर निगम की तथा मुख्यमंत्री जी की छवि धूमिल हो रही है।पार्षद दीपक सक्सेना ने बताया कि उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर स्वयं एक शिकायत नर्सरी रोड से सैदपुर जूनियर हाई स्कूल सड़क सुधार कार्य बीच में छोड़े जाने की शिकायत की थी जिस के ठेकेदार श्री सिपट्टर सिंह है उसको निस्तारित करते हुए आख्यान में नगर निगम के अधिकारियों ने दूसरी सड़क का हवाला देते हुए लिखा कि उस अलग का आंगणन कर लिया गया और पत्रावली तैयार की जा रही है जबकि शिकायत सड़क निर्माण कार्य बीच में छोड़े जाने की थी इस पर महापौर उमेश गौतम ने नाराजगी जताते हुए चीफ इंजीनियर से तत्काल पत्रावली निरीक्षण कर ठेकेदार तथा संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया तथा लाजपत नगर कॉलोनी की सड़क सुधार कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए ठेकेदार जेपी भाटिया को नोटिस देने को कहा।

### नकली मोबिल आयल बनाते हुए पुलिस ने धरा नकली तैयार व कच्चा माल सहित एक गिरफ्तार

**बरेली** । नकली मोबिल आयल बनाते हुए प्रेमनगर पुलिस ने एक अभियुक्त को धर दबोचा , जिसके पास से नकली मोबिल आयल बनाने के उपकरण व कच्चा माल तथा तैयार नकली माल बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है।थाना प्रेमनगर पुलिस को सूचना मिली कि प्रेम नगर थाने की कोहड़ापीर चौकी के अंतर्गत बर्फवाली गली में रहबर अली पुत्र अफसर अली निवासी नीम की मठिया सुरखा बानखाना थाना प्रेमनगर बरेली द्वारा नकली मोबिल आयल का निर्माण किया जा रहा है । पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की तो वहां पर रहबर अली नकली मोबिल आयल का निर्माण कर रहा था। आरोपी के पास से ब्रांडेड कंपनी के खाली डिब्बों में नकली मोबिल आयल, अधबना मोबिल, मोबिल आयल बनाने के उपकरण, पैकिंग करने की मशीन तथा कच्चा माल बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफथाना प्रेमनगर में मुकदमा पंजीकृत किया है और उसे जेल भेज दिया है।

### महिला सिपाही का हत्या आरोपी पति गिरफ्तार

**बरेली** । महिला सिपाही की हत्या के आरोप में के फौजी पति को पुलिस ने सेना के उच्च अधिकारियों से बातचीत के बाद गिरफ्तार कर लिया। कैंट थाना क्षेत्र में जाट रेजिमेंट सेंटर के मैडम बटालियन में जाकर सेना के उच्च अधिकारियों से बातचीत के बाद पुलिस ने वहां रहने वाले फौजी मेरठ के बहमूसा थाना क्षेत्र के मोहम्मद पुर सिस्ट निवासी आकाश पुत्र सुभाष को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए आकाश पर उसकी पत्नी महिला कांस्टेबल शिखा नेन के पिता नरेंद्र सिंह पुत्र जगत सिंह निवासी लघवाड़ी गाना कोतवाली बागपत ने 15 सितंबर को कैंट थाने में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी पुलिस मामले की जांच कर रही थी और आज सेना के अधिकारियों से बातचीत के बाद आकाश को गिरफ्तार कर लिया गया ।

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**सीतापुर।** जिला कारागार के साप्ताहिक औचक निरीक्षण में सब कुछ दुरूस्त पाया गया। कहीं कोई खामी नजर नहीं आई। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक, किशोर बैरक सहित अन्य बैरकों व पाकशाला का निरीक्षण किया गया। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप कुमार द्वितीय के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी जिला कारागार पहुंची। यहां किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट, अनामिका सिंह, अपने मासिक औचक निरीक्षण पर पहले से मौजूद थी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी ने बताया कि सभी महिला बन्दियों से वार्ता की गयी। महिला बन्दियों ने बताया कि सभी के पास उनके अपने निजी अधिवक्ता उपलब्ध है। इसके पश्चात किशोर बैरक का भी निरीक्षण किया गया। जिला कारागर सीतापुर में स्थित पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया पाकशाला में साफसफाई सही पाई गयी। निरीक्षण के दौरान दोनो जेल पी.एल.वी. द्वारा विधिक सहायता हेतु तैयार किये गये सभी रजिस्ट्रों की जॉच सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गयी तथा जेल पी.एल.वी. को निर्देशित किया गया कि वह सभी बन्दियों को प्रतिदिन निःशुल्क विधिक जानकारी प्रदान करते रहें।

# प्रत्येक आवेदक की स्थलीय जांच अवश्य कराई जाये: जिलाधिकारी

संवाददाता। बरेली

**जिलाधिकारी शिवाकान्त** द्विवेदी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट परिसर, सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद के नगर निगम, जिला पंचायत, खण्ड विकास अधिकारियोंध्अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया जनपद में नगर निगम बरेली को 100, जिला पंचायत को 100, प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी को 75, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत को 10 का लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। निदेशालय से लक्ष्य के सापेक्ष जनपद को वर्तमान में 1781 जोड़ों हेतु रू090831000ध- प्राप्त हो गया है। बैठक में माह 09 दिसम्बर 2022 को विवाह अधिक से अधिक सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए गए। उक्त योजनान्तर्गत प्रदान किए जाने वाली धनराशि से कन्या के खाते में धनराशि भेजना एवं सामग्री क्रय हेतु समिति के गठन के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक आवेदक की स्थलीय जांच अवश्य कराई जाये, जिससे अपात्रों का चयन न हो सके। योजना से अधिक से अधिक पात्रों को लाभान्वित कराये जाने हेतु इस योजना का प्रचार प्रसार कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी नगर डा आर.डी.पाण्डेय, बी0डी0ओ0-मझगवा, क्यारा, फतेहगंज पश्चिमी, दमखोदा, भोजीपुरा एवं अधिशासी अधिकारी-बहेड़ी, रिछा, शेरगढ़, सेंथल, रिठौरा, सिरौली, फतेहगंज पश्चिमी, शाही, धौराटांडा, शीशगढ़, फरीदपुर, विशारतगंज, देवरनियां आदि लोग उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली** । रात में बारात घर मे ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहे एक युवक की आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुर्खा बानखाना निवासी किशनलाल के 22 वर्षीय बेटे संजय की आज सुबह कुदेशिया फाटक रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि संजय प्रेम नगर थाना क्षेत्र में स्थित प्रभा पैलेस बारात घर में काम करता था और रात में ड्यूटी करने के बाद आज सुबह अपने घर वापस लौटने के लिए चला था लेकिन रास्ते में ही रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

# विद्युत कर्मचारियों ने बेमियादी कार्य बहिष्कार की घोषणा की

संवाददाता। सीतापुर

**सावधान किन्ही** कारणों से अगर विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होता है तो जल्द आपूर्ति बहाल की संभावना नहीं है। क्योंकि लंबित मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन कर रहे, विद्युत कर्मचारियों ने बुधवार को अनिश्चित कालीन पूर्ण कार्यबहिष्कार की घोषणा कर दी। विभाग के सभी अधिशासी अभियंता सहित एसडीओ और जूनियर इंजीनियर कार्य बहिष्कार पर चले गए। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी लंबित मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में आपूर्ति में जहां भी अवरोध उत्पन्न होगा, उसे दूर नहीं किया जाएगा। यहां तक कि विभाग का कोई भी कर्मचारी फोन तक अटैंड नहीं करेगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले कर्मचारियों ने पूर्ण कार्यबहिष्कार की घोषणा की है। सीतापुर में समिति के संयोजक हिमांशु पटेल ने बताया कि 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मंगलवार को मशाल जुलूस निकाला गया था। इस मौके पर सह संयोजक रमेश सिंह, एसडीओ सिटी रवि गौतम, रवि कुमार गुप्ता, मोहित रस्तोगी, मुनेश तिवारी, राम कनौजिया, अंकिता रतना, अभिनव शुक्ला, राकेश कुमार, विशाल शर्मा, रामाज्ञा, रविंद्र वर्मा, जय प्रकाश जायसवाल, सुरेंद्र पटेल, कृष्णानंद मौर्य, अनिल कुमार, एक्सईएन प्रथम रमेश कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, डीसी दीक्षित, धीरज यादव, जेई राजेश कुमार गुप्ता, अम्ब्रीश कुमार, अनिल सिंह, दुर्गा शंकर श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### बेहोशी की हालत में मिले अधेड़ की मौत

**बरेली।** बेहोशी की हालत में मिले अधेड़ की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव महेशपुरा में जावेद पुत्र अब्दुल वहीद की दुकान के पास आज सुबह बेहोशी की हालत में मिले महाराष्ट्र के नासिक जिले के राज मणि थाने के गांव भुसारी देवाजी निवासी 48 वर्षीय प्रवीण श्रीवास्तव की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई अस्पताल पहुंचते ही उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया बताया जाता है कि मृतक मानसिक रूप से बीमार था और सड़क पर इधर-उधर घूमता था जावेद ने उसे बेहोशी की हालत में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी मृतक के पास मिले आधार कार्ड के माध्यम से उसके घरवालों को घटना की जानकारी दे देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# लोक निर्माण-गोला सहकारी गन्ना विकास समिति के बीच फंसा गोला-कुकरा सड़क मार्ग का जीर्णोद्धार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** देश की विख्यात चीनी मिल गोला के नजदीक से होकर निकला कुकरा-गोला जंगल मार्ग का निर्माण लगभग पांच साल पहले हुआ था। इस सड़क मार्ग को गोला सहकारी विकास समिति गोला ने अपने ठेकेदार के माध्यम से बनवाया था जिसके बनने के कुछ दिन बाद ही सड़क की जगह से उखड़ने लगी और वह एक साल में पूरी तरह से टूटकर जगह जगह गड्ढों में तब्दील होने लगी थी। बाद में पूरी सड़क ही बिखर गई। इसकी शिकायत भी हुई थी पर कमीशनखोरी के चलते मामला दब कर रह गया था पर जिम्मेदार व विभागीय अधिकारियों ने भी इस सड़क के मामले पर गंभीर नहीं हुए थे। सड़क बनते ही बिखरने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने जब कोई कार्रवाई नहीं की तब यह सड़क घोटाला फाइलों तक ही सीमित होकर रह गया था।

जिम्मेदार अधिकारियों व चुने जनप्रतिनिधित्व ने भी खामोशी धारण कर ली थी। बताते चलें कि गोला-कुकरा सड़क मार्ग दो विभागों के बीच में फंसी हुई है। लगभग सात किमी गोला गन्ना सहकारी विकास समिति गोला व उसके आगे लोकनिर्माण विभाग की सड़क है कि बार गन्ना सोसायटी के संचालकों ने प्रस्ताव कर लोक निर्माण विभाग को भेजा पर मामला फाइलों में दफन होकर रह गया था इस बार भाजपा के क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने अपने आप इस सड़क का प्रस्ताव लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को लेकर जनता की घोर कठिनाइयों से अवगत कराते हुए सड़क का निर्माण लोकनिर्माण विभाग से कराने की मांग की पर मामला फिर एक बार फाइलों में दबकर रह गया है। देखना यह है कि इस जंगल मार्ग से होकर निकलने वाले ग्रामीणों के दर्द पर विधायक रोमी साहनी कब तक मलहम लगाते रहेंगे कहीं ग्रामीणों का यह दर्द मुखर गया तब लोक निर्माण विभाग व उप्र सरकार को लेने के देने पड़ सकते हैं।

### एटीए गोली काण्ड में भी पांचवें दिन पुलिस के हाथ खाली

**मैलानी-खीरी।** विगत पांच दिन पूर्व बांकेगंज में तैनात मदन मोहन वर्मा जोकि कृषि अधिकारी एटीए के पद तैनात है। उस दिन व अपने अन्य कर्मचारियो के साथ ब्लाक से काम निपटा कर वापस जा बांकेगंज से संसारपुर के रास्ते अपने एक साथी के साथ अलग अलग बाइकों से जा रहे तभी दो अग्यात बाइक हमलावरों ने कृषि अधिकारी मदन मोहन पर गोली चला दी जिससे वह गिर गये। साथ में दूसरी बाइक पर सवार उनके सहयोगी ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी तबतक बाइक सवार मौके से फरार हो चुके थे। घटना की सूचना पाकर सीओ गोला आरके सिंह थानाध्यक्ष राहुल सिह गौर चौकी व प्रभारी प्रवीण सहित तमाम पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंच गये। घायल कृषि अधिकारी को तत्काल सीएचसी बांकेगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### गौ रक्षा दल ने विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया

**निघासन-खीरी।** इलाके में अवारा पशुओं की हालत दिन ब दिन बदत्तर होती जा रही है।जिसके चलते गौ रक्षा दल ने तराई क्षेत्र निघासन से श्रवण कुमार सिंह को विधानसभा अध्यक्ष किया है।वहीं गौ रक्षा दल के संस्थापक अभिषेक कुमार शर्मा ने श्रवण सिंह को मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया।श्री शर्मा ने बताया कि श्रवण सिंह गौ रक्षा दल के विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है।इनसे अपेक्षा है कि गौ सुरक्षा अभियान में अपनी अहम भूमिका को निभाते हुए कार्यकर्ता और सदस्यों को क्षेत्र में सक्रिय होने के लिए प्रेरित करेंगे ताकि तराई क्षेत्र में गौ गौवंशीय पशुओ के हालात कुछ सुधर सके।इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष श्रवण सिंह को शुभकामनाएं भी दी।

# किसान सेवा सहकारी समिति की वार्षिक बैठक आयोजित

संवाददाता। निघासन-खीरी

**निघासन किसान** सेवा सहकारी समिति की वार्षिक सामान्य बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के द्वारा लेखा जोखा पेश किया गया।

सिंगाही रोड स्थित किसान सेवा सहकारी समिति की वार्षिक सामान्य विकास बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसानों ने अपनी बात समिति के सामने रखी और समिति के लोगों ने किसान की बातों को ध्यान में रखते हुए संज्ञान लिया। समित के अध्यक्ष दयाशंकर मौर्य ने कहा कि सभी किसान अपना अपना सुझाव रखकर समिति को विकास की ओर ले जाने हेतु चर्चा व विचार-विमर्श अपना-अपना रखें। इसमें सभी किसानों ने बताया कि समय समय पर खाद बीज आज की व्यवस्था होती रहे तो किसानों का इसी में हित है। इस पर सभी समिति के लोगों किसानों को अस्वस्थ किया। अध्यक्ष द्वारा सभी



किसानों की बातें सुनी और अमल करने को कहा किसानों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता नागेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि इस बार भी कोई दिक्कत नहीं है और पहले दिक्कत थी अब खाद का रेक पॉइंट लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में बन रहा है जिससे खाद की किल्लत अब नहीं होगी। कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष जसवंत वर्मा और शशिकांत चतुर्वेदी व मोहित जायसवाल सुनील मौर्या आदि कई लोगों ने संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन विपिन मौर्य ने किया। इस दौरान रतिराम लोधी शैलेश तिवारी विक्रम सिंह प्रमोद कुमार चतुर्वेदी अनूप कुमार हरप्रीत ज्ञान प्रकाश कुंज बिहारी प्रभु राम कुमार माता प्रसाद शंभू तिवारी शिव कुमार पांडे आदि तमाम किसान व समिति के लोग मौजूद रहे।

### यातायात माह का हुआ समापन

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में सड़क सुरक्षा यातायात माह नवम्बर से प्रारंभ होकर समाप्त हुआ, जिसका समापन समारोह पुलिस लाइन लखीमपुर खीरी में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री अरुण कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद खीरी द्वारा की गई। उक्त अवसर पर धर्म सभा इंटर कॉलेज, गांधी इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी के 520 छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट, शिक्षकगण एवं यातायात पुलिसकर्मी शामिल हुए। यातायात जागरूकता अभियान के तहत रैली को श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन से रवाना किया। रैली जेल गेट होते हुए जीआईसी तिराहा, सदर चौराहा, हमदर्द चौराहा, विलोवी हाल तिराहा, लोहिया भवन होते हुए पुलिस लाइन लखीमपुर खीरी पहुंच कर सफल संपन्न हुई।

# डीएम-सीडीओ-एएसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार की शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के संग जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम ने बंदियों का हालचाल जाना, खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की, जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए।

डीएम ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्रा, जेलर पंकज सिंह, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, अजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमारी, डॉ. दीपांकर रावत व चिकित्सक डॉ. सुनील मौजूद रहे।

जिला कारागार लखीमपुर खीरी में निरुद्ध बंदियों ने चावल की बोरियों को गमले के रूप में इस्तेमाल करते हुए करीब 340 पौधे रोपित किए, जो कारागार की आकर्षण को बढ़ा रहे है। बुधवार की शाम निरीक्षण के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निरुद्ध बंदियों के इस प्रयोग पर प्रशंसा की। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने बताया कि निरुद्ध बंदियों को कारागार में प्रयुक्त होने वाले चावल की बोरियों को गमले के रूप में इस्तेमाल करके करीब 340 पौधे रोहित की है। जिसमें जेल की मिट्टी और जेल की खाद को उपयोग में लाया गया है।

# दूसरे दिन भी हड़ताल जारी



**मोहम्मदी-खीरी।** दूसरे दिन भी सभी विद्युत कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जिसमें वसूली सहित कार्यालय का कार्य बाधित रहा। वहीं कहीं-कहीं विद्युत भी बाधित रही। संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के निर्देश पर अपनी मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता अवर अभियंता विद्युत कर्मचारी सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें 15 सूत्रीय मांगें सरकार से मांगी गई हैं जिसमें प्रमुख रुप से 19 वर्ष की सेवा करने के उपरांत पदोन्नति दी जाए। सभी कर्मचारियों को कैंसर की बीमारी हो जाने पर उनकी इलाज की व्यवस्था की जाए। लंबित जो बोनस कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों का है। तत्काल प्रभाव को उनको दिया जाए वेतन विसंगतियों को तत्काल प्रभाव से दूर किया जाए इन सब मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर सभी कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। इसमें प्रमुख रूप से अधिशासी अभियंता अनिल सिंह, उपखंड अधिकारी शुभम मौर्य, अवर अभियंता अजय दीक्षित अकमल हुसैन अशोक कुमार विद्यांचल लखनऊ खंड के अध्यक्ष पंकज सिंह, संगठन के अध्यक्ष इमरान मोहम्मद असलम रिजवी भी सहित अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार की देर शाम को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई, जिसमें मुख्य रुप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे। बैठक के शुरू में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति बताई। बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति, प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि अनडाइट फंड का नियमानुसार सदुपयोग करें, जहां इस फंड का इस्तेमाल नहीं हुआ तो संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर फीलि्डंग को अपडेट रखा जाए, वही आपरेटर का समयबद्ध भुगतान भी सुनिश्चित कराया जाए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने समीक्षा करते हुए कहा की जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत-शत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्लॉकवार आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा की, प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।डीएम ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति,आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, ईसंजीवनी आईपीडी, ओपीडी, संचारी रोग, कवच एप्लीकेशन से परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की, जरूरी दिशा निर्देश दिये।

### सुधार के लिए समझौता

लखनऊ। मैपमाइइंडिया और डिजिटल मैप्स और डीप.टेक कंपनी उत्तर प्रदेश राज्य में यातायात को आसान बनाने और सुरक्षा में सुधार करने के लिए एक साथ आए हैं। मैपमाइइंडिया मैपल की प्रौद्योगिकी एक तरफ सरकारी प्रणालियों और प्रक्रियाओं के साथ एकीकृत है और दूसरी तरफस्वदेशी मैपल्स मैप्स और नेविगेशन ऐप के माध्यम से उपभोक्ताओं यात्रियों और नागरिकों को मुफ्त में प्रदान की जाती है। डीजी पुलिसए उत्तर प्रदेशए श्री देवेंद्र सिंह चौहान ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के विजन और दिशा पर बात कीए जिसमें प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर यूपी राज्य में यातायात की स्थिति में सुधार किया गया।

# कांग्रेस ने भारतीय राजनीति में सबसे ज्यादा विश्वसनीयता का संकट पैदा किया : राजनाथ

भाषा। अहमदाबाद



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस ने भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता का संकट खड़ा किया है क्योंकि पार्टी द्वारा किए गए वादों और उनके क्रियान्वयन के बीच बहुत अंतर है। गुजरात में प्रथम चरण के लिए एक दिसंबर को होने वाले चुनाव से पहले यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि कांग्रेस जहां अपने अस्तित्व के लिए चुनाव लड़ रही है, आम आदमी पार्टी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए मैदान में है। उन्होंने कहा, यह भाजपा ही है जो गुजरात में 182 सीटों में से दो-तिहाई से अधिक जीतेगी, जैसा कि कई राजनीतिक विश्लेषकों ने भविष्यवाणी की है। भाजपा में लोगों का भरोसा वर्षों से बढ़ा है और पार्टी (गुजरात में जीत के) पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सत्ता बरकरार रखेगी। सिंह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में रहते हुए लोगों से किए गए वादों को पूरा करती तो भारत कई साल पहले दुनिया का सबसे मजबूत देश बन गया होता।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हर कोई जानता है कि अगर कोई राजनीतिक दल है जिसने भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता का सबसे बड़ा संकट पैदा किया है, तो वह कांग्रेस है। उन्होंने अतीत में जो वादे किए और जो काम किया उसमें बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भाजपा हमेशा अपनी बात पर कायम रही और अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा किया। रक्षा मंत्री ने कहा, जब अन्य सभी दल विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रहे हैं, तब भाजपा भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता के प्रतीक के रूप में उभरी है। मोदी जी के 2014 में बागडोर संभालने के बाद, हमारे देश का कद दुनिया में बढ़ा है। गुजरात में फिर से चुने जाने पर समान नागरिक संहिता को लागू करने के भाजपा के चुनावी वादे पर सिंह ने कहा कि जनसंघ के गठन के दिनों से ही समान नागरिक संहिता के बारे में पार्टी की नीति बहुत स्पष्ट रही है। उन्होंने कहा, हम समय-समय पर अपना रुख नहीं बदलते हैं। कोई भी निर्णय लेते समय राजनीति और उसे लोग कैसे देखेंगे इसे ध्यान में नहीं रखा जाता। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात के लोग उन व्यक्तियों को करारा जवाब देंगे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया, जो गुजरात का सम्मान और गौरव हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी और सरदार पटेल जहां 20वीं सदी में गुजरात के सम्मान और गौरव के प्रतीक थे, वहीं हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21वीं सदी में गुजरात के सम्मान और गौरव के रूप में उभरे हैं। और आज, हमारे प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।

गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से 89 पर बृहस्पतिवार को पहले चरण में मतदान होगा। सिंह ने कहा कि अन्य विपक्षी दल भी प्रधानमंत्री के खिलाफ निराधार आरोप लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल स्वस्थ लोकतंत्र को नहीं दर्शाता है। गुजरात में सोमवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से उनका चेहरा देखकर वोट करने के लिए कहते हैं। खरगे ने पूछा था, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं। खरगे की टिप्पणी को भाजपा ने गुजरात के लोगों का अपमान करार दिया था। सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया है, वह सिर्फ खड़गे की नहीं बल्कि पूरे कांग्रेस नेतृत्व की मानसिकता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का पद एक संस्था होता है।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी कांग्रेस की हताशा को दर्शाता हैः नड्डा



**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बृहस्पतिवार को होने वाले मतदान से पहले भाजपा ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ रावण वाली टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर हमले तेज कर दिए और कहा कि प्रदेश की जनता विपक्षी पार्टी को करारा जवाब देगी। यहां एक रोड शो के दौरान भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि खरगे की टिप्पणी और एक अन्य कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री के मोदी के खिलाफ औकात बता देने संबंधी बयान कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की हताशा को भी दर्शाता है क्योंकि कांग्रेस कहीं भी नहीं है और भाजपा को पूरे राज्य में जनता का समर्थन मिल रहा है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में अब तक स्वीकार नहीं कर सके हैं और इसीलिए अक्सर आपत्तिजनक टिप्पणी की जाती है। कांग्रेस के नेता उनके इशारों पर ही मोदी पर निशाना साधते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, लोकतंत्र में कोई भी नेता ऐसी भाषा का इस्तेमाल करता है तो उसे शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए। भारत के लोग मोदी से प्यार करते हैं और उनपर विश्वास करते हैं।

## राज्यपाल को विवि के कुलाधिपति के पद से हटाने के लिए विधेयक पेश करेगी केरल सरकार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने राज्यपाल को राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने और उनकी जगह प्रख्यात शिक्षाविदों को नियुक्त करने को लेकर विधानसभा में एक विधेयक पेश करने का बुधवार को फैसला किया। केरल विधानसभा का सत्र पांच दिसम्बर से शुरू होगा। इस संबंध में एक मसौदा विधेयक को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई।कैबिनेट का यह फैसला वामपंथी सरकार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के बीच कुलपतियों की नियुक्ति सहित राज्य के विश्वविद्यालयों के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जारी खींचतान के मद्देनजर आया है। हालांकि, हाल ही में केरल उच्च न्यायालय के कुछ आदेशों ने कुछ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्तियों पर खान के रुख की पुष्टि की है।

# कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया मोदी ने आदिवासी गौरव का संरक्षण कियाः शाह



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस पर आदिवासियों के समृद्ध इतिहास के संरक्षण के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए। शाह गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशियों के समर्थन में महीसागर जिले के कडाणा गांव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जिले की विधानसभाओं में मतदान चुनाव के दूसरे चरण में पांच दिसंबर को होगा। शाह ने कहा, आजादी के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं जिन्होंने आदिवासियों के गौरव और विरासत के संरक्षण के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ही 2021 में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि मुंडा और अन्य कई आदिवासी नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई है लेकिन उन्हें कांग्रेस के शासन में उचित श्रेय नहीं मिला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, जब तक कांग्रेस सत्ता में रही, उसने आदिवासियों के समृद्ध इतिहास को बचाने के लिए कुछ नहीं किया। जैसे ही मोदी प्रधानमंत्री बने, उन्होंने घोषणा की कि देशभर में 10 आदिवासी संग्रहालयों का निर्माण कराया जाएगा।

आदिवासी समुदाय से आने वाली द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति के रूप में चुनाव का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 65 साल के अपने शासन में कभी इस समुदाय से किसी को शीर्ष संवैधानिक पद पर बैठाने के बारे में नहीं सोचा। शाह ने कहा कि गुजरात में भाजपा सरकार ने नर्मदा जिले में बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय और पंचमहल जिले के गोधरा में गोविंद गारू विश्वविद्यालय का निर्माण कराके आदिवासी नायकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

# गहलोत, पायलट का एकजुटता दिखाना कांग्रेस के अंदरूनी कलह का राजनीतिक विराम हैः भाजपा

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में मंगलवार को एकजुटता के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि यह फिलहाल के लिए, एक राजनीतिक विराम है और लोगों को फिर से गद्दार जैसे शब्द सुनने को मिलेंगे। भाजपा विधायक और प्रदेश प्रवक्ता राम लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह से जनता परेशान है। शर्मा ने एक वीडियो बयान में कहा, कांग्रेस की अंदरूनी सियासत का नजारा मंगलवार को एक बार फिर दिखा जब हाथ खड़ा करके राज्य की अवाम को यह विश्वास दिलाया गया कि कांग्रेस के अंदर सबकुछ ठीक है लेकिन मुझे लगता है कि यह एक राजनीतिक विराम है जो कुछ समय के लिए थमा है और एक बार फिर राज्य की जनता को वही सब सुनने को मिलेगा... नकारा, निकम्मा, गद्दार... उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी कलह का नुकसान राजस्थान की जनता को हो रहा है... ना कांग्रेस के नेताओं और ना कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कोई फिक्र है।

राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में आंदोलनों का दबाया जाता है। गहलोत ने जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान पायलट के खिलाफ नकारा, निकम्मा और गद्दार जैसे शब्दों का प्रयोग किया था। उस समय तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट और 18 अन्य कांग्रेस विधायकों ने उनके (गहलोत) के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। पिछले सप्ताह भी गहलोत ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि पायलट गद्दार हैं और उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता क्योंकि उन्होंने 2020 में कांग्रेस के खिलाफ बगावत की थी और राज्य सरकार को गिराने की कोशिश की थी।

पायलट ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा था कि इस तरह कीचड़ उछालने से मदद नहीं मिलेगी। दोनों नेताओं ने मंगलवार को एकता का प्रदर्शन किया जब केसी वेणुगोपाल ने जयपुर में भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। उन्होंने बैठक के बाद संयुक्त रूप से मीडिया को जानकारी दी और मीडिया के सामने वेणुगोपाल ने दोनों नेताओं का हाथ पकड़कर कहा, यह राजस्थान कांग्रेस है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यहां पार्टी में सभी एकजुट हैं।

## कर्नाटक में चिकित्सकों ने मरीज के पेट से निकाले 187 सिक्के

भाषा। बागलकोट (कर्नाटक)

**कर्नाटक** में चिकित्सकों ने सिजोफ्रेनिया के 58 वर्षीय एक मरीज के पेट से 187 सिक्के निकाले हैं, जिन्हें वह हाल में मानसिक रूप से अस्थिर होने की अवस्था में निगल गया था। डॉक्टर ईश्वर कलबुर्गी ने बताया कि रायचूर जिला निवासी दयम्मा पेट में दर्द होने की शिकायत के साथ बागलकोट स्थित हंगल श्री कुमारेश्वर हॉस्पिटल ऐंड रिसर्च सेंटर आया था और जांच किए जाने पर पेट में सिक्के होने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया, अगर एक सिक्का होता तो हम इंडोस्कॉपी के माध्यम से मरीज के शरीर से उसे निकाल देते, लेकिन इस मामले में कई सिक्के पेट के भीतर थे, जिसकी वजह से हमें ऑपरेशन करना पड़ा। डॉक्टर ने बताया कि मरीज की हालत अब स्थिर है और उनके करियर का यह अनोखा मामला था।

# आध्यात्मिक गतिविधियों को राजनीतिक स्वार्थ का जरिया न बनाएंः उषा ठाकुर

**इंदौर।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दो शिव ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए जाने पर मध्य प्रदेश की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने बुधवार को कहा कि आध्यात्मिक गतिविधियों को राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। राज्य से गुजर रही यात्रा के दौरान गांधी ने पिछले पांच दिनों के भीतर ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए हैं। इस बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, मेरी प्रार्थना है कि किसी भी आध्यात्मिक गतिविधि को राजनीतिक स्वार्थों की सिद्धि का माध्यम नहीं बनाया जाए। ये गतिविधियां हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ...इसलिए इन गतिविधियों के साथ कोई सौदा नहीं होना चाहिए। शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में शामिल ठाकुर के पास पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग भी हैं। आप (गांधी) मंदिरों में जाइए, इसका स्वागत है। लेकिन आप प्रभु की प्रार्थना और प्रभु के दर्शन का महत्व भी समझें। आपको इस धरती पर आए इतने साल हो गए, आप कोई प्रार्थना तो प्रभु को सुना दीजिए। ठाकुर ने जनेऊ को लेकर गांधी के धार्मिक ज्ञान पर सवाल भी उठाए। आप (गांधी) जिस जनेऊ को धारण करने की बात करते हैं, क्या आपको पता है कि वह किस कंधे पर पहना जाता है, किन परिस्थितियों में कान पर चढ़ाया जाता है और जनेऊ के तीनों धागे किस बात के द्योतक होते हैं? यदि आपको इसकी जानकारी नहीं है, तो आप हिंदू समाज को भ्रमित करने के लिए जनेऊमत पहनिए। भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने 1947 में देश के बंटवारे और कश्मीर के एक हिस्से पर पाकिस्तान के कब्जे के घटनाक्रमों का जिक्र किया तथा कहा, मुझे हैरानी होती है कि आज वे लोग देश को जोड़ने की बात कर रहे हैं जिनकी पीढ़ियों ने देश को तोड़ा है। इन्होंने 65 साल तक जनता को भ्रमित किया और अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की नीति के माध्यम से देश चलाया। उन्होंने गांधी का नाम लिए बगैर कहा, इनके पुरखों ने जो जघन्य पाप किए हैं, उनका प्रायश्चित इनसे इस जन्म में नहीं होने वाला।



उत्तराखण्ड के औली में भारत- अमेरिका के संयुक्त युद्ध अभ्यास में भाग लेते भारतीय सेना के जवान

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**मंडला।** मध्य प्रदेश में सुरक्षाबलों ने बुधवार को मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंडला जिले के मोती नाला थाना क्षेत्र और बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के बीच सुपखार क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई। मंडला पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने कहा, आज सुबह चार से पांच बजे के बीच मंडला जिले के मोती नाला थाना क्षेत्र और बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के बीच सुपखार क्षेत्र में हॉक फोर्स के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई, जिसमें दो नक्सली मारे गए। राजपूत ने कहा कि अभी मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि मुठभेड़ में दो से अधिक नक्सली मारे गए हों। उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने अपना प्रभाव जमाने के लिए दो दिन पहले क्षेत्र में पर्चे फेंके थे जिसके बाद क्षेत्र में अभियान तेज कर दिया गया था और इस दौरान बुधवार की सुबह पुलिस तथा नक्सलियों का आमना-सामना हुआ।

## राज्यपाल के विधेयकों को मंजूरी के लिए समय सीमा तय करने की याचिका पर विचार से इनकार

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें यह घोषणा करने की मांग की गई थी कि राज्यपाल के पास राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोके रखने का अधिकार नहीं है। उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश एस मणिकुमार और न्यायमूर्ति शाजी पी शैली की पीठ ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रपति या राज्यों के राज्यपालों के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित करने को लेकर संविधान में संशोधन करने का केंद्र को निर्देश देने की भी मांग की गई थी। राष्ट्रपति और राज्यपालों को उनकी मंजूरी के लिए भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेना होता है।

याचिका खारिज करने के कारणों सहित विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है। मंगलवार को दायर की गई जनहित याचिका में लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक और विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक सहित छह विधेयकों को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा लंबे समय से रोके रखने को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति दुराग्रही, मनमाना, निरंकुश और विपरीत करार देने की भी मांग की गई थी। संविधान का अनुच्छेद 200 राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राज्यपाल को विवेकाधीन शक्तियां प्रदान करता है।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि खान ने उन विधेयकों को अपनी मंजूरी देने के संबंध में अभी तक अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन नहीं किया है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया था कि (राज्यपाल द्वारा) निष्पक्षता से, जिम्मेदारी से और सावधानी पूर्वक कार्य करने के बजाय यह देखा जा रहा है कि राज्यपाल एक राजनीतिक एजेंडे के साथ कार्य कर रहे हैं।

## मंत्री ने कहा, शिक्षक का छात्र को कसाब कहना इतना गंभीर नहीं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के स्कूल शिक्षा और साक्षरता मंत्री बी. सी. नागेश ने हाल ही में एक सहायक प्रोफेसर द्वारा एक छात्र को कसाब कहने के बाद हुए विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि यह इतना गंभीर नहीं है। यह भी जानना चाहा कि एक समुदाय विशेष का नाम राष्ट्रीय मुद्दा क्यों बन गया, जबकि रावण या शकुनि जैसे नाम जो आमतौर पर संदर्भित करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, उन्हें लेकर कोई मुद्दा नहीं बनता है। नागेश ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है, घटना नहीं होनी चाहिए थी, शिक्षक को उस नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। लेकिन मुझे यह भी लगता है कि यह उतनी गंभीर बात नहीं है, क्योंकि हम कई छात्रों के लिए कई बार रावण के नाम का उपयोग करते हैं, हम कई बार शकुनि के नाम का भी उपयोग करते हैं, लेकिन यह कोई मुद्दा नहीं बनता है। उन्होंने कहा, क्यों किसी समुदाय विशेष से आने वाला (एक व्यक्ति का) नाम मुद्दा बन जाता है, मुझे नहीं पता।

# पालतू हाथियों की डीएनए प्रोफाइलिंग शुरू करेगा बिहार

**पटना।** बिहार सरकार जंगली हाथियों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए, जल्द ही राज्य के सभी पालतू हाथियों की डीएनए प्रोफाइलिंग शुरू करेगी। बिहार के मुख्य वन्यजीव संरक्षक पी के गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो राज्य सरकार केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा समर्थित डीएनए प्रोफाइलिंग परियोजना को मध्य दिसंबर से शुरू कर देगी। इस परियोजना का मकसद राज्य के सभी पालतू हाथियों का व्यापक डेटाबेस तैयार करना है। डेटाबेस में हर पालतू हाथी की तस्वीर के साथ-साथ उसका आनुवंशिक (जेनेटिक) डेटा शामिल किए जाने की संभावना है। यह पहल जंगली हाथियों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने में मददगार साबित होगी। डीएनए के नमूने जुटाने के लिए राज्य वन विभाग भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) द्वारा तैयार एक छेड़छाड़ रहित सैंपलिंग किट और एक विशेष मोबाइल अनुप्रयोग (एप्लिकेशन) उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य वन विभाग के अधिकारियों की सख्त निगरानी में योग्य पशु चिकित्सक डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए हाथियों के खून और मल के नमूने एकत्रित करेंगे।

गुप्ता ने कहा, सभी चरणों में पशुओं की पर्याप्त देखभाल सुनिश्चित की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पूरी प्रक्रिया के दौरान हाथियों को कम से कम असुविधा हो। प्रत्येक हाथी और उसके मालिक का रिकॉर्ड यह पता लगाने में मदद करेगा कि कहीं किसी हाथी की अवैध रूप से खरीद-फरोख्त तो नहीं की गई है। वर्ष 2002 में संशोधित वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत ऐसे पालतू हाथियों की बिक्री पर प्रतिबंध है, जो राज्य वन विभाग में पंजीकृत नहीं हैं। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी करने के लिए देखभाल और रखरखाव के उपयुक्त उपायों को अनिवार्य बनाता है।

# जम्मू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षित : बीएसएफ महानिरीक्षक

**जम्मू।** बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि बल ने इस साल सीमा पार से घुसपैठ की सभी कोशिशें नाकाम कर दी हैं और जम्मू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षित एवं वारदात मुक्त है। बीएसएफ महानिरीक्षक (जम्मू फ्रंटियर) डी के बूरा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जम्मू में ड्रोन गतिविधियों में काफी कमी आई है और मानवरहित विमानों के जरिए गिराए गए ज्यादातर हथियारों एवं विस्फोटकों को जब्त कर लिया गया है। बूरा ने कहा, सुरक्षा बलों पर जबरदस्त दबाव और सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोई वारदात नहीं हुई। उन्होंने कहा, घुसपैठ की सभी कोशिशें नाकाम कर दी गई हैं। घुसपैठ की सात कोशिशें नाकाम की गईं और सभी घुसपैठियों एवं उन्हें रास्ता बताने वालों को मार गिराया गया।

उन्होंने बताया कि इस साल घुसपैठ की एक भी कोशिश कामयाब नहीं हुई। बूरा ने बताया कि चार एके राइफल, सात पिस्तौल और करीब 50 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई हैं। उन्होंने कहा, जम्मू में सीमा पूरी तरह सुरक्षित है। हम सालभर सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहे। हम उम्मीद करते हैं कि 2023 में सीमा पार से घुसपैठ की कोई कोशिश नहीं होगी। बूरा ने सीमा पर आगामी दिनों में भी इस प्रकार की स्थिति बने रहने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, हम वादा करते हैं कि सीमा रेखा पर सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए, काम करेंगे कि घुसपैठ की एक भी कोशिश नहीं हो।

बूरा ने सर्दी के महीनों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बलों पर दबाव होने का जिक्र करते हुए कहा, हमारा मकसद है कि घुसपैठ की एक भी घटना नहीं हो। भले ही सर्दी हो, गर्मी हो, कोहरा हो या बारिश हो। हमारा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके कोई न घुस सके। उन्होंने स्वीकार किया कि ड्रोन गतिविधियां एक समस्या है। उन्होंने कहा, इस समस्या के बढ़ने के साथ ही इससे निपटने के लिए उठाए जाने वाले



कदमों को भी उन्नत बनाया गया है। बूरा ने कहा कि नए उपायों और उपकरणों को तैनात किए जाने से जम्मू में ड्रोन गतिविधियों में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि सभी 11 सीमाओं में से जम्मू ने सर्वश्रेष्ठ सीमा प्रबंधन के लिए पुरस्कार जीता था और 48वीं बटालियन ने वर्ष में सर्वश्रेष्ठ अभियानगत कार्य के लिए डीजी ट्रॉफी जीती है।

बूरा ने कहा, सीमा तीन घटकों से बनती है - सीमा, सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मी और सीमा पर रहने वाली आबादी। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि सीमा पर सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने के लिए तीनों घटकों के बीच समन्वय हो। बीएसएफ और सीमावर्ती आबादी के बीच पूर्ण समन्वय है। बल के जवान क्षेत्र में रहने वाले लोगों तक पहुंच रहे हैं और उन्हें हर तरह की सहायता प्रदान कर रहे हैं। बूरा ने कहा कि गोलीबारी के कारण अंतरराष्ट्रीय सीमा पर खेतीबाड़ी बंद करने वाले किसानों ने बीएसएफ के सहयोग से खेती फिर से शुरू कर दी है। देश में चीन निर्मित हथियारों की तस्करी के बारे में पूछे जाने पर बूरा ने कहा, यह हमारे लिए महत्वहीन है कि पाकिस्तान और आतंकवादी संगठन उन्हें कहां से प्राप्त करते हैं। हमारा उद्देश्य उन्हें जब्त करना है और किसी को भी उनका उपयोग नहीं करने देना है।

## पुंछ में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार और विस्फोटक बरामद

**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षाबलों ने बुधवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए वहां से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। आतंकवादी ठिकाने से बरामद हथियारों में दो एके राइफल, छह मैगजीन, 69 कारतूस, एक पिस्तौल और पांच हथगोले शामिल हैं। सुरनकोट तहसील के नबना गांव में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान इस आतंकवादी ठिकाने का पता चला। अभियान के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# आत्मघाती हमले में चार लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

भाषा। कराची



**पाकिस्तान के** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा पोलियो टीम की सुरक्षा के लिए जा रहे पुलिस कर्मियों के ट्रक को निशाना बनाकर बुधवार को किए गए एक आत्मघाती हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, तथा 26 अन्य घायल हो गए जिनमें 23 पुलिस कर्मी हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, यह आत्मघाती हमला तब हुआ, जब पोलियो टीकाकरण अभियान में शामिल कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को ले जा रहा ट्रक क्वेटा के बलेली इलाके से गुजर रहा था। क्वेटा के पुलिस उपमहानिरीक्षक गुलाम अजफर महेसर ने हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि धमाके की चपेट में कुल तीन वाहन आए हैं। उन्होंने कहा, घटनास्थल और ट्रक की हालत को देखते हुए अनुमान है कि करीब 25 किलोग्राम विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक क्वेटा में हुए हमले में मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई है। खबर के मुताबिक, एक पुलिस कर्मी और बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई और 23 पुलिसकर्मियों सहित 26 लोग घायल हो गए। खबर में अस्पताल प्रशासन के हवाले से बताया गया कि घटना में घायल एक महिला और बच्चे की मौत होने की वजह से मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। इससे पहले अस्पताल ने बताया कि घायलों में अधिकतर की हालत खतरे से बाहर है। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी है। टीटीपी ने दो दिन पहले ही सरकार के साथ संघर्ष-विराम को वापस लेते हुए अपने लड़ाकों से देशभर में हमले करने का आह्वान किया था। टीटीपी ने कहा कि यह हमला अगस्त में अफगानिस्तान में उसके नेता अब्दुल वली उर्फ उमर खालिद खुरासनी की हत्या के प्रतिशोध में किया गया है। महेसर ने कहा कि यह एक आत्मघाती हमला था, क्योंकि मौके से एक आत्मघाती हमलावर के अवशेष बरामद हुए हैं और कम से कम तीन वाहन इसकी चपेट में आए।पुलिस की प्राथमिक जांच के मुताबिक पुलिस के ट्रक से एक रिक्शा टकराया था। अधिकारियों ने पीड़ितों के इलाज के लिए क्वेटा के अस्पतालों में आपातकाल की घोषणा कर दी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस लक्षित हमले की निंदा करते हुए घटना की त्वरित जांच के निर्देश दिए हैं। शरीफ ने कहा, देश से पोलियो वायरस को खत्म करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक पोलियो को पूरी तरह से खत्म नहीं कर दिया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान में पोलियो रोधी अभियान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे बुरे तत्व हमेशा नाकाम होंगे।राष्ट्रपति डॉ.आरिफ अल्वी ने हमले की निंदा की और मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र ठीक होने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बच्चे पाकिस्तान के बहुमूल्य संपत्ति है और सरकार उन्हें पोलियो जैसी बीमारी से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान ने भी हमले में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हाल के दिनों में पोलियो के खिलाफ अभियान चलाने वाले कार्यकर्ताओं पर हमले बढ़े हैं।

## चीन ने अमेरिकी अधिकारियों को भारत के साथ उसके संबंधों में दखल न देने की चेतावनी दी : पेंटागन

भाषा। वाशिंगटन

**चीन ने** अमेरिकी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे भारत के साथ उसके संबंधों में दखल न दें। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कांग्रेस (संसद) में पेश एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

इस रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कई इलाकों में भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच गतिरोध पैदा हुआ है। पेंटागन ने मंगलवार को पेश रिपोर्ट में कहा है कि एलएसी पर भारत के साथ टकराव के बीच चीनी अधिकारियों ने संकट की गंभीरता को कमतर दिखाने की कोशिश की है और इस बात पर जोर दिया है कि चीन की मंशा सीमा पर स्थिरता कायम करना और भारत के साथ उसके द्विपक्षीय संबंधों के अन्य क्षेत्रों को गतिरोध से होने वाले नुकसान से बचाना है। चीन की सैन्य निर्माण क्षमता पर कांग्रेस को दी गई अपनी हालिया रिपोर्ट में पेंटागन ने कहा, चीनी गणराज्य (पीआरसी) तनाव कम करने की कोशिशों में जुटा है, ताकि भारत अमेरिका के और करीब नहीं जाए। पीआरसी के अधिकारियों ने अमेरिकी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे भारत के साथ पीआरसी के संबंधों में हस्तक्षेप न करें। पेंटागन ने कहा कि वर्ष 2021 के दौरान पीएलए ने भारत-चीन सीमा के एक खंड पर सैन्य बलों की तैनाती बरकरार रखी और एलएसी के पास बुनियादी ढांचे का निर्माण भी जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि गतिरोध के समाधान के लिए भारत और चीन के बीच वार्ता में न्यूनतम प्रगति हुई है, क्योंकि दोनों पक्ष सीमा पर अपने-अपने स्थान से हटने का विरोध करते हैं।

## क्विक न्यूज

### मतभेदों के बीच अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में देरी हुई: रूस

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन को लेकर राय में व्यापक अंतर और तनाव के चलते इस सप्ताह परमाणु हथियार नियंत्रण पर अमेरिका के साथ होने वाली कई बैठकों को टाल दिया है। रूस के एक वरिष्ठ राजनयिक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि काहिरा में मंगलवार को शुरू होने वाली पूर्व निर्धारित वार्ता को टालने का निर्णय राजनीतिक स्तर पर किया गया। वार्ता का टलना अमेरिका-रूस के तनावपूर्ण रिश्ते का एक और उदाहरण है और इससे दोनों देशों के बीच शेष बचे परमाणु हथियार नियंत्रण संधि के भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई है।रयाबकोव ने मास्को में पत्रकारों से कहा, हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे है जहां हमारे अमेरिकी सहयोगियों ने न सिर्फ हमारे संकेतों को सुनने और हमारी प्राथमिकताओं को मानने में अपनी अनिच्छा दिखाई है, बल्कि इसके उलट काम भी किया है। रयाबकोव ने दावा किया कि अमेरिका सिर्फ नई स्टार्ट संधि के तहत निरीक्षण फिर से शुरू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहता था और उसने रणनीतिक हथियार कटौती समझौते के तहत हथियारों की गिनती से संबंधित बारीकियों पर चर्चा करने के लिए मास्को के अनुरोध को भी टाल दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा था कि रूस ने काहिरा में होने वाली वार्ता को एकतरफा टालने का फैसला किया और वह नई तारीखों का प्रस्ताव देगा।

### अमेरिकी सीनेट में समलैंगिक विवाह से जुड़ा ऐतिहासिक विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने समलैंगिक शादियों को मान्यता देने से जुड़ा एक द्विदलीय विधेयक मंगलवार को पारित कर दिया। यह कदम इस मुद्दे पर राष्ट्रीय राजनीति में आए बदलाव का संकेत देता है। इससे उन हजारों समलैंगिक जोड़ों को राहत मिली है, जिन्होंने उच्चतम न्यायालय के 2015 के फैसले के बाद शादी की थी। इस फैसले के तहत देशभर में समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता दी गई थी। विधेयक को मंगलवार को 36 के मुकाबले 61 मतों से पारित कर दिया गया। रिपब्लिकन पार्टी के 12 सदस्यों ने भी इसका समर्थन किया। सीनेट में बहुसंख्यक नेता चुक शुमर ने कहा कि यह विधेयक लंबे समय से लंबित था और वृहद समानता की ओर अमेरिका की मुश्किल, लेकिन अडिग राह का हिस्सा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने दोनों दलों के सदस्यों द्वारा विधेयक का समर्थन किए जाने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अगर यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो जाता है तो वह इस पर तेजी से और गर्व के साथ हस्ताक्षर करेंगे।

### चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का निधन

**बीजिंग।** चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का निधन हो गया है। चीनी सरकारी टीवी की खबर में यह जानकारी दी गई है। सरकारी टीवी ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि वह 96 वर्ष के थे। जेमिन का निधन शंघाई में हुआ। जेमिन ने तियानमेन स्क्वायर में लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों के बाद के दौर में देश का नेतृत्व किया था और आर्थिक सुधारों का समर्थन किया था। वर्ष 1989 के तियानमेन की कार्वाई के बाद विभाजित कम्युनिस्ट पार्टी का नेतृत्व करते हुए जेमिन ने चीन में बाजार उन्मुख सुधार किए। जेमिन के कार्यकाल में ही 1997 में ब्रिटिश शासन से हांगकांग की वापसी हुई और 2001 में चीन विश्व व्यापार संगठन में शामिल हुआ।जेमिन की सरकार ने देश में व्याप्त असंतोष को समाप्त कर दिया था। इस सरकार ने मानवाधिकार, श्रम और लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया और सत्ता पर कम्युनिस्ट पार्टी के एकाधिकार के लिए खतरे के रूप में देखी जाने वाली फालुन गोंग आध्यात्मिक पद्धति पर प्रतिबंध लगा दिया। जेमिन ने अपना सरकारी पद 2004 में छोड़ दिया था, लेकिन पर्दे के पीछे वह सक्रिय रहे, जिसके कारण वर्तमान राष्ट्रपति शी चिनफिंग का उदय हुआ, जिन्होंने 2012 में सत्ता संभाली थी।

### ओथ कीपर्स का संस्थापक रोड्स देशद्रोही साजिश का दोषी करार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सरकार विरोधी मिलिशिया ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी परिणाम को पलटने के लिए देशद्रोही साजिश रचने का मंगलवार को दोषी करार दिया गया। यह छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर में हुए विद्रोह की जांच में न्याय विभाग की बड़ी जीत है। वाशिंगटन डीसी की एक जूरी ने करीब दो महीने तक चले मुकदमे में रोड्स को देशद्रोह का दोषी ठहराया। रोड्स को षडयंत्र के दो अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया था। यह फैसला न्याय विभाग के लिए काफी अहम है और इससे अभियोजकों का राजद्रोह के अन्य चरमपंथी आरोपियों के आगामी मुकदमों में पूरे जोरशोर से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। ओथ कीपर्स के फ्लोरिडा अध्याय के नेता केली मेग्स को भी देशद्रोह का दोषी ठहराया गया है जबकि रोड्स के तीन अन्य सह-आरोपियों को आरोप मुक्त कर दिया गया है। अदालत ने सभी पांच आरोपियों को बाइडन की चुनावी जीत पर कांग्रेस के सत्यापन की आधिकारिक प्रक्रिया में बाधा डालने का दोषी पाया गया। अभियोजकों के अनुसार, छह जनवरी को ओथ कीपर्स को कैमरे में लड़ाई की तैयारी के साथ अमेरिकी संसद परिसर तथा भीड़ के बीच घुसते देखा गया था।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया मुक्त व्यापार समझौता 29 दिसंबर को लागू होगा

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 29 दिसंबर से लागू होगा। ऑस्ट्रेलिया के व्यापार और पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कदम है जिससे पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 45-50 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बयान में कहा गया है, (एंथनी) अल्बनीज सरकार इस पुष्टि का स्वागत करती है कि भारत सरकार ने ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) के क्रियान्वयन के लिए अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह व्यापार समझौता 29 दिसंबर, 2022 से ऑस्ट्रेलिया की कंपनियों और उपभोक्ताओं नई बाजार पहुंच के अवसर उपलब्ध कराएगा। इस समझौते पर इस साल दो अप्रैल को हस्ताक्षर किए गए थे। समझौते के तहत ऑस्ट्रेलियाई बाजार में कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभूषण और मशीनरी समेत 6,000 से अधिक व्यापक क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।

### अमेरिका ने कतर को एक अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री की मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने मंगलवार को दोहा में ईरान और अमेरिका के बीच फुटबॉल विश्वकप के एक अहम मुकाबले के मध्यांतर के दौरान कतर को एक अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री की मंजूरी दे दी। अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे चरण का मुकाबला शुरू होते ही अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की कि उसने कतर को 10 रक्षात्मक ड्रोन प्रणालियों, 200 इंटरसेप्टर और अन्य सैन्य उपकरणों की बिक्री के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कतर सहित अन्य खाड़ी देश क्षेत्र में ईरान समर्थित अराजक तत्वों के खतरों का सामना करते है।

### एनीमिया के विषय में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

**मुंबई।** आयरन डिफिशिएंसी डे 2022 मनाते हुए पी एंड जी हेल्थ ने एफ ओ जी एस आई ;द फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी ऑफइंडिया के साथ मिलकर आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के विषय में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास तेज कर दिया। इसके लिए ष्ना ना एनीमिया बस यात्राष् शुरू की गई। प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मिलन थट्टे और एफओ जी एस आई के अध्यक्ष डॉक्टर ह्षीकेश पई द्वारा ऋषिकेश से आरंभ की गई ना ना एनीमिया बस यात्रा 40 से ज्यादा दिनों में पांच राज्यों . उत्तराखंडए उत्तर प्रदेशएबिहार झारखंड और पश्चिम बंगाल के 20 शहरों से होकर 4 जनवरी 2023 को कोलकाता में खत्म होगी।

## अब कोविड-19 संबंधी गलत सूचनाओं को नहीं हटाएगा ट्विटर

**कैलिफोर्निया (अमेरिका)।** ट्विटर अब कोविड-19 से जुड़ी गलत सूचनाओं के खिलाफ अपनी नीति को लागू नहीं करेगा, जिससे जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चिंता पैदा हो गई है कि इस बदलाव के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। विशेषज्ञों को आशंका है कि इससे कोविड-19 टीकाकरण और संक्रमण से निपटने के अन्य प्रयास बाधित हो सकते हैं।ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने सोमवार रात को माइक्रोब्लॉगिंग साइट के ऑनलाइन नियमों में एक वाक्य की सूचना को देखा, जिसमें कहा गया है, 23 नवंबर 2022 से ट्विटर कोविड-19 संबंधी भ्रामक सूचना देने के खिलाफ अपनी नीति को लागू नहीं करेगा। पेशे से चिकित्सक डॉ. सिमोन गोल्ड ने ट्वीट किया, इस नीति का इस्तेमाल वायरस और इलाज के विकल्पों को लेकर मीडिया की अवधारणा पर सवाल उठाने वाले दुनियाभर के लोगों को चुप कराने के लिए किया गया था।

## अंतरिक्ष में पहली बार एकत्रित हुए चीन के छह अंतरिक्ष यात्री



भाषा। बीजिंग

**चीन के** निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले एक अंतरिक्ष यान में सवार तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने बुधवार को वहां मौजूद अपने तीन सहकर्मियों से मुलाकात की। इसके साथ ही अंतरिक्ष में पहली बार देश के छह अंतरिक्ष यात्री इकट्ठा हुआ।चीन ने मंगलवार रात अपने निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक अंतरिक्ष यान के जरिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों-फी जुनलॉन्ग, डेंग किंगमिंग और झांग लू को रवाना किया था। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, शेनझोउ-15 अंतरिक्ष यान को उत्तर-पश्चिमी चीन स्थित जियुक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया गया।

सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक, अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद तीन लोगों ने तीन नए क्रू सदस्यों का गले लगाकर स्वागत किया।

## भारत, बांग्लादेश ने आतंकवाद का खात्मा करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया

भाषा। ढाका

**बांग्लादेश में** नवनियुक्त भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद को रोकने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। वर्मा 1994 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने 27 अक्टूबर को राष्ट्रपति अब्दुल हामिद को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करने के एक महीने बाद हसीना से मुलाकात की।वर्मा ने उनके आधिकारिक गणभवन आवास पर प्रधानमंत्री हसीना से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक प्रवक्ता ने वर्मा के हवाले से कहा, भारत की पड़ोसी देशों के लिए एक नीति है। लेकिन बांग्लादेश को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलती है। बांग्लादेश को हमेशा किसी भी मामले में प्राथमिकता मिलती है। वर्मा ने बांग्लादेश को भारत का बहुत अच्छा दोस्त बताते हुए कहा कि दोनों देश क्षेत्र में आतंकवाद खत्म करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

**● पीएमओ प्रवक्ता के अनुसार, वर्मा ने हसीना से कहा कि द्विपक्षीय व्यापार और संपर्क हाल के दिनों में बढ़ा है**

वर्मा के बयान से सहमति जताते हुए हसीना ने कहा कि बांग्लादेश ने आतंकवादियों को अपनी सरजमीं का इस्तेमाल नहीं करने देने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, (सत्तारूढ़) अवामी लीग कभी भी आतंकवाद को बढ़ावा नहीं देती है और यह आतंकवादी गतिविधियों के लिए अपनी सरजमीं का इस्तेमाल नहीं करने देंगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का मानना है कि आतंकवाद का कोई धर्म और सीमा नहीं होती। हसीना ने कहा कि उनका मानना है कि बांग्लादेश और भारत तीस्ता नदी जल बंटवारे सहित सभी लंबित मुद्दों को बातचीत के जरिए सुलझा सकते हैं। पीएमओ प्रवक्ता के अनुसार, वर्मा ने हसीना से कहा कि द्विपक्षीय व्यापार और संपर्क (कनेक्टिविटी) हाल के दिनों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है, जबकि प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय व्यवसाई बांग्लादेश के आर्थिक क्षेत्रों में निवेश करेंगे। बांग्लादेश में 100 आर्थिक क्षेत्र हैं। हसीना और वर्मा ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को सुगम बनाने के लिए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर भी चर्चा की।वर्मा ने कहा कि भारत बिजली और ऊर्जा क्षेत्रों में बांग्लादेश के साथ सहयोग करने को तैयार है।

पीएमओ प्रवक्ता ने कहा कि वर्मा ने प्रधानमंत्री हसीना के दूरदर्शी नेतृत्व में बांग्लादेश के सामाजिक-आर्थिक विकास की सराहना की।

## सेंसेक्स 418 अंक की छलांग के साथ पहली बार 63,000 के पार

भाषा। मुंबई

**वैश्विक बाजारों** के काफी हद तक सकारात्मक रहने और विदेशी निवेशकों का उत्साह बरकरार रहने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार सातवें कारोबारी दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और मानक सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 63,000 अंक से ऊपर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 417.81 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 63,099.65 अंक पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स का नया रिकॉर्ड स्तर है और पहली बार यह 63,000 अंक के पार बंद हुआ है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 621.17 अंक तक उछलकर 63,303.01 अंक तक पहुंच गया था जो इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सूचकांक निफ्टी ने भी तेजी के इस दौर में 140.30 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। निफ्टी



कारोबार के अंत में 18,758.35 अंक पर बंद हुआ जो इसका नया रिकॉर्ड है।सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और टाइटन सर्वाधिक लाभ में रहीं।

इसके उलट इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे। बीएसई का मिडकैप सूचकांक 1.06 प्रतिशत बढ़ा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.61 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का निवेश आने से घरेलू बाजार में बढ़त जारी रही। हालांकि, बाजार की नजरें फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के संबोधन पर टिकी रहेंगी। अगर पावेल ब्याज दरों में बढ़ोतरी की रफ्तार सुस्त करने के संकेत देते हैं तो इस तेजी को और बल मिलेगा। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, एफआईआई की लिवाली के जोर पकड़ने से कारोबारी धारणा मजबूत रही और सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंच गए। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े अनुकूल रहने की उम्मीद ने भी इसमें योगदान दिया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

## भारत महंगाई से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षमः सीतारमण

नई दिल्ली (भाषा)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भरोसा जताया कि भारत खाद्य कीमतों पर आपूर्ति संबंधी दबावों से निपटने के लिए तैयार बहुत अच्छी व्यवस्था की वजह से मुद्रास्फीति का सामना कहीं बेहतर ढंग से करने में सफल रहेगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जनवरी से ही लगातार छह प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। सीतारमण ने रॉयटर्स नेक्स्ट समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि भारत मुद्रास्फीति का संभवत: बेहतर ढंग से सामना करने में सफल रहेगा। आरबीआई से भी ऐसे संकेत मिले हैं कि मुद्रास्फीति में गिरावट का रुख है और अगले साल की शुरुआत या मध्य तक यह सुविधाजनक दायरे में आ जाएगी। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि मुद्रास्फीति पर बाहरी घटकों का असर बने रहने वाला है लेकिन भारत अन्य देशों की तुलना में खाद्य उत्पादों एवं ऊर्जा की आपूर्ति के संदर्भ में अच्छी स्थिति में है।

## छह माह में वितरण कंपनियों का बकाया 24,689 करोड़ रुपए घटा : बिजली मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**बिजली वितरण** कंपनियों (डिस्कॉम) पर बिजली उत्पादकों, पारेषण कंपनियों और व्यापारियों का बकाया पिछले छह माह में 24,680 करोड़ रुपए घटकर।,13,269 करोड़ रुपए रह गया है। बिजली मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बिजली मंत्रालय ने बयान में कहा कि बिजली (विलम्ब भुगतान अधिभार एवं संबद्ध मामले) नियम, 2022 के क्रियान्वयन के साथ डिस्कॉम के आपूर्तिकर्ताओं (बिजली उत्पादक, पारेषण कंपनियों और व्यापारियों) के बकाया में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

बयान में कहा गया है कि डिस्कॉम पर कुल बकाया तीन जून, 2022 को।,37,949 करोड़ रुपए था। चार मासिक किस्तों (ईएमआई) के समय पर भुगतान से यह 24,680 करोड़ रुपए घटकर।,13,269 करोड़ रुपए रह गया है। पांच राज्यों ने 24,680 करोड़ रुपए की ईएमआई के भुगतान के लिए पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) और आरईसी लि. से 16,812 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है जबकि आठ अन्य राज्यों ने इसके लिए अपनी खुद व्यवस्था की है।

वितरण कंपनियां भी अपने मौजूदा बकाया का समय पर भुगतान कर रही हैं, जिसने वे नियमन के तहत नहीं आएं। वितरण कंपनियों ने पिछले पांच माह में मौजूदा बकाया के करीब।,68,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। अभी सिर्फ एक कंपनी जेबीवीएनएल ने मौजूदा बकाया का भुगतान नहीं करने की वजह से नियमन के तहत आई है। बयान के अनुसार अबतक जो परिणाम आए हैं, उसको देखते हुए यह उम्मीद है कि विलम्ब भुगतान अधिभार नियम के कड़ाई से क्रियान्वयन से बिजली क्षेत्र को वित्तीय रूप से व्यवहारिक बनाने में मदद मिलेगी। इससे 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निवेशक निवेश के लिए आकर्षित होंगे।

## अगले साल 15 अगस्त से पहले अद्यतन राष्ट्रीय डिजाइन नीति लाएंगे : डीपीआईआईटी सचिव

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार का** इरादा 15 अगस्त, 2023 से अद्यतन राष्ट्रीय डिजाइन नीति लाने का है। सरकार ने बुधवार को मौजूदा राष्ट्रीय डिजाइन नीति पर उद्योग से विचार मांगे हैं। सरकार ने राष्ट्रीय डिजाइन नीति को फरवरी, 2007 में मंजूरी दी थी। इस नीति का उद्देश्य बेहतर तरीके से परिभाषित और प्रबंधित नियामकीय व्यवस्था के जरिए भारतीय डिजाइन को प्रोत्साहन देना, संवर्द्धन एवं संस्थागत ढांचा बनाना और विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशेष डिजाइन और नवोन्मेषण केंद्र बनाना है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव अनुराग जैन ने कहा कि अद्यतन नीति देश के लिए अच्छी बात होगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के इंडिया डिजाइन समिट को संबोधित करते हुए जैन ने कहा, हमें संभवत: अपनी नीति का अद्यतन करने की जरूरत है। 15 अगस्त, 2023 से पहले हम अद्यतन डिजाइन नीति लाने का प्रयास करेंगे।

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अक्टूबर में सुस्त

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अक्टूबर महीने में सुस्त पड़कर 0.1 प्रतिशत रही है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एक साल पहले इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत थी। वहीं पिछले महीने सितंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी। आठ बुनियादी उद्योगों...कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली...की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 8.2 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 15.6 प्रतिशत थी।

## पारिख समिति ने सौंपी रिपोर्ट, गैस कीमत निर्धारण की खुली छूट देने का सुझाव

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार की** तरफ से नियुक्त गैस कीमत समीक्षा समिति ने बुधवार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में परंपरागत गैस क्षेत्रों के लिए एक आधार एवं अधिकतम कीमत तय करने का सुझाव देने के साथ ही जनवरी, 2026 से मूल्य निर्धारण की खुली छूट देने की सिफारिश की है।

योजना आयोग के पूर्व सदस्य किरीट पारिख की अगुवाई वाली समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि परंपरागत क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए एक निर्धारित मूल्य दायरा रखने से गैस उत्पादकों के लिए एक अनुमान-योग्य कीमत निर्धारण व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।

समिति के मुताबिक, इस व्यवस्था से सीएनजी एवं पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस पीएनबी की कीमतों को नरम करने में भी मदद मिलेगी। उत्पादन लागत बढ़ने से इसकी कीमत पिछले साल से अबतक 70 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं।

समिति ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा पुराने क्षेत्रों से निकाली जाने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत को आयातित कच्चे तेल की कीमतों से जोड़ने की सिफारिश भी की है। पारिख ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की दरों से जोड़ने के बजाय घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस की कीमतें आयातित कच्चे तेल के भाव से जोड़ी जानी चाहिए। इसके लिए गैस का आधार एवं अधिकतम मूल्य दायरा तय किया जाए।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) को चार डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (प्रति इकाई) के न्यूनतम मूल्य और 8.57 डॉलर की मौजूदा दर के मुकाबले अब अधिकतम 6.5 डॉलर का भुगतान किया जाएगा।

पारिख ने कहा कि पुराने गैस क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए अधिकतम दर को सालाना 0.5 डॉलर प्रति इकाई बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही समिति ने एक जनवरी, 2027 से एपीएम गैस की कीमत बाजार से निर्धारित किए जाने का सुझाव दिया है। हालांकि, समिति मुश्किल क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए मूल्य निर्धारण के मौजूदा फॉर्मूले को बदलने के पक्ष में नहीं रही। मूल्य निर्धारण की यह व्यवस्था रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के केजी-डी6 क्षेत्र और ब्रिटेन की इसकी भागीदार बीपी पीएलसी के मुश्किल गैस क्षेत्रों पर लागू होती है। पारिख ने कहा, इन गैस उत्पादकों को विपणन एवं कीमत निर्धारण की स्वतंत्रता होती है लेकिन सरकार की तरफ से तय ऊपरी सीमा से यह बाधित होती है। हम तीन वर्षों तक मौजूदा व्यवस्था जारी रखने और एक जनवरी, 2026 से इस ऊपरी सीमा को हटाकर उन्हें पूरी आजादी देने का सुझाव दिया है। समिति ने प्राकृतिक गैस को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में लाने का भी सुझाव देते हुए कहा है कि इस बारे में राज्यों की चिंताओं को देखते हुए सहमति बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। गैस को जीएसटी के दायरे में लाने पर राज्यों को वैट शुल्क से मिलने वाले राजस्व में कटौती की आशंका है। पारिख ने कहा कि एपीएम गैस के आवंटन में शहरी गैस वितरण को शीर्ष प्राथमिकता मिलनी जारी रहेगी। उत्पादन में गिरावट आने की स्थिति में अन्य उपभोक्ताओं को आपूर्ति में कटौती की जाएगी।

# सफल यातायात माह का एसपी ने किया समापन

● आगे भी यातायात पर जागरूकता अभियान पुलिस ट्रैफिक जारी रखे-एसपी

संवाददाता। संतकबीरनगर



समापन के अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारी

**पुलिस अधीक्षक** सोनम कुमार द्वारा यातायात जागरूकता माह का रिजर्व पुलिस लाइन में समापन किया गया। हीरालाल इण्टर कालेज के एन0सी0सी0 व स्काउट गाइड तथा मौलाना आजाद इण्टर कालेज के स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा यातायात जनजागरूकता पैदल रैली मेहदावल बाईपास से पुलिस लाइन तक निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। राज ग्लोबल एकेडमी के छात्रों द्वारा पुलिस लाइन में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में पहुंचे छात्रों को संबोधन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात जागरूकता माह के दृष्टिगत सम्पूर्ण माह में जनपद में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात से संबन्धित नियमों के बारें में जागरूक किया गया। माह नवम्बर में स्कल-कालेजों में छात्र-छात्राओं को जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराकर लोगों को जागरूकता किया गया। शहर के विभिन्न चौराहों, तिराहों पर होल्डिंग, बैनर व पोस्टर आदि लगवाया गया एवम पम्पलेट वितरण की कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को एकत्र कर यातायात संबन्धी नियमों की जानकारी दी गई एवं उसका पालन कराने हेतु उन्हे शपथ भी दिलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात बृजेश यादव व यातायात के 27 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। एनसीसी तथा स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा किये गये यातायात जनजागरूकता रैली की सराहना करते हुए समस्त छात्रों को प्रतिभाग हेतु प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, आरक्षी अजय कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

# गुरुद्वारह्य में सांसद ने टेका माथा, प्रसाद वितरित किये



**संतकबीरनगर।** हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर जी महाराज के शहीदी पर्व पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा खलीलाबाद में रखे हुए अखंठ पाठ साहिब के दूसरे दिन सरदार कालोनी के सामने गुरु का अटूट लंगर चलता रहा। लंगर वितरण में पधारे सांसद ई. प्रवीण निषाद ने लंगर का प्रसाद वितरण किया और श्री तेग बहादुर जी के चित्र पर सिर झुका कर उनको नमन किया और शाम कवि दरबार में लुधियाना पंजाब से आए रागी जत्था भाई बलप्रीत सिंह एवं उनके साथियों द्वारा गुरु के शबद गुरु तेग बहादुर सिमरिया घर नव निधि आवे धाय और बाह जिना दी पकड़िए सिर दीजे बाह ना छोड़िए सुनाकर वातावरण भक्ति मय कर दिया अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर देर रात तक चलता रहा गुरुद्वारा में सरदार प्रितपाल सिंह, अजीत सिंह, हरिभजन सिंह, नरेंद्र सिंह, मदन सिंह, जसविंदर सिंह, सनी हनी सिंह, गगनदीप सिंह, सुधांशु सिंह, मनिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, आशु सिंह, हरविंदर सिंह, हरमहेंद्र पाल सिंह, रविंद्र पाल सिंह, दलजीत सिंह, मनजीत सिंह, कन्हैया वर्मा, जैकी बर्मा, गोलू वर्मा, अजय वर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### 22 उर्वरक के दूकानों की हुई जांच, एक को किया सील

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त टीम के साथ तहसील मेहदावल, खलीलाबाद, धनघटा में बीज बिक्री केंद्रों पर आवश्यक छापा की कार्रवाई की गयी। जिसमें 19 बीज के नमूने ग्रहण किए एवं 22 दुकानों पर छापा की कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान एक प्रतिष्ठान को सील करते हुए दो बिक्री केंद्रों को चेतावनी निर्गत की गई। मेहदावल तहसील क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी मेंहदावल द्वारा सर्वप्रथम प्रवीण बीज भंडार बेलहर कला का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय बीज बिक्री प्राधिकार पत्र नहीं दिखाए जाने के कारण प्रतिष्ठान सील कर दी गई, इसी क्रम में एग्री जंक्शन बेलहर कला के उर्वरक बिक्री केंद्रों पर पी ओ एस मशीन में उर्वरक स्टॉक जांच करने पर पाया गया कि यूरिया 45 बोरी है जबकि मौके पर मात्र 8 बोरी यूरिया मिली जिससे उर्वरक का लाइसेंस निलंबित कर बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई।

### सात अभियुक्तों को अपर जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिला बदर

**संतकबीरनगर।** जनपद में शांति व्यवस्था मद्देनजर अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने आदेश जारी करते हुए जनपद के 7 अभियुक्तों को जिला बदर किया है। न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट संतकबीरनगर द्वारा जारी आदेश में जनपद के दुधारा थाना क्षेत्र के साफियाबाद निवासी एकलाख, दानोकुईया निवासी समीम, सालेहपुर निवासी शेर अली, दशांवा निवासी महेन्द्र, पचपोखरी निवासी नसीर खान उर्फनसीर अहमद, थाना बेलहर के करनजोत निवासी फिरोज व धनघटा थाना क्षेत्र के बराव निवासी धर्मेन्द्र उर्फरिंकू राय को जिला बदर किया गया है।

### चिकित्सकों को विशेष ध्यान दिये जाने के दिये निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती छात्र छात्राओं को वहां पहुंचकर उनकी हालत का जायजा लिया। यह घटना तहसील डेरापुर के थनवापुर गांव के पास की है जहां पी डी निगम कॉन्वेंट स्कूल की तेज रफ्तार स्कूली वैन अनियंत्रित होकर पलटीए हादसे में 7 बच्चे हुए घायलए 2 की हालत नाजुक कानपुर रेफर किया गया। इस हादसे में हर्ष तिवारीए विष्णुए प्रियलए हिमांशुए इच्छा तिवारीए उमंग सिंह व गणेश कुमार इस घटना में घायल हुएए जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया का रहा है व गंभीर रूप से घायल बच्चों को कानपुर रेफर किया गया है।

### मुख्य विकास अधिकारी ने विधायक निधि/सांसद निधि के अंतर्गत चल रहे अपूर्ण कार्यों की समीक्षा

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विधायक निधिध्सांसद निधि के अन्तर्गत अपूर्ण चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक समस्त कार्यदायी विभागों की उपस्थिति में की गयी उन्होंने समस्त कार्यदायी विभागों के विभगाध्यक्ष को निर्देश दिए गए कि समस्त कार्यदायी विभाग सांसद निधिध्विधायक निधि योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यो को जारी गाइड लाइन के अनुसार ही कराये आज ही अनारम्भ चल रहे कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें साथ ही जिन कार्यों पर जारी प्रथम किश्त का उपभोग कर लिया गया है उन पर द्वितीय किश्त की मांग पत्र शीघ्र प्रेषित की जाये। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों पर धनराशि का उपभोग कर लिया गया है तथा कार्य पूर्ण हो गया उनका उपभोग प्रमाण पत्रध्कार्यपूर्ति उपलब्ध करा लिया जाये। उन्होंने विभागाध्यक्षों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देश दिए कि जिन कार्यदायी विभाग के पास काफी समय से कार्य अपूर्णध्लम्बित चल रहे हैं तथा विभाग द्वारा कार्य पूर्ण कराने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है ऐसे विभागो के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज करा दी जाये यदि विभागाध्यक्षों द्वारा कार्यों में निरंतर लापरवाही बरती जाती है उनके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायेगी।

### सीरीज कल होगी लांच

लखनऊ। अमेज़न की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अमेज़न मिनी टीवी ने आज क्रश्ड के दूसरे सीज़न का ट्रेलर रिलीज़ किया। ट्रेलर हमें आध्याए प्रतीक और जैस्मीन के जीवन के उतार.चढ़ाव की झलक दिखाता है, क्योंकि उन्हें नई चुनौतियों और अचरज में डाल देने वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। 2 दिसंबर को इस सीरीज़ को लॉन्च किया जाएगा।

### शादी का झांसा देकर युवक करता रहा दुष्कर्म

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गेरिया की रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता किशोरी अपनी मां के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। जहां उसने एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसके पिता का देहांत हो चुका है। गांव के ही शिव नारायण उर्फनन्हू पुत्र चंद्रशेखर कुम्हार ने शादी का झांसा देकर उससे कई बार शारीरिक संबंध बनाये। एक माह से वह उससे शादी करने की बात कह रही थी। जिस पर वह हीलाहवाली कर रहा था। 27 नवंबर की शाम करीब तीन बजे वह शिव नारायण के ट्यूबवेल पर पानी पीने गयी थी तभी शिव नारायण व उसके छोटे भाई पवन कुमार ने उसे पकड़ लिया और ट्यूबवेल के अंदर ले जाकर बलात्कार का प्रयास किया। शोर मचाने पर खेत में काम कर रही मां आ गई। मौके पर शिवनारायण का पिता चंद्रशेखर भी आ गया। तीनों लोगों ने मिलकर उसे बेदर्दी से मारापीटा। वह अपनी मां के घर आ गई और अगले दिन खखरेरू थाने पहुंचकर तहरीर दी तीन-चार दिन का समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया और न ही उसकी डाक्टरी करवाई। अभियुक्त लगातार उसे जान-माल की धमकी दे रहे हैं।

### ट्रेंड्स अब कौड़ीराम में

गोरखपुर। रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेनए ट्रेंड्स ने उत्तरप्रदेश राज्य के गोरखपुर जिले में कौड़ीराम शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की। ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रोए मिनीमेट्रोए टियर 1ए 2 शहरों और छोटे.छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन का घर.घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। कौड़ीराम में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। यहां आपको बढ़िया क्वालिटी और फैशन का सामान किफायती दामों पर मिलेगा।

### एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बने अपर्ण

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से जनपद निवासी अर्पण पटेल को राष्ट्रीय कार्यकारणी में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। संगठन के शीर्ष नेतृत्व में स्थान मिलना जनपद के लिये गौरव का विषय है। उक्त बातें एबीवीपी के जिला संयोजक राजन अवस्थी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। बुधवार को तेलियानी ब्लाक स्थित ब्लाक प्रमुख कक्ष में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिला संयोजक राजन अवस्थी ने बताया कि राजस्थान प्रान्त के जयपुर में सगठन के 68 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान नई राष्ट्रीय कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें नवमनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष राजशरण शाही, महामंत्री वल्वक्य शुक्ला समेत संगठन के अन्य नेताओं ने अधिवेशन को सम्बोधित किया।

### गुलाबी गैंग लोक ने जिला अस्पताल का किया घेराव

**फतेहपुर।** बुधवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में पहुंची सैकड़ों महिलाओं ने जिला अस्पताल का घेराव कर जिला अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार अवैध वसूली व शिथिल कार्यशैली के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए समस्याओं के अतिशीघ्र निवारण हेतु आवाज बुलंद की तत्पश्चात जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रेषित कर समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण हेतु पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि थाना ललौली की किशोरी द्वारा जन्मे बच्चे व माँ का उपचार न करके जिला अस्पताल द्वारा वापस कर दिया गया। जिसके कारण पुलिस को निजी अस्पताल में इलाज करवाना पड़ा। प्रदर्शन के बाद अंततः संगठन नें सफलता पायी। पीड़िता व उसके बच्चे को एडमिट कराया।

### बीमा पहुंच बढ़ाने के लिए निर्णायक कदम

कानपुर। देश में बीमा की पैठ बढ़ाने के मद्देनजर हाल ही में इरडाई ने प्रत्येक बीमा कंपनी को अलग राज्यों को जिम्मेदारी दी है और इसके तहत बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस को यूपी और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख की जिम्मेदारी देकर वहां बीमा का प्रचार प्रसार करने को कहा है। इस सिलसिले में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तपन सिंघल ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने इस बात पर विस्तार से चर्चा की कि कंपनी राज्य में बीमा पैठ बढ़ाने और यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य में योगदान देने के लिए यूपी सरकार के साथ मिलकर किस तरह से काम कर सकती है। सिंघल ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा से भी मुलाकात की।

### सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक को दी गई विदाई

फतेहपुर। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा की मौजूदगी में आज सेवानिवृत्त हुए श्याम नारायण तिवारी वरिष्ठ लिपिक का कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने फूल माला सॉल व मेंमंटो देकर विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन विजय त्रिपाठी ने किया। सभी खंड शिक्षा अधिकारी और शिक्षकों ने श्याम लाल तिवारी को फूल माला पहना कर विदाई दी। इस अवसर पर यूपी एजुकेशनल के अध्यक्ष अनिल सिंह, महामंत्री सुशील शुक्ला, राजेश कटियार,, मोहम्मद आसिफ, राजीव कुमार पांडे, लेखा अधिकारी राजेश पांडे, दीपक कुमार, संजय गुप्ता, राकेश त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक बुधराज सरोज एवं समस्त स्टाफमौजूद रहा।

# फाइलेरिया की जांच के लिए जनपद को मिलीं 8100 किट

**फतेहपुर।** फाइलेरिया अभियान के तहत 8100 किट जिला स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई है। इसके जरिए फाइलेरिया की जांच के लिए ब्लड सैंपल लिया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुनील भारतीय ने बताया कि अब फाइलेरिया मरीजों की जांच और बेहतर तरीके से होगी। सर्वेक्षण के लिए विभागीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। फाइलेरिया रोग की रोकथाम के लिए हमारी टीम युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। समय-समय पर अभियान चलाकर भी लोगों को जागरूक किया रहा है। जिन ब्लाकों में ब्लड की जांच के दौरान माइक्रो फाइलेरिया नहीं आया है वहां पुनः किट से जांच की जायेगी। जनपद में आठ ब्लाक ऐसे हैं जहां माइक्रो फाइलेरिया की जांच की जायेगी। फाइलेरिया की जांच ब्लॉक स्तर पर चालू है। ब्लड सैंपल में एक प्रतिशत से कम केस मिलने पर माइक्रो फाइलेरिया रेट के तहत प्रीटांस कराया जाएगा। एक प्रतिशत से अधिक वाले इलाकों में दवा खिलाने का अभियान जल्द ही विभाग शुरू करेगा। वर्तमान में जिले में फाइलेरिया के 3693 रोगी मौजूद हैं। जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर ने बताया कि फाइलेरिया अभियान के तहत 13 विकास खण्ड में नाइट सर्वेक्षण हुआ है। इस दौरान करीब चार हजार लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया। हालांकि इसमें से लगभग 50 फाइलेरिया संक्रमित मरीज मिले है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग की रोकथाम के लिए हमारी टीम युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। समय-समय पर अभियान चलाकर भी लोगों को जागरूक किया रहा है। जनपद में आठ ब्लाक ऐसे हैं जहां ब्लड सैंपल में 1 प्रतिशत से कम पाये जाने पर माइक्रो फाइलेरिया रेट के तहत प्रीटांस कराया जाएगा। जिन इलाकों में 1 प्रतिशत से अधिक मिलेगा।

# इलेक्ट्रिक बस चलाने के लिये वकीलों ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। कानपुर देहात

**वाहन व्यवस्था** मानव की तरक्की का रास्ता खोलते हैं किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए आवागमन की जितनी अच्छी सुविधा होती है उस क्षेत्र की उतनी जल्दी तरक्की होती है उक्त विचार मुलायम सिंह यादव एडवोकेट पूर्व महामंत्री जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा को जनपद न्यायालय कानपुर देहात तक चलाने के लिए ज्ञापन श्री डी ण्बी ण्सिंह प्रबंधक इलेक्ट्रिकल बस सेवा कानपुर को देते वक्त कहीं एउन्होंने कहा कि देश इक्कीसवीं सदी में गुजर रहा है यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज की यात्रा कराने की सोचते हैं और जनपद न्यायालय कानपुर देहात वाहन के नाम पर टेंम्पोए ठेलाए ट्रैक्टर एजुगाड़ गाड़ी से जुगाड़ करके


इलेक्ट्रिक बस सेवा के प्रबन्धक डीबी सिंह को ज्ञापन सौंपते अधिवक्तागण

जनमानस आते जाते हैं ज्ञापन में मांग की गई कि ई ण्बस सेवा कानपुर नगर से जनपद न्यायालय एमुख्यालय एचिकित्सालय एविद्यालय एतहसील एपुलिस लाइन आदि से होते हुए बसों का संचालन किया जाए तथा माती से कस्बा पुखरायां भोगनीपुर राजपुर सिकंदरा एरूरा झींझक चौबेपुर शिवली रसूलाबाद एककवन आदि तक सीएनजी बसें चलाने की मांग की गई । डीवी सिंह ने कहा कि दिनांक 1.12.2022 से 5 नई सीएनजी बसें कानपुर देहात के लिए बढ़ाई जा रही हैं इलेक्ट्रिकल बस सेवा मार्च के बाद ही संभव है ज्ञापन देने वालों में सर्वश्री रमेश चंद्र सिंह गौरहरी कृष्ण गुप्ता यस पी पांडेय अरविंद सिंह यादव राम शंकर सिंह वीरेंद्र कुमार कटियार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम का पहल 20 लाख 47 हजार 529 रूपये की हुई वसूली

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी/प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका खलीलाबाद द्वारा अभियान चलाकर नगर पालिका परिषद अंतर्गत व्यापक कर वसूली माह नवंबर में की गई, प्रभारी अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी कर निरीक्षकों की कड़ी समीक्षा करते हुए उनको वसूली का लक्ष्य दिया था तथा पिछले 5 से 7 वर्षों की वसूली की समीक्षा तथा पर्यवेक्षण किया जिसके सापेक्ष नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत माह नवंबर में 20 लाख 47 हजार 529 रूपए की रिकॉर्ड तोड़ वसूली हुई। प्रभारी अधिशासी अधिकारी द्वारा नियमित रूप से बड़े बाकीदारों की समीक्षा की गई। जिसके फल स्वरूप कर वसूली अभियान में अपार सफलता मिली। अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कर वसूली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में से है तथा भविष्य में भी इसी तरह अभियान चलाकर नगरपालिका के बड़े बाकीदारों से वसूली की जाएगी।

# छत पर बंदरों को भगाने गए युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगी

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**घर की** छत पर बंदरों को भगाने गए युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गयी। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर महमूद निवासी गौतम सागर उर्फ विक्की पुत्र करन पाल दोपहर में अपनी छत पर बंदरों को भगाने के लिये गया था। उस समय परिजन नीचे घर में थे। उसी समय छत पर किसी के गिरने की आवाज़ हुई। आवाज सुनकर घरवाले छत पर पहुंचे तो देखा की गौतम सागर उर्फ विक्की लहूलुहान छत पर पड़ा तड़प रहा था। उसके पेट से खून बह रहा था। परिजनों द्वारा देखने पर पता चला कि विक्की के पेट में गोली लगी है जो पीठ के बाहर निकल गई। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन घायल को लेकर बाइक द्वारा शमशाबाद सीएचसी पहुंचेए जहां से घायल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं घायल के पिता का आरोप है की उनके बेटे को गोली मारी गई है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक का गांव की ही एक युवती से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा थाए जिसकी जानकारी युवती और युवक के परिजनों को हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। कहासुनी इतनी बढ़ गई थी कि मामला थाने तक पहुंच गया था। दो दिन पूर्व इस मामले में शमशाबाद पुलिस द्वारा समझौता करवा दिया गया था।

## समस्याओ के निस्तारण तक चलता रहेगा बेमियादी धरनाः बुद्धराज

**फतेहपुर।** वेतन, पमोशन व पेंशन आदि मांगो को लेकर बिजली कर्मियों द्वारा दिया जा रहा धरना जारी रहा। निगम की ओर से किसी तरह का कोई आश्वासन न मिलने पर विद्युत कर्मियों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं व मांगों पूरी होने तक लेकर धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। विद्युत कर्मचारी सँयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में हाइडिल कालोनी में विद्युत कर्मियों का धरना अध्यक्ष बुद्धराज व संयोजक राकेश कुमार पाल की अगुवाई में बुधवार को दुसरे दिन भी जारी रहा। वेतन विसंगतियां, पेंशन आदि समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा धरना दिया जा रहा है। अध्यक्ष बुद्धराज ने कहाकि धरना प्रदर्शन के पश्चात मशाल जुलूस निकाल कर सगठन ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर ऊर्जा निगम को विद्युत कर्मियों की समस्याओं से अवगत करवा दिया गया है।

# जिले में आई गुरु तेग बहादुर प्रकाश यात्रा



**फतेहपुर।** श्री अकाल सहाय सेवा सोसायटी रजिस्टर्ड की ओर से श्री गुरु तेग बहादुर प्रकाश यात्रा श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 400 साला प्रकाश पूर्व को समर्पित कर के धुबरी साहिब आसाम व उत्तर-पूर्व भारत के विभिन्न गुरुद्वारा साहिब के दर्शनों के लिए 27 नवंबर से 13 दिसंबर तक निकाली जा रही है। इस यात्रा में 200-300 संगतों का जत्था गुरू साहिब जी के ऐतिहासिक स्थानों पर जाएगा। यात्रा का मुख्य प्रयोजन भारत की ऐकता एवं अखण्डता बनाए रखना है। यह जत्था सभी धर्मों के लोगों को आपसी प्रेम, सद्भावना एवं भाई-चारा कायम रखने का संदेश देगा। पूरी यात्रा जत्थेदार सज्जन सिंह खालसा की अगुवाई में हुआः श्री अकाल सहाय सेवा सोसायटी द्वारा निकली जा रही है गुरु तेग बहादुर जी की 400 वी प्रकाश यात्रा रविवार को खड़ग खंडा साहिब खरडीवा हरियाणा से सुबह सात बजे प्रारम्भ हुई थी जो मेरठ, खुर्जा, हाथरस, फिरोजाबाद, टूंडला, इटावा, कानपुर होंते हुए बुधवार को फतेहपुर पहुंची। यहां भव्य स्वागत के बाद जत्थे ने नगर कीर्तन आरम्भ किया। नगर कीर्तन वर्मा चौराहे से कलक्टरगंज, हरिहरगंज होते हुए रेल बाजार गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पहुंची। यात्रा गुरुद्वारा सिंह सभा प्रधान पपिन्दर सिंह की अगुवाई में निकली गयी। इस मौके पर लाभ सिंह, जतिंदर पाल सिंह, सतपाल सिंह, कुलजीत सिंह, गुरमीत सिंह, तरन, हरमंगल सिंह, मंजीत सिंह, मनमीत सिंह, राजू, सोनी, रिंकू, महिलाओं में हरजीत कौर, सतनाम कौर, प्रीतम कौर, हरविंदर कौर, वरिंदर कौर, ज्योति मालिक आदि उपस्थित रहे। गुरुद्वारा प्रधान पपिन्दर सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों व बाकरगंज, ज्वालागंज, हरिहरगंज चौकी इंचार्ज का आभार व्यक्त किया।

# नियमों के उल्लंघन पर शस्त्र की तर्ज पर ड्राइविंग लाइसेंस भी होने चाहिए रद

आलोक निगम। बांदा



**बांदा** मंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने कहा है कि जिस प्रकार से रोड एक्सीडेंट में मौतें बढ़ी है। ऐसे में जैसे अपराध में शस्त्र लाइसेंस के तर्ज पर नियमों के उल्लंघन ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करके उसे आयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा इसको लेकर तमाम अभियान चलाए जा रहे हैं लेकिन खुदद की जागरूकता सबसे जरूरी है।

डीआईजी चित्रकूट विपिन कुमार मिश्रा ने खास बातचीत में बताया कि यह माह सरकार के निर्देश पर यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। दीया जी चित्रकूट ने बताया कि परिवहन विभाग पुलिस विभाग और खास तौर पर ट्रैफिक पुलिस विभिन्न योजनाओं और तरीकों से हादसों को रोकने के प्रयास कर रहे हैं हमने अभी सरकार के निर्देश पर यातायात माह शुरू किया हुआ है। इसमें पिछले माह गलत तरीके से वाहन चलाने वाह वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करनेए हेलमेट ना पहनने सीट बेल्ट धारण ना करने, एकल दिशा का उल्लंघन करने जैसे बहुत सारे मामलों में प्रभावी कार्रवाई की है। इसके तहत पिछले माह लगभग 70,00000 की रिकवरी भी की गई है। डग्गामार वाहन वह जुगाड़ वाहन को भी सीज किया गया है जिनकी संख्या 16 है। इस माह भी रेंज के चारों जनपदों में यह कार्रवाई चल रही है साथ ही जनता को भी जागरूक किया जा रहा है। हमने बहुत सारे कॉलेजों में अपने प्रोग्राम आईडेंटिफाई किए हुए हैं। और बच्चों में यह संस्कार डालने की कोशिश हो रही है की यातायात नियमों का पालन करें उन के माध्यम से रैलियाँ निकलवाना। वाद विवाद प्रतियोगिता कराना वह भाषण करवाना। रैलियां निकालकर पैदल मार्च के माध्यम से लोगों से अपील कराना यह कार्य भी साथ.2 चल रहे हैं। कमलाकर सरकार की कोशिश है कि ट्रैफिक का एक संस्कार जनता में आए इस तरह की घटनाओं में हम लोग कमी ना सके ।मण्डल के चारो जनपदों में चल रही ओवरलोडिंग को रोफकने के सवाल पर डीआईजी ने कहा कि लोडिंग को रोकने के लिए समय.समय पर अभियान चलता है और काफी मात्रा में वाहन सीज भी होते हैं। ओवरलोडिंग की समस्या परिवहन विभाग पुलिस वाहन इकाइयां भी इसमें शामिल होती है। तो इसके लिए भी कोशिश की जाती है कि इसको मिनिमाइज रखा जाए।

# यातायात माह में 22450 ई-चालान कर वसूला गया दो करोड़ से अधिक जुर्माना

**फतेहपुर।** आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर का बुधवार को समापन हो गया। यातायात समेत नागरिक पुलिस ने पूरे माह 22450 ई-चालान करके दो करोड़ से अधिक का जुर्माना वसूलने का काम किया। साथ ही पूरे माह आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का भी अभियान चलाया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। जिसमें कई स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग कर प्रतियोगिता के जरिये जागरूकता का संदेश देने का काम किया। प्रतियोगिता के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एसपी राजेश कुमार सिंह ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

यातायात माह के समापन का कार्यक्रम रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसपी राजेश कुमार सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अनिरूद्ध कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नगर/यातायात वीर सिंह ने शिरकत की। सर्वप्रथम समापन पर पूरे माह का विवरण प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर जनपद पुलिस ने 22450 ई-चालान कर लगभग 20963700 रूपये जुर्माना किया है। यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह ने पूरे वर्ष में 5030 ई-चालान कर प्रथम स्थान पर रहे। मुख्य आरक्षी प्रो चंद्रपाल सिंह ने 4058 ई-चालान कर द्वितीय स्थान हासिल किया। मुख्य आरक्षी मुरलीधर यादव ने 3820 ई-चालान कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी के साथ ही उपनिरीक्षक यातायात मनोज सिंह को पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह के संपूर्ण कार्य के निर्वहन के लिए प्रशस्ति पत्र दिया। इनके सहयोगी मुख्य आरक्षी अरविंद कुमार यादव, आरक्षी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, होमगार्ड पंकज तिवारी, पीआरडी जवान रामबाबू को एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। थाना पुलिस के थाना प्रभारी धाता प्रवीण कुमार सिंह ने आम जनमानस में जागरूकता प्रचार प्रसार करने पर जनपद में प्रथम स्थान मिला। थाना खागा के चौकी मंझिलगांव प्रभारी उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने 551 चालान कर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। थाना खागा के उपनिरीक्षक उत्कर्ष कुमार मिश्र ने 381 चालान कर द्वितीय स्थान, थाना थरियांव चौकी हसवा प्रभारी मुकेश सिंह ने 251 चालान कर तृतीय स्थान हासिल किया। सभी को एसपी ने उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। यातायात प्रचार प्रसार के लिए पेंटिंग, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें स्कूल कॉलेजों के प्रथम छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ठाकुर जुगराज सिंह पीजी कॉलेज की छात्रा रितिका, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल की अंशिका व श्रेया, प्ले वे स्कूल की आयुषी राणा, जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर की छात्रा अनुप्रिया सिंह तथा साधना ग्रुप ऑफ एजुकेशन सेंटर छात्रा कृतिका देवी शामिल रहीं।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर किया बड़ा उलटफेर

**भाषा।** एडीलेड



**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां 4-3 से हराकर उलटफेर किया।

भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नियमित समय में 13 मैच के बाद यह पहली जीत है। भारत ने नियमित समय में पिछली बार 29 नवंबर 2016 को विक्टोरिया के बेंडिगो में दो मैचों के द्विपक्षीय टेस्ट दौरे के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया था। इसके बाद से दोनों टीमों ने 13 मैच खेले हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने नियमित समय में 10 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि दो मैचों का फैसला पेनल्टी शूटआउट से निकला है। इसमें से एक मैच भारत ने जीता था। दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला (2017 में भुवनेश्वर में पुरुष हॉकी विश्व लीग फाइनल) 1-1 से ड्रॉ रहा और उस समय शूटआउट का नियम लागू नहीं था। शुरुआती दोनों मैचों में जीत दर्ज करने में नाकाम रहा भारत इस अप्रत्याशित सफलता के साथ श्रृंखला को जीवंत रखने में कामयाब रहा। इस जीत के बाद भारत श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रहा है। मेहमान टीम को पहले दो टेस्ट मैच में 4-5 और 4-7 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें मिनट), अभिषेक (47वें मिनट), शमशेर सिंह (57वें मिनट) और आकाशदीप सिंह (60वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जैक वेल्च (25वें), कप्तान एरान जालेवस्की (32वें) और नाथन इफ्राम्स (59वें) ने गोल दागे। श्रृंखला का चौथा मैच शनिवार और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। इस मैच में दोनों टीमों ने धैर्यपूर्वक शुरुआत की और जवाबी हमले की जगह विरोधी टीम को मौका देने से बचने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि सातवें मिनट मैच का पहला मौका बनाया लेकिन उसके खिलाड़ी भारतीय रक्षापंक्ति को चकमा देने के बाद गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की सजगता से पार नहीं पा सके। इसके पांच मिनट के बाद भारतीय कप्तान ने पेनल्टी कॉर्नर पर ताकत का इस्तेमाल करने की जगह प्लेसमेंट पर ध्यान देते हुए ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर जोहान डर्स्ट की दाहिनी ओर गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद युवा खिलाड़ी सुखजीत सिंह ने अपने कौशल का शानदार परिचय दिया लेकिन उनका प्रयास गोल में नहीं बदल सका। मैच के दूसरे हाफ में 20वें मिनट में भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश गोल करने के दो और प्रयास को विफल कर दिए।

# बारिश के कारण तीसरा वनडे रद्द

## ● भारत ने 0-1 से श्रृंखला गंवाई

**भाषा।** क्राइस्टचर्च



**बारिश** के कारण बुधवार को यहां तीसरा और अंतिम वनडे रद्द हो गया और भारतीय टीम ने अपने लचर प्रदर्शन से न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला 0-1 से गंवा दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारतीय टीम बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण 47.3 ओवर में 219 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में एक विकेट गंवाकर 104 रन बना लिए थे कि बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। वह डकवर्थ लुईस पद्धति के पार स्कोर के हिसाब से 50 रन से आगे थी। टीम के लिए फिन एलेन (57 रन) ने चौथा वनडे अर्धशतक जड़ा। कप्तान केन विलियमसन की टीम को जीत के लिए 32 ओवर में 116 रन की दरकार थी लेकिन उन्हें बिना नतीजे के संतोष करना पड़ा क्योंकि मैच को डकवर्थ लुईस पद्धति से तकनीकी रूप से पूरा करने के लिए दो ओवर की दरकार थी।

# इंग्लैंड विश्व कप के राउंड 16 में

**फीफा विश्व कप**

## ● इंग्लैंड ने मार्कस रशफोर्ड के दो और फिल फोडेन के एक गोल की मदद से वेल्स को 3-0 से हराया

**एपी।** अल रेयान (कतर)



**इंग्लैंड** ने मार्कस रशफोर्ड के दो और फिल फोडेन के एक गोल की मदद से वेल्स पर 3-0 की जीत से फीफा विश्व कप के राउंड 16 में प्रवेश किया। इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट ने ग्रुप बी में टीम के अंतिम मैच में दोनों खिलाड़ियों को शुरूआती लाइनअप मे रखने का फैसला किया। इन दोनों ने भी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए मिलकर तीन गोल दागे। रशफोर्ड ने 50वें और 68वें मिनट में दो जबकि फोडेन ने 51वें मिनट में गोल किया।

ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली इंग्लैंड की टीम अब रविवार को राउंड 16 में सेनेगल से भिड़ेगी। वेल्स की टीम ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गई जो 64 साल में पहले विश्व कप में खेल रही थी। अमेरिका ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा जो अब नीदरलैंड से भिड़ेगा जबकि ईरान तीसरे स्थान पर रहकर बाहर हुआ। रशफोर्ड गोल करने के बाद घुटने के बल बैठकर आसमान की ओर देखने लगे, उनके जश्न का तरीका अपने दोस्त को श्रद्धांजलि देने के लिए था जिनका कैंसर से जूझने के बाद हाल में निधन हो गया था। रशफोर्ड ने टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में शुरूआत की, उन्होंने कहा, इसी तरह के क्षण के लिए मैं फुटबॉल खेलता हूं। बड़े पल, सर्वश्रेष्ठ पल। खुश हूं कि टीम अगले दौर में पहुंची क्योंकि टीम के लिए हमारी काफी महत्वकांक्षाएं हैं और मुझे लगता है कि हम आज से कहीं बेहतर खेल सकते हैं। रशफोर्ड अहमद बिन अली स्टेडियम में दो गोल करने के बाद तीन गोल की बदौलत इस विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गए हैं जिसमें फ्रांस के स्ट्राइकर किलियान एमबापे और दो अन्य खिलाड़ी मौजूद हैं। रशफोर्ड को ईरान के खिलाफ मिली 6-2 की जीत में स्थानापन्न के तौर पर उतारा गया था जिसमें उन्होंने एक गोल भी दागा था।

### कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना अनुशासनात्मक कारणों से बाहर

**अल रेयान (कतर) (एपी)।** कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को कोच रिगोबर्ट सोंग के साथ हुए मतभेद के बाद अनुशासनात्मक कारणों से फीफा विश्व कप से स्वदेश भेज दिया गया। कैमरून फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इंटर मिलान के गोलकीपर को टीम से अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया और यह निलंबन कतर में पूरे टूर्नामेंट के दौरान जारी रहेगा। महासंघ ने कहा कि उसने ओनाना की मिलान के लिए उड़ान का इंतजाम कर दिया है।

# स्पेन की भिड़ंत जापान से, दोनों टीमों की नजरें नॉकआउट पर

दोहा, 30 नवंबर (एपी) जर्मनी के खिलाफ अंतिम लम्हों में गोल गंवाने के कारण जीत से चूकी स्पेन की टीम गुरुवार को यहां जापान के खिलाफ फुटबॉल विश्व कप नॉकआउट में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगी। स्पेन की टीम अगर मुकाबला ड्रॉ भी करा लेती है जो नॉकआउट में जगह सुनिश्चित कर लेगी। टीम के पास हारने की स्थिति में भी अंतिम 16 में जगह बनाने का मौका होगा लेकिन इसके लिए उसे जर्मनी और कोस्टा रिका के बीच होने वाले ग्रुप ई के एक अन्य मैच का नतीजा अपने पक्ष में होने की उम्मीद करनी होगी। जापान की राह भी आसान नहीं है। टीम अगर जीत दर्ज करती है तो लगातार दूसरी बार नॉकआउट में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। यह पहली बार होगा जब जापान की टीम लगातार दो टूर्नामेंट के नॉकआउट में जगह बनाएगी। जापान की टीम हालांकि अगर हार जाती है तो टूर्नामेंट में उसका सफर यहीं समाप्त हो जाएगा। जापान ने अपने अभियान की शुरुआत चार बार के चैंपियन जर्मनी के खिलाफ हैरानी भरी जीत के साथ ही

### कोस्टा रिका के खिलाफ जर्मनी को जीत की जरूरत

**दोहा (एपी)।** विश्व कप फुटबॉल के अपने शुरूआती मैच में जापान के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने के बाद स्पेन जैसी मजबूत टीम को बराबरी पर रोकने वाली जर्मनी की टीम गुरुवार को यहां कोस्टा रिका के खिलाफ ग्रुप ई के मैच के लिए मैदान में उतरेगी तो उसे नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जीत के अलावा किस्मत के साथ की जरूरत होगी। जापान से हार के बाद लगा था कि 2014 की चैम्पियन जर्मनी की टीम का सफर 2018 की तरह इस बार भी ग्रुप चरण में खत्म हो जाएगा लेकिन स्पेन से 0-7 से हारने वाली कोस्टा रिका की टीम ने जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप ई की तालिका को रोमांचक बना दिया।

लेकिन अगले मैच में उसे कोस्टा रिका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

### पहली महिला रैफरी के रूप में इतिहास रचेंगी फ्रेपार्ट

**दोहा (एपी)।** फ्रांस की रैफरी स्टेफनी फ्रेपार्ट कतर में गुरुवार को जर्मनी और कोस्टा रिका के बीच मुकाबले के साथ पुरुष विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनेंगी। फीफा ने फ्रेपार्ट के सहायक के रूप में भी दो महिलाओं को चुना है जो ब्राजील की नुएजा बैक और मैक्सिको की कारेन डियाज मेडिना हैं। इस तरह इस मुकाबले में मैदानी अधिकारी की भूमिका में तीनों महिलाएं होंगी। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा द्वारा चुनी गई चौथी महिला मैच अधिकारी अमेरिका की कैथरीन नेसबिट भी अल बायत स्टेडियम में वीडियो समीक्षा टीम के साथ ऑफ साइड विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगी। दो अन्य महिलाएं रवांडा की सलीमा मुकानसांगा और जापान की योशिमी योमाशिता भी कतर में मुकाबलों में रैफरी की भूमिका निभाने वालों की फीफा सूची में शामिल हैं।

# पुलिसिच के गोल से ईरान को 1-0 से हराकर अमेरिका नॉकआउट में



**एपी।** दोहा

**क्रिस्टियन** पुलिसिच के 38वें मिनट में किए गए गोल की मदद से अमेरिका ने ईरान पर 1-0 की जीत से फीफा विश्व कप के नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। अमेरिका के लिए मंगलवार रात को यह मुकाबला करो या मरो का था, उसने आक्रामक शुरूआत की और गोल में कई हमले किए। पर सफलता 38वें मिनट में मिली जब सर्गिनो डेस्ट ने पुलिसिच को बेहतरीन पास दिया और इस फुटबॉलर ने भी इसे गोल में पहुंचा दिया। हालांकि इस दौरान पुलिसिच का सिर गोलकीपर से टकराया और वह तीन मिनट तक गोल में लेटे रहे। अमेरिकी टीम के स्टाफ ने उनका उपचार किया जिससे उन्होंने कुछ देर तक मैच में रहने की कोशिश की लेकिन दूसरे हाफ के शुरू में उनकी जगह अन्य खिलाड़ी को उतारा गया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में ले जाया गया और मैच खत्म होने के एक घंटे बाद उन्होंने साथी खिलाड़ियों से फेस टाइम के जरिए जीत का जश्न मनाया। मिडफील्डर वेस्टन मैकेनी ने कहा, हर खिलाड़ी इस टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वस्व देने को तैयार है। अमेरिकी टीम रूस में 2018 विश्व कप में क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। उसने वेल्स और इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा खेला था जिससे उसे राउंड 16 में जगह बनाने के लिए जीत की दरकार थी। अमेरिकी टीम ग्रुप बी में इंग्लैंड से दो अंक पीछे पांच अंक से दूसरे स्थान पर रही।

### मोरक्को की निगाहें अगले दौर में पहुंचने पर

**दोहा (एपी)।** मोरक्को की टीम गुरूवार को यहां होने वाले फीफा विश्व कप मुकाबले में कनाडा को हराकर 1986 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में प्रवेश करना चाहेगी। वहीं कनाडा की टीम पहले ही बाहर हो चुकी है, लेकिन उसकी कोशिश होगी कि पहली जीत के साथ कतर से जाए। मोरक्को की टीम गुरूवार की रात जीत या ड्रा से भी अगले दौर में पहुंच जाएगी। इसके अलावा वह हार के बावजूद भी नॉकआउट में पहुंच सकती है लेकिन यह बेल्जियम के क्रोएशिया के खिलाफ मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। मोरक्को ने क्रोएशिया के खिलाफ गोलरहित ड्रा से शुरूआत की थी जिसके बाद उसने रोमेन साइस और जकारिया अबूखलाल के गोल की मदद से दूसरी रैंकिंग की बेल्जियम को 2-0 से हराकर उलटफेर किया।




# शरत कमल को खेल रत्न से सम्मानित किया गया



**भाषा।** नई दिल्ली

**टेबल** टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी अचंता शरत कमल को बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया।

शरत खेल रत्न हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे जबकि बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय, महिला मुक्केबाज निकहत जरीन, ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों एल्धोस पॉल और अविनाश साबले सहित 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक विशेष समारोह में पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खेलों के शीर्ष खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन पारंपरिक रूप से हर साल 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है लेकिन पिछले साल भी यह कार्यक्रम किसी अन्य तारीख पर आयोजित किया गया था। समारोह का मुख्य आकर्षण शरत थे जिन्होंने दरबार हॉल में मौजूद चुनिंदा गणमान्य व्यक्तियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपना खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त किया। खेल रत्न पिछले चार वर्षों की अवधि में एक खिलाड़ी को शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। इसमें 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, एक पदक और सम्मान पत्र दिया जाता है।

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेता

मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2022: अचंता शरत कमल।

**अर्जुन पुरस्कार:** सीमा पूनिया (एथलेटिक्स), एल्धोज पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश मुकुंद साबले (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एचएस प्रणय (बैडमिंटन), अमित (मुक्केबाजी), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), भक्ति प्रदीप कुलकर्णी (शतरंज), आर प्रज्ञानानंदा (शतरंज), दीप ग्रेस एक्का (हॉकी), सुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी सैकिया (लॉन बाउल), सागर कैलास ओवलकर (मल्लखंब), इलावेनिल वलारिवान (निशानेबाजी), ओमप्रकाश मिथरवाल (निशानेबाजी), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (भारोत्तोलन), अंशु (कुश्ती), सरिता (कुश्ती), परवीन (वुशु), मानसी गिरीशचंद्र जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरुण ढिल्लों (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल संजय पाटिल (पैरा तैराकी), जर्लिन अनिका जे (बधिर बैडमिंटन)।

**द्रोणाचार्य पुरस्कार 2022 नियमित श्रेणी:** जीवनजोत सिंह तेजा (तीरंदाजी), मोहम्मद अली कमर (मुक्केबाजी), सुमा सिद्धार्थ शिरूर (पैरा निशानेबाजी), सुजीत मान (कुश्ती)।

द्रोणाचार्य पुरस्कार लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी: दिनेश जवाहर लाड (क्रिकेट), बिमल प्रफुल्ल घोष (फुटबॉल), राज सिंह (कुश्ती)।

**लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए ध्यानचंद पुरस्कार 2022:** अश्विनी अकुंजी सी (एथलेटिक्स), धर्मवीर सिंह (हॉकी), बीसी सुरेश (कबड्डी), नीर बहादुर गुरुंग (पैरा एथलेटिक्स)।

**राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2022:** ट्रांसस्टेडिया एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, लद्दाख स्की एंड स्नोबोर्ड संघ।

**मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी 2022:** गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर।

**तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार:** नैना धाकड़ (थल साहस), शुभम धनंजय वनमाली (जल साहस), ग्रुप कैप्टन कुंवर भवानी सिंह सम्याल (लाइफ टाइम अचीवमेंट)।

GALGOTIAS
INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
(Approved by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India & Affiliated to AKTU)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION AGAINST VACANT SEATS FOR FOLLOWING PROGRAMS (2022-23)

MBA — Duration: 2 Years full time

**Eligibility:** Passed Bachelor Degree of minimum 3 years duration from any recognized Indian University; or its equivalent, recognized by A.I.U, securing minimum marks as prescribed by AICTE in the qualifying Examination.

**Applications are invited as per the following schedule:**

a) Last date for submitting the Application Form is **6th December, 2022.**
b) Date of publication of Merit List is **8th December, 2022.**
c) Last date for Admission to the candidate offered seat as per the Merit List is **12th December, 2022.**

For registration, submit a Demand Draft (DD) of Rs. 25000/- in favor of **"Galgotias Institute of Management & Technology"** payable at Delhi/Noida/Greater Noida.

- Admission strictly on merit as per AKTU norms.
- For successful candidates, Rs. 25000/- will be adjusted in their academic fee and for unsuccessful candidates, Rs. 1000/- will be deducted as registration fee and balance of Rs. 24000/- will be refunded.

**Note:** Pre-Registration for direct admission in Management / against Vacant seats on **'https://aktu.ac.in'** is mandatory.

For registration at campus, please contact
**Ms. Shilpi Chandra** - Director Admission.
GALGOTIAS INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
1, Knowledge Park, Phase-II, Greater Noida,
Gautam Budh Nagar, UP-201310.
**Contact No:** 91-7303382054, 7303382055, 7303382056
www.galgotiacollege.edu Ragging is Strictly Prohibited

GALGOTIAS
COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Approved by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India & Affiliated to AKTU)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION AGAINST VACANT SEATS FOR FOLLOWING PROGRAMS (2022-23)

B.TECH. — Duration: 4 Years

- Computer Science and Engineering *
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence)
- Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- Artificial Intelligence and Machine Learning
- Artificial Intelligence (AI) and Data Science
- Computer Science and Design
- Information Technology*
- Electronics & Communication Engineering*
- Mechanical Engineering*
- Civil Engineering*
- Electrical Engineering*
- Electrical and Electronics Engineering*

**Eligibility:** Passed 10+2 examination with Physics and Mathematics as compulsory subjects along with one of the Chemistry/Bio-Technology/Biology/Technical Vocational subject, securing minimum marks as prescribed by AICTE.

**Eligibility for Lateral Entry in B. Tech. 2nd Year:** Passed Minimum Three years / Two years (Lateral Entry) engineering diploma in the above branches recognized by Board of Technical Education/B.Sc. degree and passed 10+2 standard with mathematics as one of the subjects from any recognized university, securing minimum marks as prescribed by AICTE.

*NBA Accredited Course; Students who graduate in the accredited courses during the validity period of accredition will be deemed to have graduated with an NBA degree.

MBA — Duration: 2 Years

**Eligibility:** Passed Bachelor Degree of minimum 3 years duration from any recognized Indian University; or its equivalent, recognized by A.I.U, securing minimum marks as prescribed by AICTE in the qualifying Examination.

MCA — Duration: 2 Years

**Eligibility:** Passed BCA / B.Sc. (Computer Science) / B.Sc. (IT) or graduation degree (e.g.: B.Sc. / B.Com. / B.A. / B. Voc. / etc.) with Mathematics at 10+2 level or at Graduation level, securing minimum marks as prescribed by AICTE in the qualifying Examination.

**Applications are invited as per the following schedule:**

a) Last date for submitting the Application Form is **6th December, 2022.**
b) Date of publication of Merit List is **8th December, 2022.**
c) Last date for Admission to the candidate offered seat as per the Merit List is **12th December, 2022.**

For registration, submit a Demand Draft (DD) of Rs. 25000/- in favor of **"Galgotias College of Engineering & Technology"** payable at Delhi / Noida / Greater Noida.

- Admission strictly on merit as per AKTU norms.
- For successful candidates, Rs. 25000/- will be adjusted in their academic fee and for unsuccessful candidates, Rs. 1000/- will be deducted as registration fee and balance of Rs. 24000/- will be refunded.

**Note:** Pre-Registration for direct admission in Management / against Vacant seats on **'https://aktu.ac.in'** is mandatory.

For registration at campus, please contact
**Ms. Shilpi Chandra** - Director Admission.
GALGOTIAS COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
1, Knowledge Park, Phase-II, Greater Noida,
Gautam Budh Nagar, UP-201310.
**Contact No:** 91-7303382054, 7303382055, 7303382056
www.galgotiacollege.edu Ragging is Strictly Prohibited

GALGOTIAS
COLLEGE OF PHARMACY
(Approved by PCI, Ministry of Education, Govt. of India & Affiliated to AKTU/BTE)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION AGAINST VACANT SEATS FOR FOLLOWING PROGRAMS (2022-23)

B. Pharm. — Duration: 4 Years

**Eligibility:** Passed 10+2 examination or its equivalent with Physics and Chemistry as compulsory subjects along with one of the Mathematics/Biology subjects.

**Eligibility for Lateral Entry in B. Pharm. 2nd Year:** Passed 2/3 years Diploma in Pharmacy from an Institution located in U.P. with minimum 45% marks (40% for SC/ST)' OR whose parents are domicile of U.P. are eligible for admission to second year of B. Pharm.

D. Pharm. — Duration: 2 Years

**Eligibility:** Passed 10+2 examinations (science stream) with Physics, Chemistry and Biology or Mathematics or equivalent approved by the Pharmacy Council of India

**Applications are invited as per the following schedule:**

a) Last date for submitting the Application Form is **6th December, 2022.**
b) Date of publication of Merit List is **8th December, 2022.**
c) Last date for Admission to the candidate offered seat as per the Merit List is **12th December, 2022.**

For registration, submit a Demand Draft (DD) of Rs. 25000/- in favor of **"Galgotias College of Pharmacy"** payable at Delhi / Noida / Greater Noida.

- Admission strictly on merit as per AKTU norms.
- For successful candidates, Rs. 25000/- will be adjusted in their academic fee and for unsuccessful candidates, Rs. 1000/- will be deducted as registration fee and balance of Rs. 24000/- will be refunded.

**Note:** Pre-Registration for direct admission in Management / against Vacant seats on **'https://aktu.ac.in'** is mandatory

For registration at campus, please contact
**Ms. Shilpi Chandra** - Director Admission.
GALGOTIAS COLLEGE OF PHARMACY
1, Knowledge Park, Phase-II, Greater Noida,
Gautam Budh Nagar, UP-201310.
**Contact No:** 91-7303382054, 7303382055, 7303382056
www.galgotiacollege.edu Ragging is Strictly Prohibited